सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 115, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1006 अंकों की उछाल

निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सेंसेक्स में 1,006 अंक और निफ्टी में 289 अंकों की जोरदार तेजी दर्ज की गई। } 10

वैभव रघुवंशी ने आईपीएल में रचा इतिहास

राजस्थान रॉयल्स के सबसे युवा बल्लेबाज वैभव रघुवंशी ने ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए 35 बॉल पर 100 रन बनाकर इतिहास रच दिया। ऐसा करने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी बन गये हैं। } 11

फ्रांस से 26 राफेल और खरीदेगा भारत

विमानों की खरीद के लिए अंतरसरकारी समझौते पर हस्ताक्षर



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और फ्रांस ने सोमवार को भारतीय नौसेना के लिए लगभग 64,000 करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के 26 नौसैनिक संस्करण खरीदने के वास्ते एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते में राफेल विमान के ढांचे के लिए उत्पादन सुविधा स्थापित करने के साथ-साथ भारत में विमान के इंजन, सेंसर और हथियारों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहालिंग सुविधाओं की स्थापना का प्रावधान है। बयान में कहा गया कि इस समझौते से भारत में स्वदेशी हथियारों के एकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में भी मदद मिलेगी। इन विमानों की आपूर्ति 2030 तक पूरी हो जाएगी, जिसके चालक दल को फ्रांस और भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। फ्रांस की कंपनी दसॉ एविएशन द्वारा निर्मित, राफेल-मरीन लड़ाकू विमान समुद्री क्षेत्र में पूर्ण रूप से संचालन में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) द्वारा खरीद को मंजूरी दिए जाने के तीन सप्ताह बाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

राष्ट्रपति ने 71 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से नवाजा

पद्म पुरस्कार पाने वालों में पंकज उधास, शेखर कपूर, वायलिन वादक सुब्रमण्यम व आर. अश्विन शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुजुकी मोटर के पूर्व प्रमुख दिवंगत ओसामु सुजुकी, प्रसिद्ध गायक दिवंगत पंकज उधास, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी और तमिल दैनिक दिनामलार के प्रकाशक, लक्ष्मीपति रामसुब्बायर उन 71 प्रमुख हस्तियों में शामिल थे जिन्हें सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस साल 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक पुरस्कारों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री - के लिए नामित किया गया था।

इनमें से 71 लोगों को सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में ये पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि शेष को शीघ्र ही एक अलग समारोह में ये अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। वरिष्ठ अभिनेता एवं निर्देशक शेखर कपूर, क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन, हॉकी खिलाड़ी पी.आर. श्रीजेश, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डी. नागेश्वर रेड्डी, वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम और तेलुगु सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण, जिन्हें बलैया के नाम से भी जाना जाता है, अन्य प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में चार-सुजुकी (मरणोपरांत), सुब्रमण्यम, रेड्डी ...शेष पृष्ठ 10 पर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हॉकी खिलाड़ी पी.आर. श्रीजेश, ओडिशी नृत्य कलाकार दुर्गा चरन रनबीर, क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को पद्म पुरस्कार से किया सम्मानित

पाकिस्तान को सता रहा हमले का डर

पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा-पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है भारत

एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम हमले को सोमवार को 6 दिन हो गए। दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक हलचल नजर आ रही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से आसिफ ने कहा कि हमने अपनी सेना को मजबूत कर लिया है, क्योंकि अब हमला कभी भी हो सकता है। पाकिस्तान की सेना ने सरकार को संभावित भारतीय हमले के बारे में जानकारी दे दी है।

इस बीच, सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच पीएम आवास में 40 मिनट तक मीटिंग हुई। मीटिंग की डिटेल अभी नहीं आई है। उधर, आतंकी हमले के दो और वीडियो सामने आए हैं। इसमें फायरिंग की आवाज सुनाई दे रही हैं। लोग बचने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। एक युवक गिरता दिख रहा है। दूसरे में फायरिंग के दौरान पर्यटक बचने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। ये दोनों ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी से वापस भेजे गये सभी पाकिस्तानी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आए पाकिस्तानी नागरिकों को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर देश से बाहर कर दिया गया है। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश और पल-पल निगरानी का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर, प्रदेश में रह रहे लगभग सभी पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर कर दिया गया है। बयान के अनुसार अंतिम एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी द्वारा लगातार उस पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक निर्धारित समयसीमा से अधिक समय देश में न रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिलों में अल्पकालिक वीजा पर रह रहे लगभग सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि एलटीवी (दीर्घकालिक वीजा) के सम्बन्ध में मुख्यालय द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि जो पाकिस्तानी नागरिक जिले में एलटीवी पर हैं, वे ही यहां रह सकेंगे। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। बयान के मुताबिक, केंद्र सरकार के निर्देश के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। योगी ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रदेश में ...शेष पृष्ठ 10 पर

16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल को सरकार ने किया ब्लॉक

नयी दिल्ली। भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री के साथ-साथ झूठे एवं भ्रामक बयान प्रसारित करने के आरोप में 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल को ब्लॉक कर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह निर्णय जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर गृह मंत्रालय की सिफारिशों के बाद लिया गया। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। सरकार ने पहलगाम त्रासदी को लेकर अपनी रिपोर्टिंग में आतंकवादियों को चरमपंथी कहने पर बीबीसी को एक औपचारिक पत्र भी भेजा है। अधिकारियों ने कहा, गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर में पहलगाम की दुखद आतंकी घटना की पृष्ठभूमि में भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान तथा गलत सूचना प्रसारित करने के आरोप में ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

कृषि विभाग के दो अफसर निलंबित

लखनऊ। योगी सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए कृषि विभाग के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित किए गए अधिकारियों में नत्थू लाल गंगवार, प्रक्षेत्र प्रबंधक, राजकीय ऊसर सुधार प्रक्षेत्र-जैतपुर एवं कासिमाबाद, हरदोई तथा राम तेज यादव, प्रक्षेत्र प्रबंधक, राजकीय ऊसर सुधार प्रक्षेत्र, रहीमाबाद, लखनऊ शामिल हैं। नत्थू लाल गंगवार, प्रक्षेत्र प्रबंधक, राजकीय ऊसर सुधार प्रक्षेत्र-जैतपुर एवं कासिमाबाद, हरदोई को फसलों के उत्पादन के लिए शिथिल नियन्त्रण के कारण प्रक्षेत्र के उत्पादन तथा उत्पादकता के लाभ में कमी होने के कारण निलम्बित कर दिया गया है। जबकि श्री राम तेज यादव, प्रक्षेत्र प्रबंधक, राजकीय ऊसर सुधार प्रक्षेत्र, रहीमाबाद, लखनऊ सम्प्रति उप कृषि निदेशक (शोध) बाराबंकी को फसलों के उत्पादन के लिए शिथिल नियंत्रण के कारण प्रक्षेत्र के उत्पादन तथा उत्पादकता के लाभ में कमी ...शेष पृष्ठ 10 पर

नीट-यूजी परीक्षा की सुरक्षा और सख्त

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जिलाधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठकें कर रहा है कि आगामी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में किसी तरह की गड़बड़ी न हो। यह महत्वपूर्ण परीक्षा चार मई को निर्धारित है, जो देश भर में 550 से अधिक शहरों तथा 5,000 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पिछले वर्ष की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने सहित अनियमितताओं के बाद मंत्रालय एक पूरी तरह चाक चौबंद योजना पर काम कर रहा है। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा नीट-यूजी का सुचारू, निष्पक्ष और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ कई बैठकें की गई हैं।

कृष्ण जन्मभूमि मामलें में केंद्र व एएसआई होंगे पक्षकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में हिंदू वादियों को केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को पक्षकार बनाने की अनुमति देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय का आदेश प्रथम दृष्टया सही है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पांच मार्च 2025 को दो वाद में संशोधन की अनुमति दी थी तथा याचिकाकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्रालय और एएसआई को प्रतिवादी बनाने की अनुमति दी थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि वाद में संशोधन की अनुमति देने में प्रथम दृष्टया कुछ भी गलत नहीं है और संशोधित वाद पर जवाब दाखिल किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा



एक बात तो स्पष्ट है। हिंदू वादियों द्वारा मूल शिकायत (दो वाद) में संशोधन की अनुमति दी जानी चाहिए थी। पीठ ने हालांकि मथुरा की शाही मस्जिद ईदगाह न्यास प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई टाल दी और इसे इसी मामले से संबंधित अन्य लंबित मामलों के साथ संबद्ध कर दिया। मस्जिद समिति ने देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान का अदालत में प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त व्यक्ति और देवस्थान श्री कृष्ण जन्मभूमि तथा हरि शंकर जैन सहित नौ अन्य को पक्षकार बनाया है। मस्जिद समिति ने कहा कि संशोधन ने उन हिंदू वादियों द्वारा दायर मूल वाद के स्वरूप को मौलिक रूप से बदल दिया है, जिन्होंने शाही मस्जिद ईदगाह के स्थल पर अधिकार का दावा करते हुए इसे भगवान श्री कृष्ण का जन्मस्थान बताया था। समिति ने कहा कि एक ही संपत्ति के संबंध में विभिन्न वादियों की ओर से 15 से अधिक मुकदमे लंबित हैं, जिनमें अलग-अलग दावे किये गए हैं। समिति ने दलील दी कि संशोधन की अनुमति देने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश ने पहले से ही रिकॉर्ड में मौजूद उसके बचाव को कमजोर कर दिया और प्रभावी रूप से वादियों को एक नया मामला बनाने की अनुमति दे दी। याचिका में ...शेष पृष्ठ 10 पर

आतंकी हमले पर बयान को लेकर लविवि की प्रोफेसर को जारी किया गया नोटिस

लखनऊ। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. माद्री काकोटी की ओर से सोशल मीडिया पर टीका टिप्पणी की गयी और सरकार को घेरने का प्रयास किया गया। उनके विवादास्पद टिप्पणी के सामने आने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने सोमवार को जमकर हंगामा करते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसी बीच लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने असिस्टेंट प्रोफेसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि महिला प्रोफेसर की ओर से सामने आये बयान के बाद बीते शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में एबीवीपी के छात्रों ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्तराखंड की लाइफलाइन है चारधाम यात्रा

श्रद्धालु यात्रा नियमों का करें पालन : मुख्यमंत्री धामी

प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। चारधाम यात्रा उत्तराखंड की लाइफलाइन है। चारधाम यात्रा में प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए हर संभव प्रयास किए गए हैं। यह बातें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित धर्म संसद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

यह कार्यक्रम टिहरी जनपद में स्थित आस्था पथ, मुनि की रेती में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा चारधाम यात्रा आध्यात्मिक और धार्मिक यात्रा है, इसका मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए सभी से यात्रा के नियमों का पालन करने की अपेक्षा की। उन्होंने चारधाम यात्रा सुरक्षित और सुगम होने का आश्वासन देते हुए श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में यहां आने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है। उनके नेतृत्व में बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्य, बाबा केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण के कार्य एवं ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाइन के कार्य तेजी से हो रहे हैं। चमोली के सीमांत गांव माणा पहुंचकर उन्होंने हर सीमांत गांव को देश का पहले गांव की संज्ञा दी। माणा से ही उन्होंने पर्यटकों से अपील की थी कि वे अपने खर्चे के 05 प्रतिशत से स्थानीय उत्पादों को खरीदें। केदारनाथ में रात्रि प्रवास करने वाले मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा भी शुरू की गई है, ताकि सालभर श्रद्धालु और पर्यटक यहां आ सकें। प्रधानमंत्री ने उत्तरकाशी आगमन पर शीतकालीन ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	37.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- कामकाजी महिलाओं के बनेंगे श्रमजीवी छात्रावास (पृष्ठ-02)
- नंदी ने 1115 छात्र-छात्राओं को वितरित किया टैबलेट (पृष्ठ-02)
- शुल्क को लेकर भारत अधिक अनुकूल स्थिति में (पृष्ठ-10)
- रुपया 38 पैसे मजबूत होकर 85.03 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- 2028 तक बुलेट ट्रेन में यात्रा कर सकेंगे : फडणवीस (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

योगी को मिली थी 12.88 लाख करोड़ की इकॉनमी, बना दिया 27.51 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था

योगी ने यूपी को बना दिया रेवेन्यू सरप्लस स्टेट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आठ साल के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्र में जो करिश्मा कर दिखाया है, उसने पूरे देश को अचंभित कर दियाा है। 2017 में सत्ता संभालने के समय योगी को 12.88 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, जिसे उन्होंने बिना कोई नया टैक्स लगाए 27.51 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया।

इस वित्तीय वर्ष में योगी सरकार 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक की अर्थव्यवस्था बनाने के महत्वाकांक्षी मिशन पर तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कई मौकों पर इस बात का खुलासा भी किया है कि पिछली सरकारों में कैसे भ्रष्टाचार और लूट का बोलबाला था, जिसके चलते जनता की गाढ़ी कमाई कुछ लोग डकैतों की तरह लूट लेते थे। उस दौर में उत्तर प्रदेश सरकार के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने तक के लिए पैसे नहीं होते थे। योगी सरकार के सुशासन और पारदर्शी प्रशासन ने न केवल इस स्थिति को बदला, बल्कि यूपी को आर्थिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद अपने सतत प्रयासों से यूपी को बीमारू प्रदेश की पहचान से बाहर निकालने का सबसे अहम कार्य किया। आज उत्तर प्रदेश लगातार पांच साल से देश के ग्रोथ इंजन के रूप में पहचाना जा रहा है। यूपी बेशक आबादी के हिसाब से देश का सबसे बड़ा राज्य है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इसकी जीएसडीपी सन 1950 से लेकर 2017 तक केवल 12.75 लाख करोड़ ही पहुंच सकी। वहीं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद में दोगुने से अधिक की छलांग लगाते हुए इसे 27.51 लाख करोड़ तक पहुंचा दिया है। सरकार का लक्ष्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में इसे 30.77 लाख करोड़ तक पहुंचाने का है। जिस प्रदेश को कभी लोग उलटा प्रदेश कहकर चिढ़ाते थेए आज योगी आदित्यनाथ सरकार की मेहनत ने उसे देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत में दूसरे नंबर की आर्थिक ताकत बनाकर सबको चौंका दिया है। अहम बात ये है कि 2023-24 में भारत की जीडीपी में विकास दर 9.6 थी, जबकि इसी काल में उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत तक पहुंच गई। याद कीजिए 2017 से पहले का वक्त जब उत्तर प्रदेश सरकार अपने अधिकांश राज्य कर्मचारियों को समय से वेतन दे पाने में भी असमर्थ थी। तमाम ...शेष पृष्ठ 10 पर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

कौशांबी : मिट्टी का टीला ढहने से पांच की मौत

जिला संवाददाता

कौशांबी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मकान की लिपाई-पुताई के लिए मिट्टी खोदते समय अचानक मिट्टी का टीला ढह गया जिसमें दबकर दो किशोरियों सहित पांच महिलाओं की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोखराज थानाध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के टीकरडीह गांव की कुछ महिलाएं घर की लिपाई-पुताई के लिए मिट्टी खोदने गांव के बाहर एक टीले पर गई थी। उन्होंने बताया कि मिट्टी खोदते समय अचानक टीले का बड़ा हिस्सा ढह गया और वहां मौजूद सभी लोग उसमें दब गए। मिट्टी के ढेर में दबने से ममता (35) पत्नी अवधेश, ललिता (35) पत्नी राजेश, कछरही (70) पत्नी छोटे, उमा देवी (15) पुत्री मायादीन और खुशी (17) पुत्री मूलचंद की मौके पर ही मौत हो गई। मौर्य ने बताया कि मैना देवी पत्नी राजू, सपना पुत्री भारत और आदेश पुत्र छोटेलाल मिट्टी में दबाकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हाथ से मिट्टी हटानी शुरू की। इसके बाद जेसीबी मशीन बुलवाकर खुदाई शुरू की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

जगजीत हरियाणा और कपिलावे तेलंगाना के रालोद के बने प्रदेश अध्यक्ष

लखनऊ। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने जगजीत सिंह (पूर्व विधायक) को हरियाणा तथा कपिलावे दिलीप कुमार (पूर्व विधान परिषद सदस्य) को तेलंगाना राज्य का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने आशा की है कि इनके मनोनयन से तेलंगाना एवं हरियाणा में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा तथा रालोद के संगठन को मजबूती मिलेगी। यह जानकारी रालोद के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

महर्षि वेदव्यास की जन्मस्थली के होगा पर्यटन विकास

लखनऊ। पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद बांदा में विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों के विकास के लिए 1980.43 लाख रुपए की 06 परियोजनायें स्वीकृत की गयी है। जनपद बांदा एक ऐतिहासिक शहर है, यहां पर अनेक प्राचीन स्थल मौजूद हैं। यहां पर सालभर पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। पर्यटन विभाग प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों में बुनियादी सुविधायें सृजित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत जनपद बांदा के लिए 06 परियोजनायें मंजूर की गयी है।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत चन्दौरा विकासखंड नरेनी स्थित कारू बाबा भगवान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 108.90 लाख रुपए, ग्राम पंचायत लसड़ा बसधरी में स्थित ऋषि वेदव्यास की जन्मस्थली के पर्यटन विकास हेतु 127.08 लाख रुपए तथा जनपद बांदा की तहसील बबेरू के ब्लॉक कमसिन के ग्राम मुंडवारा में भादेबाबा स्थल के पर्यटन विकास के लिए 86.20 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जयवीर सिंह ने बताया कि बांदा में रनगढ़ किले की ओर जाने वाले पहुंच मार्ग का उच्चीकरण एवं स्ट्रीट फर्नीचर के कार्य के लिए 1516.07 लाख रुपए, ग्राम सोहाना गंछा विकासखंड बड़ोखर खुर्द व तहसील बांदा सदर में सिद्ध बाबा स्थान का पर्यटन विकास के लिए 92.30 लाख रुपये से होगा विकास।

निवेशकों और राज्य सरकार के बीच सेतु हैं उद्यमी मित्र : नंदी

मंत्री नंदगोपाल नंदी ने इन्वेस्ट यूपी की मासिक समीक्षा बैठक में उद्यमी मित्रों और जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किये

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी ने आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में अपनी मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता माननीय औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने की। सत्र में पिछले प्रदर्शन की समीक्षा, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक लक्ष्य निर्धारित करने और राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में निवेश में तेजी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

माननीय औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उत्तर प्रदेश को एक पसंदीदा निवेश गंतव्य में बदलने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराया। श्री नंदी ने भारत में सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक माहौल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें उद्यमी मित्र निवेशकों और राज्य सरकार के बीच सेतु का काम करते हैं। मंत्री ने प्रमुख सचिव आलोक कुमार और सीईओ विजय किरण आनंद के साथ उद्यमी मित्र पुस्तक का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पिछले आठ वर्षों में राज्य की उल्लेखनीय औद्योगिक प्रगति के बारे में विस्तार से बताया और प्रदेश में निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करके इस गति को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के माध्यम से अनुमोदन में देरी को समाप्त करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) को बढ़ाकर निवेश प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य सचिव ने जोर देकर कहा कि ऑनलाइन अनुमोदन में तेजी लाने और प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ सकता है। औद्योगिक भूमि की उपलब्धता के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करते हुए, मुख्य सचिव ने

सुझाव दिया कि इन्वेस्ट यूपी के सीईओ को नई औद्योगिक परियोजनाओं के लिए बंद मिलों, कारखानों और चीनी मिलों की भूमि की पहचान करने और उसका पुनः उपयोग करने के लिए एक समर्पित टीम बनानी चाहिए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्तर प्रदेश की निवेशक-अनुकूल राज्य के रूप में प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए भूमि संबंधी चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने समीक्षा बैठक आयोजित करने में इन्वेस्ट यूपी के प्रयासों की सराहना की और आगे के निवेश संबधि लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक कार्रवाई का आह्वान किया। अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य बनाने के लिए हितधारकों के बीच सहयोग बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत किया। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद ने समीक्षा बैठक के एजेंडे की रूपरेखा प्रस्तुत की और आगामी वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारण की शुरूआत की। एक संरचित और रणनीतिक दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, निवेश को आकर्षित करने के लिए समन्वय महत्वपूर्ण है।

टीमवर्क का मतलब सिर्फ एक साथ काम करना नहीं है इसका मतलब है एक साथ बढ़ना, एक-दूसरे से सीखना और खुद से बड़ा कुछ बनाना। मुख्यमंत्री के सचिव सूर्य पाल गंगवार ने जिला स्तरीय निवेश प्रोत्साहन तंत्र को मजबूत करने पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इससे पहले सत्र में, इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री प्रथमेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें निवेश प्रक्रिया में शामिल सभी हितधारकों-उद्यमी मित्रों से लेकर जिला उद्योग केंद्रों (डीआईसी) के बीच निर्बाध समन्वय के महत्व पर जोर दिया गया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) टीम ने निवेश मित्र पोर्टल पर अपडेट प्रदर्शित किए-भारत का सबसे बड़ा सिंगल-विंडो क्लीयरेंस प्लेटफॉर्म, जो वर्तमान में 40 विभागों में 500 से अधिक सेवाएं प्रदान करता है। निवेश मित्र 3.0 के आगामी उन्नयन पर चर्चा की गई, जो इस कैलेंडर वर्ष के अंत तक रोलआउट के लिए लक्षित एक ही मंच पर इंटेंट फाइलिंग, क्लीयरेंस अनुमोदन, भूमि उपलब्धता, प्रोत्साहन वितरण और शिकायत निवारण जैसी सुविधाओं को एकीकृत करेगा। शाम के सत्र में, इस्कॉन के उपाध्यक्ष स्वामी दीनदयाल कृष्ण दास ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास पर प्रेरक अंतर्दृष्टि साझा की, प्रतिभागियों को अनुग्रह और लचीलेपन के साथ प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। बैठक के समापन पर इन्वेस्ट यूपी के सीईओ ने जोर देकर कहा कि उद्यमी मित्रों और जीएम-डीआईसी अधिकारियों को अपने मासिक और वार्षिक भूमि और निवेश प्रोत्साहन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगन से काम करना होगा।

नंदी ने 1115 छात्र-छात्राओं को वितरित किया टैबलेट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण टैबलेट-स्मार्टफोन योजना के तहत सोमवार को यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नैनी प्रयागराज में आयोजित टैबलेट वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने यूनाइटेड ग्रुप और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी के प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरित किया। दोनों ही संस्थाओं के 1115 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया गया। मंत्री नन्दी ने यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के इंजीनियरिंग और फार्मेसी एवं राजकीय आईटीआई, नैनी प्रयागराज के छात्रों को टैबलेट वितरित किए।औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नौकरी व रोजगार मिले, उनका कौशल विकास हो तथा वे तकनीकी दृष्टि से सक्षम बन सकें, इसके लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा निरंतर प्रयास हो रहे हैं। युवाओं को सशक्त एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हमारी सरकार टैबलेट व स्मार्टफोन प्रदान कर रही है।

अनिल दुबे ने लखीमपुर में शुरू किया सदस्यता अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे द्वारा पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारम्भ लखीमपुर में किया गया। सदस्यता अभियान समारोह से पूर्व अनिल दुबे ने भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गयी।

उसके बाद उन्होंने जिलाध्यक्ष सीमाब अहमद (चांद मियां) प्रदेश महासचिव ज्योति प्रसाद अग्रवाल क्षेत्रीय महामंत्री शिव प्रसाद द्विवेदी प्रेमा देवी को सदस्यता ग्रहण करायी। अनिल दुबे ने कहा कि पार्टी द्वारा 14 अप्रैल से 15 अक्टूबर तक सघन सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक पार्टी संगठन का चुनाव सम्पन्न होगा। अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अम्बेडकर जयंती से सदस्यता अभियान शुरू करने की घोषणा की है उसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। रालोद बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, चौधरी चरण सिंह, चौधरी अजित सिंह, सरदार पटेल के विचारों पर चलने वाला दल है क्योंकि सभी ने सामाजिक समरसता व हर वर्ग के शोषित वंचित तबकों के लिए आजीवन संघर्ष किया। अनिल दुबे ने कहा कि रालोद किसी भी कीमत पर सामाजिक ताने बाने को बिगड़ने नहीं देगा। किसानों तथा समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ रालोद खड़ा है। उनके हितों और हकों की लड़ाई के लिए संघर्ष करता रहेगा। पत्रकारों से बातचीत मे कहा कि दुकानों पर नाम लिखे जाने एवं सड़क पर नमाज न अदा किये जाने के जिला प्रशासन के फैसले का विरोध सबसे पहले राष्ट्रीय लोकदल ने किया। उन्होंने कहा कि जो काम कांग्रेस पिछले 40 वर्षों में नहीं कर पायी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर वह काम कर देश के किसानों को सम्मान दिया। अनिल दुबे ने राहुल मिश्रा, आदित्य मिश्रा, हमजा खान, श्रवण कुमार मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डे, जीतू शुक्ला, इकलाख अहमद खान, आदिल खान, वहीद खान, गुरमीत सिंह, बख्शीश सिंह, मंजीत सिंह, सुआल, रेणु सिंह, मधु गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों को सदस्यता ग्रहण करायी। सदस्यता समारोह को रालोद के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान, ज्योति प्रसाद अग्रवाल, अफसर अली, शिव प्रसाद द्विवेदी, प्रेमा देवी, सरोज दीक्षित, आशीष मिश्रा ने संबोधित किया।

कामकाजी महिलाओं के बनेंगे इसी साल अत्याधुनिक 15 श्रमजीवी महिला छात्रावास

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू की गई योजनाओं के तहत प्रदेश में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सस्ती आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। केंद्र व राज्य की सहायता से प्रदेश में कुल 15 श्रमजीवी छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि इसी वित्तीय वर्ष में इन छात्रावासों का कार्य पूर्ण करा लिया जाए। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'श्रमजीवी महिला छात्रावास' योजना भारत सरकार के पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता कार्यक्रम के तहत लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत लखनऊ, गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में कुल आठ अत्याधुनिक महिला छात्रावासों का निर्माण किया जा रहा हैए प्रत्येक की क्षमता 500 महिलाओं की होगी।

सभी भवनों में सुरक्षा के मानकों के अनुरूप कैमरे, सुरक्षा गार्ड,

- **लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद समेत 10 जिलों में बन रहे 500-500 क्षमता के 15 छात्रावास**

अग्निशमन यंत्र, शिशु सदन (क्रेच), जनरेटर/इनवर्टर, जिम सेंटर, ऑडिटोरियम, लॉन्ड्री सुविधा, वाहन पार्किंग, पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन के लिए वाहन, कैन्टीन और डिपार्टमेंटल स्टोर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, मिशन शक्ति की गाइडलाइन के अनुसार वार्डेन, सुरक्षा स्टाफ, हाउसकीपिंग स्टाफ सहित आवश्यक कार्मिकों की भी तैनाती की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन छात्रावासों के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि का 1 रुपये वार्षिक लीज पर हस्तांतरण का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए अपने स्तर पर भी 'मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना' शुरू की हैए जो शत-प्रतिशत राज्य वित्त पोषित है। इस योजना के तहत वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झांसी और आगरा में 500-500 की क्षमता वाले सात श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 170 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह परियोजना न केवल कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सस्ती आवासीय सुविधा उपलब्ध कराएगी, बल्कि उनके बच्चों के पालन-पोषण तथा संपूर्ण जीवन शैली में भी सुधार लाएगी।

विपक्ष लगातार झूठ और भ्रम फैला रहा है: धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

प्रतापगढ़/लखनऊ। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सोमवार को प्रतापगढ़ में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में कहा कि विपक्ष लगातार झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है। जाति व वर्ग के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैला रहा है। हमें लोगों के बीच में जाकर

- **भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन ने प्रतापगढ़ में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम पर विपक्ष पर साधा निशाना**

विपक्ष के द्वारा फैलाये जा रहे झूठ और भ्रम को समाप्त करना है तथा सभी को भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक पूर्व पदाधिकारी को संगठन के कार्यो से जोड़ना है तथा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की संगठनात्मक कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित व

परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा का विजय परचम पूरे देश में फहरा रहा है।

धर्मपाल सिंह प्रतापगढ़ के जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों से संवाद कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के पूर्व, निवर्तमान तथा वर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक को भी संबोधित किया और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में लगातार उन विधानसभाओं के मंडल अध्यक्षों व शक्ति केन्द्र संयोजकों के साथ बैठक कर रहे है जहां पिछले चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता नही मिल सकी।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस व सपा ने हमेशा अनुसूचित जाति को ठगने का और छलने का काम किया। डॉ भीमराव अम्बेडकर का विरोध करने वाली कांग्रेस और उनका अपमान करने वाली सपा का सच लेकर हमें अनुसूचित जाति वर्ग के बीच पहुंचकर चर्चा करना है। मुस्लिम तुष्टीकरण वाली सपा व कांग्रेस के शासन में मां, बहन, बेटियां असुरक्षित थी। गुण्डों, शौहदों, माफियाओं को सपा सरकार में सरकारी संरक्षण प्राप्त था। आज बदले हुए परिवेश में भाजपा सरकार ने सबका सम्मान सुनिश्चित किया है। मां, बहन, बेटियों की सुरक्षा की गारंटी, भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आर्थिक व सामाजिक सम्पन्नता के साथ आगे बढ़ते अनुसूचित वर्ग, विकसित भारत के संकल्प से सबके विकास की आधारशिला से आर्थिक व सामरिक रूप से मजबूत भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। विपक्ष के पास कोई ऐंजेंडा नहीं है, विकास का विजन नहीं है इसलिए वह झूठ के ऐंजेंडे पर बढ़ते हुए सिर्फ अफवाहों और झूठ को फैलाने का काम कर रहे है लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता विपक्ष के हर षड़यंत्र को विफल करते हुए 2027 में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनायेंगे।

पीडीए पर चुन-चुनकर हमला हो रहा है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आधी आबादी, आदिवासियों) पर चुन-चुनकर हमला हो रहा है। भाजपा सरकार में कुछ लोगों को खुली छूट हैं, वे खुलेआम

- **सपा अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में कहा, सांसद रामजीलाल सुमन पर हमला डराने के लिए हुआ**

कनून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे है। उनमें कानून का डर नहीं है क्योंकि सत्ता में ऊपर से लेकर नीचे तक पदों पर उन्हीं के सजातीय लोग बैठे है। इनको सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। प्रयागराज में दलित समाज के व्यक्ति को जिन्दा जला दिया गया।

वाराणसी में पटेल समाज के छात्र को गोली मारी गयी, जौनपुर में मौर्य समाज के नौजवान की पीट-पीटकर हत्या हुई, आजमगढ़ में सरोज जाति के

नौजवान को जय भीम का नारा लगाने के कारण मार दिया गया। रामपुर में दलित मूक बधिर बच्ची के साथ बलात्कार हुआ। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अराजकता का माहौल है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन पर हमला इसलिए हुआ क्योंकि वह दलितों को कुचलने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए बुलंदशहर के सुनहरा गांव जा रहे थे, जहां सत्ता के सजातीयों ने दलितों को कई बार बेरहमी से रौंदा था, उसमें एक दलित महिला की मौत हो गयी थी। कई लोग बेरहमी से कुचले गये थे। रामजी लाल सुमन पर किया गया हमला सरकार और कानून व्यवस्था को चुनौती है। उन्होंने कहा कि रामजी लाल सुमन पर हमला डराने के लिए हुआ है। हमलावरों को सरकार और डीजीपी का सपोर्ट है। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी लोग न हमले से डरने वाले है और न किसी के डराने से डरने वाले है। जो लोग हमें या रामजीलाल सुमन को धमकी दे रहे है। वे हमको नहीं मुख्यमंत्री, डीजीपी और वर्दी वालों को चुनौती दे रहे है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे हैं। हम लोग कानून, संविधान और लोकतंत्र को मानने वाले लोग हैं, जो हमें चुनौती दे रहे हैं, वे खुलेमन से आये बात कर लें। खुलकर चर्चा कर ले। हम खुलेमन से बात करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों की लड़ाई आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए है। सपा यूपी से भाजपा का सफाया करेगी। जिस दिन हम लोग सामाजिक न्याय के राज की स्थापना में कामयाब हो जायेंगे, उसी समय बहुत सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल है कि आतंकवादी यहां कैसे आ गए?

विकसित भारत के लिए एक-एक इंच कृषि भूमि का करें उपयोग : केशव

उपमुख्यमंत्री ने औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में प्रगतिशील किसानों एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों को किया सम्मानित

-यूपी के अधिकांश क्षेत्रफल पर औद्यानिक खेती होगी तो प्रदेश, देश मे सबसे अधिक सम्पन्न प्रदेश होगा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हम सबको कृषि योग्य एक-एक इंच जमीन का उपयोग करना है। सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उनके विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विकसित भारत की नींव को मजबूत करने में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को औद्यानिक खेती करने मे उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रगतिशील किसानों एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में सम्मानित कर रहे थे। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वह परम्परागत खेती के साथ अधिक से अधिक औद्यानिक खेती को बढ़ावा दें। प्रगतिशील किसान अपने आस-पास के किसानों को फल-फूल, औषधियों व सब्जियों की खेती करने व बागवानी के लिए प्रेरित करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में हर क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। यूपी के अधिकांश क्षेत्रफल पर औद्यानिक खेती होगी, तो प्रदेश, देश मे सबसे अधिक सम्पन्न प्रदेश होगा। आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के विजन को मूर्तरूप देने के लिए खेती की आधुनिक व वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समृद्ध व शक्तिशाली बनाने के लिए फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में स्वयं सहायता की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य, उद्योग, उन्नयन योजना में प्रदेश के हर जिले में

एक हजार यूनिट स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबके लिए गौरव की बात है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने अपनी स्वर्णिम यात्रा के 50 वर्ष पूरे किये हैं। इस 50 वर्ष की यात्रा में विभाग ने तमाम उतार चढ़ाव के बीच ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। परम्परागत खेती से आगे बढ़कर प्रदेश में औद्यानिक खेती को बढ़ावा दिया गया हैए आज फसलों/उत्पादों को प्रसंस्कृत करके मार्केट में भेजा जा रहा है और मार्केट में डिमांड भी बढ़ी है। तमाम औद्यानिक उत्पादों के निर्यात के साथ प्रसंस्कृत पदार्थों का भी बड़ी मात्रा में निर्यात किया जा रहा हैए इस क्षेत्र में काम करने व रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की नयी नीति बनायी गयी है, जिसमें उद्यमियों के लिए बड़ी मात्रा में अनुदान व अन्य सहूलियतें दिये जाने का प्राविधान किया गया है। उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति देश की सबसे अच्छी नीति है। उद्यमी व किसान इस नीति का भरपूर लाभ उठाएं। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश कि स्ट्राइक रेट देश में सबसे टाप पर है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से समूहों की दीदियों को जोड़ा जा रहा है, महिलाओं की आमदनी बढ़ाने व उन्हें स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। कॉमन इनक्यूबेशन सेंटरों के माध्यम से भी महिलाओं के क्रियाकलापों को मूर्तरूप देने में मदद मिलेगी। कॉमन इनक्यूबेशन सेंटर शीघ्र ही संचालित किये जाने की व्यवस्था की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि औद्यानिक खेती के लिए किसान पूरी इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ें, सरकार उनके साथ खड़ी है। गोष्ठी के अवसर पर विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें सचिव खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय भारत सरकार सुब्रत गुप्ता, अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा, एनबीआरआई के निदेशक अजीत कुमार सासनी, पूर्व निदेशक उद्यान डॉ. आरके तोमर, पूर्व निदेशक उद्यान एवं केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान डॉ. आरके पाठक सहित अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में सेवानिवृत्त अधिकारियों में डॉ. आरके पाठक, डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. आरके तोमर, राजेश प्रसाद, डॉ. आरपी सिंह, हरिनाम वर्मा एवं संतराम सहित 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जाये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने आज यहां लखनऊ स्थित निदेशालय सभागार में मत्स्य विभाग की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उप्र को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और मछुआ समुदाय का सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं तथा सहकारी समितियों के गठन की समीक्षा की।

डॉ. निषाद ने कहा कि उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष की धनराशि का मछुआ पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, पोखरों की संख्या में वृद्धि की जाय। मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रो एवं मत्स्य दुकानों की संख्या में वृद्धि की जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में मत्स्य विभाग द्वारा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाय।

मत्स्य विकास मंत्री डा. संजय निषाद ने कहा कि मत्स्य क्षेत्र के भूमिहीन मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी लाभान्वित कराया गया है। उन्होंने मत्स्य क्षेत्र के सभी भूमिहीन मछुआरों को केसीसी के माध्यम से ऋण मुहैया कराने हेतु दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना में और तेजी लाई जाए। डा0 निषाद ने कहा कि मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश में संचालित नयी योजना यथा-मत्स्य पालक कल्याण कोश, निषादराज बोट योजना तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाया जाए। मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित सभी योजनाओं को युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए।

संक्षेप

चार पर मारपीट का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट गालीगलौज की घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बलभद्र का पुरवा विरसिंहपुर गांव निवासिनी ओमपति पत्नी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर चौबीस अप्रैल को करीब साढ़े पांच बजे पक्कवा भटनी गांव के महंतलाल व उनकी पत्नी मिन्तन तथा केदौरा गांव के जग्गा व उनकी पत्नी राजकुमारी एकराय होकर हाथ में लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोपीगण गालीगलौज करते हुए घर में घुसकर पीड़िता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, चार पर केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सांगीपुर वार्ड निवासी शारदा प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र गया प्रसाद विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बाइस अप्रैल की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वार्ड के ही बबलू व निखिल विश्वकर्मा पुत्रगण राजेन्द्र विश्वकर्मा ने उसे जमीन पर घसीटते हुए मारापीटा। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना से पीड़ित व उसका परिवार डरा सहमा है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

शादी का झांसा देकर किशोरी के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। शादी का झांसा देकर किशोरी का अपहरण किये जाने को लेकर उदयपुर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित का आरोप है कि शादी का झांसा देकर गांव का ही आरोपी धर्मेन्द्र यादव उर्फ हब्बू पुत्र रामजियावन यादव उसकी सत्रह वर्षीया किशोरी को अगवा कर ले गया। पीड़ित ने पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका भी जतायी है। एसओ राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

युवती के अपहरण व धमकी को लेकर तीन पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। युवती के अपहरण तथा पूछताछ करने पर आरोपी परिवार द्वारा गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि छब्बीस अप्रैल को करीब पांच बजे उसकी बीस वर्षीया पुत्री को गांव का ही युवक सूरज पुत्र पप्पू गौड़ शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पीड़िता ने जानकारी होने पर आरोपी के पिता पप्पू गौड़ व मां निर्मला देवी से इस बाबत पूछताछ की तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए धमकी दी तथा मारपीट पर अमादा हो गये। एसओ राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीएसी जवान जख्मी

सिद्धार्थनगर। जिले के बॉर्डर के करीब मोहाना थाना क्षेत्र के झंगटी गांव में सोमवार सुबह संतरी ड्यूटी कर रहे 26 वीं वाहिनी पीएसी जवान की आकाशीय बिजली गिरने से व चपेट में आ जाने की वजह से पीएसी जवान की वर्दी जल तो गयी पर , जवान को झटके लगने की वजह से चोटें भी आईं, जवान को संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया , घायल का नाम विजय पटेल पुत्र वीरेंद्र पटेल बताया जा रहा है।

महिला व उसकी बेटी से दुर्व्यवहार, मामला दर्ज

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव झलौखर में एक महिला और उसकी बेटी के साथ दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता किरन पत्नी मनोज कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 26 अप्रैल की रात करीब साढ़े नौ बजे मोहित पुत्र राजेश अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उनके घर आया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उनके फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मोहित व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अवैध मदरसों पर कार्रवाई, 32 बंद

जिला संवाददाता (vol)

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में बिना मान्यता संचालित मदरसों के खिलाफ तीसरे दिन भी सख्त कार्रवाई जारी रही। आज हुई कार्रवाई के दौरान भिनगा, जमुनहा तथा इकौना तहसीलों में कई अवैध मदरसों को बंद कराया गया। तहसील भिनगा क्षेत्र में मदरसा अहले सुन्नत गुलशने रजा हरिहरपुररानी, मदरसा अरबिया अहले सुन्नत समसुल उलूम मेड़किया, मदरसा गाजिया गुलशन रजा फाउंडेशन बढ़ईपुरवा शाहपुर पूरे शिवदीन और मदरसा यतीम खाना गुलसाने रजा भरथा कला को वैध मान्यता से संबंधित कागजात प्रस्तुत न कर पाने के कारण बंद कर दिया गया। वहीं तहसील जमुनहा के अंतर्गत मदरसा इस्लामिया दारूल उलूम मन्तुरी फत्तेहपुर बनगई, मदरसा रिजविया अनवारुल कुरान कथरा बाजार दा0 कथरामाफी, मदरसा नूरिया कमरूल उलूम भगवानपुर भैसाही, मदरसा जामिया अरबिया इस्लामिया गौसुलवरा मैकूपुरवा भगवानपुर भैसाही, मदरसा इस्लामिया अरबिया बाबुल फुर्कान भगवानपुर भैसाही एवं मदरसा नूरिया इस्लामिया तालिमुल कुरआन कुण्डा को भी बिना वैध दस्तावेजों के संचालन के आरोप में बंद किया गया। तहसील इकौना में मदरसा अरबिया फैजने मुस्तफा नरपतपुर इकौना, अवैध मदरसा पूरे मंशाराम एवं मदरसा महबूबे सुभाहानी पूरे मंशाराम को भी इसी आधार पर बंद कर दिया गया। अब तक की गई कार्रवाई में तहसील भिनगा में 14, जमुनहा में 13 तथा इकौना में 5 मदरसों को बंद कराया जा चुका है। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पन्न कराई गई। इसके अलावा, भारत-नेपाल सीमा के 15 किलोमीटर दायरे में सरकारी भूमि पर किए गए स्थायी व अस्थायी अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु भी कार्रवाई की जा रही है। आज तहसील जमुनहा के दो तथा भिनगा के छह रकबों पर राजस्व वाद की धारा 67 के तहत अतिक्रमण हटाया गया। इस प्रकार अब तक जिले में कुल 127 रकबों से अवैध कब्जे हटाए जा चुके हैं। प्रशासन की यह कार्रवाई जिले में कानून व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

किशोर डूबा, कई घंटे बाद मिला शव

जसवंतनगर, इटावा। थाना बलरई क्षेत्र से गुजरने वाली भोगनीपुर गंग नहर से निकली खारझा झाल में रविवार को दोपहर 12 बजे नहाते समय एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। नगला डम्बर धनुआ गाँव का रहने वाला 17 वर्षीय कक्षा 11 का छात्र जयप्रताप उर्फ अंशुल पुत्र बंसी मोहन अपने दोस्तों के साथ गाँव से करीब 18 किलोमीटर दूर पीहरपुर गाँव और ब्रह्माणी देवी मंदिर के बीच स्थित खारझा झाल में नहाने गया था।

बताते है कि नहाते समय वह झाल के आठवें कुंड में छलांग लगा बैठा, जिसकी गहराई 35 से 40 फीट थी। तेज पानी के दबाव और भंवर के कारण अंशुल गहराई में फंसकर डूब गया। उसके साथ नहा रहे दोस्तों ने आसपास के लोगों से कहा तथा ग्रामीणों ने इसकी सूचना बलरई पुलिस को दी। सीओ आयुषी सिंह ने बताया कि किशोर की तलाश में हर संभव प्रयास किया गया।

पुलिस का ऑपरेशन कवच के नए आयाम

बलरामपुर। ऑपरेशन कवच के अन्तर्गत इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे हुए गाँवों में संदिग्ध/अवैध गतिविधियों को रोकथाम हेतु ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ जागरूकता बैठक हुई। थाना हरैय्या व थाना पुलिस टीम द्वारा जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर के गांव में पैदल गस्त किया गया। दुर्विजय सिंह व थाना हरैय्या पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन कवच के अन्तर्गत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए, थाना हरैय्या क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेलवा, महमूदनगर ,लखौरी के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस बैठक में ग्राम सुरक्षा समिति, संभ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके । तत्पश्चात पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से बॉर्डर से सटे गांव में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

डीएम ने किया पंचायत भवन और इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण

- जांच में मानक विहीन मिला इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य, ग्राम सचिव सतीश को सस्पेंड किए जाने के निर्देश



सिद्धार्थनगर । जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 ने विकास खण्ड खेसरहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भकहा के पंचायत भवन इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य अन्नपूर्णा भवन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा ग्राम पंचायत में कराये जा रहे कार्यो की पत्रावली को देखा गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा सामुदायिक शौचालय कंचनपुर का निरीक्षण किया गया तथा निर्देश दिया कि सामुदायिक शौचालय समय से खुले और ज्यादा से ज्यादा गांव के लोग इसका इस्तेमाल करें। नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा द्वारा कराये गये इंटरलाकिंग कार्य नरेश के घर से जग्गा के घर तक तथा केवला देवी के घर से प्राथमिक विद्यालय तक इंटरलाकिंग सड़क को खुदवाकर देखा गया। दोनों इंटरलाकिंग सड़क मानक के अनुरूप नहीं पाया गया, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये ग्राम पंचायत सचिव सतीश कुमार को सस्पेन्ड करने का निर्देश दिया तथा एक सप्ताह के अन्दर दोबारा इंटरलाकिंग सड़क को बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को शीघ्र अन्नपूर्णा भवन को जिला पूर्ति अधिकारी को हैण्डओवर कराने का निर्देश दिया, जिससे अगली बार राशन का वितरण अन्नपूर्णा भवन से किया जाये। इसके पश्चात उचित दर राशन की दुकान का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ई-पास मशीन व स्टाक रजिस्टर का मिलान किया गया। जिलाधिकारी ने कोटेदार को लाभार्थियों को पूरा व सही मात्रा में राशन का वितरण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ खण्ड विकास अधिकारी खेसरहा व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ईओ के साथ फोन पर हुई अभद्रता व धमकी को लेकर केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने नगर पंचायत के ईओ के साथ फोन पर की गई अभद्रता व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रयागराज जिले के देवप्रयागम झलवा धूमनगंज निवासी अभयरंजन पुत्र दयाराम यहां नपं लालगंज में ईओ के पद पर तैनात है। ईओ अभयरंजन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नगर पंचायत के सफाई विभाग में ठेका कर्मचारियों के रूप में चालक पद पर तैनात वृंदावन पाण्डेय ने बीते माह काम छोड़ दिया है। इस पर उन्होनें उसका कार्यालय में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया था। पीड़ित ईओ का आरोप है कि पचीस अप्रैल को आरोपी वृंदावन ने उससे फोन पर आपत्तिजनक वार्ता की और अभद्रता करते हुए जानलेवा धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी ने फोन पर कहा कि नगर पंचायत कार्यालय उसकी जमीन पर बना है। वह उसमें किसी को बैठने नहीं देगा। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि अधिशाषी अधिकारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ शनिवार की शाम मुकदमा दर्ज किया गया है।

अधिकारी बदल गये पट्टिकाओं पर वही पुराने नाम

जिला संवाददाता (vol)

- जिले में अभी डीएम अरविंद सिंह, सीडीओ संजीव कुमार , बीएसए कल्पना देवी का है कार्य काल

बलरामपुर। मिश्रौलिया फतेह जोत के परिषदीय कंपोजिट विद्यालय में लगी अधिकारियों के नाम पद की प्रदर्शित पट्टीका पर विश्वास किया जाए तो आज की तारीख में जनपद में डी. एम. अरविंद सिंह, सीडीओ संजीव कुमार मौर्या तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी कार्यरत हैं। शायद इस स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ो छात्राओं को भी यही पता हो। हो क्यों न क्योंकि स्कूल में जितनी शिक्षिकाएं शिक्षक हैं उनके भी नाम पट्टीका में लिखे हैं। इसलिए बच्चों को प्रदर्शित पट्टिका पर भरोसा करना जायज है। यदि कोई उनसे डीएम, सीडीओ और बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम के बारे में जानना चाहे तो उनका उत्तर भी वेशक यही होगा जो पट्टीका पर अंकित है।

गौर तलब है कि विद्यालय के कितने जागरूक हैं गुरुजन और शिक्षा विभाग के अधिकारी, जिन्हें प्रदर्शित पट्टीका मुंह चढ़ा रही है। स्कूल के प्रदर्शित पट्टीका में जिन तीनों अधिकारियों के नाम प्रदर्शित किया जा रहे हैं उनके तबादले पिछले वर्ष ही अन्य जनपद के लिए हो गए हैं और वह वहां अपने पद का नियुक्ति स्थान पर दायुक्तों निर्वहन भी कर रहें होंगे। जबकि वर्तमान समय में जिले में जिला अधिकारी पवन कुमार अग्रवाल मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला को जिले की यथा पद अनुरूप कमान सम्हाल रहें हैं। बावजूद इसके पट्टीका के अनुसार अभी तक जनपद में वर्तमान समय में कार्य कर रहे जिले की कमान संभाल रहे इन अधिकारियों का वजूद तो स्कूल के पट्टीका के अनुसार जिले में है ही नही है। इस संबंध में जब प्रधानाअध्यापिका शिप्रा यादव से बात की गई तो उन्होंने बहुत खूबसूरत ढंग से जवाब दिया कि पेंटर से कहा गया था।

लेकिन अभी वह यहां समय नहीं दे पाया है। इस सवाल पर की 1 वर्ष से ज्यादा समय में पेंटर यहां नहीं आ पाया ?तो उसका उन्होंने कोई जवाब देने की अपेक्षा चुप रहना वाजिब समझा। कितने ताज्जुब की बात है कि लबे रोड पर स्कूल होने के बावजूद भी यहां शिक्षा विभाग का कोई अधिकारी जिला स्कूल में बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता परखने के लिए आने से नजरन्दाज करते रहे या फिर यह देखकर भी हुए इस गलती पर भी खामोश रहे। खंड शिक्षा अधिकारी तो निरंतर विद्यालयों का निरीक्षण करते रहते हैं।लेकिन उन्होंने इस गलती को सुधारने के लिए शिक्षकों को कोई आदेश निर्देश दे कर गलती का दुरुस्ती करण कराया।

पट्टिका में शीघ्र परिवर्तन करा दूंगा: शुभम शुक्ला

संवाददाता के इस सवाल पर कि फत्ते पुर मिश्रौलिया के विद्यालय में जो अधिकारियों के नाम की पट्टीका प्रदर्शित की जा रही है उनके अनुसार वर्तमान समय में विद्यालय तंत्र आपको न बीएसए मानता है न पवन कुमार अग्रवाल को डीएम और न ही हिमांशु गुप्ता को जिले का सीडीओ । इस संबंध में आपका क्या कहना है। तो बीएसए श्री शुक्ला ने कहा कि पट्टीका को शीघ्र सही करा दिया जाएगा।

पहलगाम हमले पर की गयी पोस्ट पड़ी भारी, पुलिस ने आरोपी का किया चालान

प्रतापगढ़। जम्मू कश्मीर के पहलगाम घटना को लेकर एक आरोपी द्वारा इंटरनेट मीडिया पर की गयी पोस्ट उसे भारी पड़ी। पोस्ट को लेकर लोगों में आक्रोश भी पनप उठा दिखा। इस मामले में सनातन सेना के आक्रोशित कार्यकताओं ने सांगीपुर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठायी। मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कडी पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। सांगीपुर इलाके में रविवार को इंटरनेट मीडिया पर पहलगाम घटना से जुड़ी एक पोस्ट को लेकर आक्रोश पनप उठा। सनातन सेना के कार्यकताओं आलोक सिंह, अतुल मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, अटल सिंह, अंकुर सिंह, राहुल सिंह आदि ने सांगीपुर थाने पहुंचकर एसओ को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि आरोपी सीएचसी सांगीपुर में कर्मचारी भी है। कार्यकताओं की ओर से कहा गया है कि उसके द्वारा इंटरनेट मीडिया पर की गयी पोस्ट से धार्मिक उन्माद बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। आक्रोश देख पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि हिरासत में लिया गया आरोपी मो. उमर सीएचसी सांगीपुर में कर्मचारी है। शांतिभंग में उसका चालान किया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

यूपी-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस की संयुक्त गश्त

सिद्धार्थनगर- भारत /नेपाल सीमा पर प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी व एसएसबी टीम ने संयुक्त पैदल गश्त कर सुरक्षा का यहशास कराया गया, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सिद्धार्थनगर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की धनौरा चौकी के जवानों ने उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी के साथ समन्वय बैठक की। सीमा चौकी धनौरा के प्रभारी निरीक्षक नीरज शर्मा की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई। इसमें शोहरतगढ थाना अध्यक्ष और 30वीं वाहिनी पीएसी के जवान शामिल हुए। एसएसबी सीमाई क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के साथ लगातार संयुक्त गश्त कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखना है। साथ ही अवैध तस्करी और घुसपैठ को रोकना भी है। भारत-नेपाल सीमा पर आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है। उनके सामान और वाहनों की भी गहन जांच के बाद ही आवागमन की अनुमति दी जा रही है। बैठक में शोहरतगढ थाना अध्यक्ष विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, उप निरीक्षक विजय प्रताप यादव और तीन अन्य जवान मौजूद रहे। 30वीं वाहिनी पीएसी से सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह समेत 13 कार्मिक भी शामिल हुए।

जनता दर्शन में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम चौरसिया ने आज जनता दर्शन के दौरान आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें: 03 भूमि विवाद (लेन-देन से संबंधित), 04 मारपीट के प्रकरण, 02 महिला संबंधी मामले, 01 पारिवारिक विवाद, 04 लेन-देन से जुड़े विवाद, तथा 04 अन्य श्रेणी की शिकायतें शामिल रहीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए।

एक राष्ट्र-एक चुनाव राष्ट्रहित में जरूरी : राकेश त्रिपाठी

श्रावस्ती। इकौना के सत्य आर्यन पब्लिक स्कूल में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विषय पर युवा संवाद समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिओम तिवारी ने की। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मिश्रीलाल वर्मा और विधायक राम फेरन पाण्डेय मौजूद रहे।

भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' राष्ट्रहित का विषय है। इससे समय, धन की बचत होगी और बार-बार चुनावों से शिक्षा व प्रशासन पर पड़ने वाले असर को रोका जा सकेगा। उन्होंने युवाओं से इस पहल के समर्थन में आगे आने का आह्वान किया। डॉ. मिश्रीलाल वर्मा और विधायक राम फेरन पाण्डेय ने भी 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को समय और संसाधनों की बचत का जरिया बताते हुए इसे जरूरी बताया। कार्यक्रम में महेश मिश्रा 'ओम', राणा प्रताप सिंह, बब्बू शर्मा 'शशि', वासुकीनाथ मिश्रा, पवन आजाद, पंकज तिवारी, विमल ओझा सहित कई कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स का हुआ सम्मान

प्रतापगढ़। यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इण्टर की परीक्षा में अव्वल रहे मेधावियों का विद्यालय में समारोहपूर्वक सम्मान हुआ। शिक्षकों से सम्मान पाकर मेधावी छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे दिखे। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज में सोमवार को समारोहपूर्वक जिले की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने वाले विद्यालय के मेधावी बच्चों के साथ ही विद्यालय में अव्वल रहे मेधावियों का सम्मान किया। हाईस्कूल यूपी बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल के छात्र सत्यम यादव ने पन्चान्वे प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में नौंवा स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी विद्यालय की इण्टर की छात्रा प्रगति तिवारी ने 90.4 प्रतिशत तथा अदिति ओझा ने नब्बे प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में क्रमशः चौथी व छठवीं रैंक हासिल की है। विद्यालय के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र व प्रधानाचार्य आचार्य उमाशंकर मिश्र ने जिले के टॉपरों तथा विद्यालय के टॉपर मेधावियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उमेशपाल मिश्र, प्रमोद पाण्डेय, हर्षद शुक्ल, केशवराम ओझा, बसन्त मिश्र, जितेन्द्र सिंह, वैभव त्रिपाठी, सतीश मिश्र आदि शिक्षक मौजूद रहे। इसी क्रम में रामकृपाल मिश्र इण्टर कालेज सगरा सुन्दरपुर में भी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में विद्यालय में अव्वल रही छात्रा हिमानी सिंह, शिवा मिश्रा, प्रिंसी पाण्डेय, लवी पाण्डेय, सृष्टि तिवारी, सृजल यादव, मारिया बानो, हर्ष शुक्ल, आयुषी वैश्य, शाइस्तानाज तथा इण्टर में अव्वल रही छात्रा काजल सरोज, कोमल गौतम, अनामिका धुरिया, गौरव धुरिया, जय शुक्ल, तनुजा शुक्ला, पवन शर्मा, गौरव शर्मा, गीतांजलि तिवारी, अमित यादव को प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा फल अव्वल रहा। संचालन मधु द्विवेदी ने किया। इस मौके पर ध्रुव नारायण मिश्र, शिव नारायण गुप्ता, सूर्यभान वर्मा, किरन ओझा, शमसाद अहमद, संजू त्रिपाठी, दिव्या त्रिपाठी, सुचिता त्रिपाठी, पारूल शुक्ला, निशाद फातिमा, डॉली पाण्डेय, श्रद्धा सिंह, स्तुति तिवारी, नलिनी शुक्ला, अंजली मिश्रा व खुशी सिंह, सुचित्रा विश्वास आदि मौजूद रहे।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार ,भेजा न्यायालय

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया । जिले के थाना ढेबरुआ पुलिस ने दुधवनिया नहर पटरी से ग्राम खैरी उर्फ झुंगहवा निवासी दुर्गेश उर्फ लाला को पकड़ा। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। एएसपी सिद्धार्थ और सीओ सुजीत राय के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी गौरव सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुकदमा संख्या 72/2025 धारा 109(1) इठर के तहत आरोपी को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक राजाराम यादव, हेड कॉन्स्टेबल विवेकानंद यादव शामिल थे। इसके अलावा कॉन्स्टेबल प्रबल कुमार, मनोज पटेल और विशाल सिंह भी टीम का हिस्सा थे। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक कार्यवाही के लिए न्यायालय में पेश किया।

नवाब अहमद हमीद ने मौलाना महमूद मदनी से की शिष्टाचार भेंट

मेरठ ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव नवाब अहमद हमीद ने नई दिल्ली में जमीअत उलमा हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैय्यद मौलाना महमूद मदनी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए भारतीयों को खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश करते हुए हमले की निंदा की। उन्होंने नए वक्फ़ कानून के बारे में चर्चा करते हुए इसे असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि संविधान को सशक्त करने की प्रेरणा से एकजुट होकर नए वक्फ़ कानून के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने देश की तरक्की के लिए आपसी सौहार्द को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने देश में मुसलमानों के प्रति बढ़ रही नफरत और वर्तमान मुसलमानों की स्थिति पर भी बातचीत की। साथ ही कौमी एकता सहित देश के कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने जमीअत उलमा हिन्द द्वारा देश में चलाई जा रही जनकल्याणकारी सेवाओं की सराहना की। जमीअत उलमा हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैय्यद मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि जमीअत उलमा हिन्द ने देश को आजाद कराने से लेकर हर दौर में इंसानियत की सेवा की है। जमीअत विशेषकर मुसलमानों की हक की लड़ाई लड़ रही है। जिसमें नए वक्फ़ कानून के खिलाफ प्रमुखता से कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही है।

संक्षेप

परशुराम सेवा समिति कल धूमधाम से मनेगा परशुराम जन्मोत्सव

गोला गोरखपुर। श्री परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान परशुराम की जयंती 30 अप्रैल यानि बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम वीएसएवी इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित होगा। जयंती के उपलक्ष्य में कल बुधवार गोरखपुर महानगर व ग्रामीण अंचलों में श्री परशुराम सेवा समिति द्वारा पूजा अर्चना करते हुए करते हुए देश और समाज के लिए मंगल कामना की जाएगी साथ ही साथ विगत दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद भारतीयों के लिए श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी परशुराम सेवा समिति के संरक्षक एवं संस्थापक शार्दूल विक्रम तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया। उन्होंने बताया श्री परशुराम सेवा समिति सर्व समाज के लिए संकल्पित संस्था है। समिति के सदस्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर समाज के निर्धन पीड़ित शोषित अशिक्षित व्यक्तियों के लिए उनका साथी बन उनके मदद के लिए लगातार संघर्षरत है। भगवान परशुराम सेवा समिति के संगठन सचिव साहिल विक्रम तिवारी ने बताया कि आए दिनों में श्री परशुराम सेवा समिति का विस्तार किया जाएगा।

सूचना

सूचित करना है मैने अपने पुत्र वकील अहमद को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। हाफिज सादिक अली पुत्र अब्दुल करीम निवासी-नयापुरा कस्बा, थाना जैदपुर, बाराबंकी।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र शुभम को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **राम विलास पुत्र स्व. राम लाल नि.- ग्राम शेरनगर मजरा जिन्दौर, थाना रहीमाबाद, परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ।**

सूचना

सूचित करना है मैने अपने पुत्र वकील अहमद को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **हाफिज सादिक अली पुत्र अब्दुल करीम निवासी-नयापुरा कस्बा, थाना जैदपुर, बाराबंकी।**

वैदिक मंत्रोच्चार से 21 जोड़ों की कराई गई शादी

जिला संवाददाता

मझगांवा, गोरखपुर। मानव शिक्षा सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह समारोह गरीब महोत्सव के अनूठे अभियान का पड़ाव गगहा क्षेत्र का गजपुर बाजार में रहा। जहां सामूहिक विवाह समारोह के पंडाल में वेद की ऋचाओं एवं शहनाई गूंज के बीच 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गृहस्थ जीवन में कदम रखा। तो वहीं समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू रक्षा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता व विशिष्ट अतिथि पूनम गुप्ता तथा कार्यक्रम आयोजक आलोक गुप्ता समेत अन्य गणमान्यों ने वर वधू को नव जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

सोमवार को गगहा क्षेत्र के गजपुर स्थित सियर मोड पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मानव शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा बबलू संग निशा, प्रिंस संग प्रीति, श्रवण संग संगीता, मंटू संग सुमन, सोनू संग लक्ष्मीना, अभिषेक संग सुमन, महादेव संग कुसुम, संदीप संग मोहनी, संदीप संग पुष्पा, अंगद संग प्रीती, कुलदीप संग सोनी, सचिन संग अंजलि, इन्द्रेश संग मनीषा, धर्मेन्द्र संग तारा, आकाश संग काजल, बृजमोहन संग अर्चना, चंदा संग पूजा, सत्यम संग खुशबू, छोटेलाल संग आराधना, संदीप कुमार संग मनीषा सहित इक्कीस जोड़ो की शादी ज्योतिषाचार्य चिन्ताहरण पाण्डेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से कराया गया। संस्थान ने गृहस्थ जीवन में उपयोग आने वाले जरुरी सामान को गिफ्ट देकर जोड़ो को विदा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता व विशिष्ट अतिथि समाजसेविका श्रीमती पूनम गुप्ता ने कहा कि धरा पर कन्यादान से बडा दान कोई दान नहीं। गरीब बेटियों की शादी में सहयोग करना सबसे महान व पुनीत कार्य है। मानव शिक्षा सेवा संस्थान के प्रबंधक आलोक गुप्ता ने प्रत्येक माह 21 जोड़ो की शादी को जो बीड़ा उठाया है वह निश्चित ही बड़े पुण्य का कार्य है। जिसके लिए उनकी संस्था से जुड़े साथी के साथ वह बधाई के पात्र हैं। उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए उन्हें हृदय से बधाई दे रहा हूं। मानव शिक्षा सेवा संस्थान के प्रबंधक आलोक गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में चिल्लूपार विधायक से प्रेरणा पाकर यह करवा शुरू किया था। संस्था ने अबतक पांच सौ से अधिक युगलों की शादी करवा चुका है। आगे यह कारवां प्रत्येक माह चलता रहेगा। सामूहिक विवाह में लोगों का सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में आये सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया है। मानव शिक्षा सेवा संस्थान में सामूहिक विवाह में अभिषेक राय के गानों, देख रामजी को जनक नन्दनीदूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है. साथ ही स्वागत गीत हे मानस के राजहंस, श्रीमान जो आप पधारे हैं की गानों पर श्रोताओ में समां बांध दिया.

इस अवसर पर दिग्विजय राय, धीरज राय, गोल्डेन राय, सिपीन राय महुआ प्रधान प्रतिनिधि, विश्व हिन्दू रक्षा परिषद् के जिलाध्यक्ष अभिषेक राय, ज्योतिषाचार्य चिन्ताहरण पाण्डेय व हिमांशु सिह मनौली सहित पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

आंधी में पंडाल उड़ा, भारी भीड़ बनी साक्षी सोमवार को मानव शिक्षा सेवा संस्थान की तरफ से आयोजित सामूहिक विवाह में लगा पंडाल रविवार रात को आयी आंधी से पंडाल तितर बितर हो गया लेकिन सामूहिक विवाह में इसका कोई असर नहीं पड़ा। धूप छांव के बावजूद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद भीड़ सामूहिक विवाह की साक्षी बना।

डीएम ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया विद्यालय में 50 में तीन बच्चे मौजूद मिले

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय न्यू कॉलोनी चैगुर्जी, नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण सुबह सवा नौ बजे किया। निरीक्षण के समय शिक्षका और रसोईया उपस्थित मिलीं। विद्यालय की उपस्थिति पंजिका एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन करने से संज्ञान में आया कि उक्त प्राथमिक विद्यालय में 50 बच्चों में से मात्र 3 बच्चे उपस्थित मिले जबकि शासन द्वारा निरंतर शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था कराने एवं ज्यादा से ज्यादा बच्चों को नामांकित कराने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं एवं समीक्षा भी की जा रही है परंतु उक्त स्थिति से स्पष्ट है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण बच्चों की उपस्थिति एवं शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षाअधिकारी, इटावा को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में नामांकित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कराने एवं विद्यालय में साफ सफाई पौष्टिक भोजन एवं नियमानुसार अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों एवं अध्यापकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें।

शहर के प्याऊओं का निरीक्षण, खराब मिलने पर कार्रवाई का निर्देश

इटावा। जिले में जारी भीषण गर्मी और हीट वेव के मद्देनजर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिले भर में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। गर्मी के चलते आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जिले में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक प्याऊ की व्यापक जांच पड़ताल कराई जा रही है। इसी क्रम में सोमवार दोपहर को सदर एसडीएम विक्रम सिंह राघव और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अभियंता विनय मणि कुमार त्रिपाठी ने इटावा शहर में लगे विभिन्न प्याऊ का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर जाकर प्याऊ की कार्यप्रणाली का गहन परीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि गर्मी में लोगों को निर्बाध रूप से शुद्ध और ठंडा जल उपलब्ध हो। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ प्याऊ में तकनीकी खामियों के चलते ठंडा जल आपूर्ति बाधित हो रही थी। इस पर एसडीएम ने तत्काल सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए और संबंधित को तेजी से कार्य पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण दल ने स्वयं प्याऊ से पानी पीकर उसकी गुणवत्ता और ठंडक का परीक्षण किया, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य और सुविधा में किसी प्रकार की कमी न आने पाए। नगर पालिका परिषद द्वारा भी प्याऊ की नियमित देखरेख और मरम्मत के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है, जो प्रतिदिन निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भीषण गर्मी के इस दौर में किसी भी प्याऊ के खराब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। लोगों को गर्मी के प्रकोप से राहत देने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। प्याऊ के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर छायादार व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और पेयजल की आपूर्ति को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत के देशद्रोही बयान के कारण पूरे देश में आक्रोश

गोरखपुर। आज सम्पूर्ण राष्ट्र विगत दिनों कश्मीर घाटी के पहलगाम में हुई दर्दनाक घटना के कारण मर्माहत, दुखी और आक्रोशित है। 26 पर्यटकों की पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों द्वारा हुई हत्या के कारण आज पूरा देश आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ एकजुट होकर खड़ा है और इस घटना के लिये पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूर्ण करने हेतु निरन्तर भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि वहीं दूसरी ओर किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने पाकिस्तान के पक्ष में बयान देकर बहुत ही निंदनीय कार्य किया डछ। पाकिस्तान के पक्ष में बयान देते समय उनको शर्म नही आयी वो भारत का ही अन्न खाते हैं और पानी पीते हैं। भारत सरकार के द्वारा पाकिस्तान का पानी रोकने के निर्णय पर नरेश टिकैत द्वारा प्रश्न चिन्ह लगाकर पाकिस्तान के पक्ष में बोलने पर वह तत्काल देश से माफी मांगे और अपने बयान को वापस लें। श्री सिंह ने कहा कि इस समय पूरा देश एकजुट है तथा पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही चाहता है, ऐसी परिस्थिति में तथाकथित किसान नेता राष्ट्र विरोधी बयान देकर देश के जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य कर रहे हैं। नरेश टिकैत का यह बयान शहीदों व उनके परिवारों का अपमान है जिसे देश का आम किसान माफ नही करेगा। श्री कामेश्वर सिंह ने आगे कहा कि यदि आज रात्रि तक तथाकथित किसान नेता माफी नही मांगते हैं तो कल किसान उनके गाँव पर जाकर उनका घेराव प्रदर्शन करेंगे।

और सुदृढ़ होगा सिटी का वेस्ट मैनेजमेंट का सिस्टम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज करेंगे जीटीएस चरगांवा का लोकार्पण

गोरखपुर। कचरा प्रबंधन के लिए मॉडल सिटी के रूप में विकसित हो रहे गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन (जीटीएस) का लोकार्पण करेंगे। यहां प्रोसेस होने वाला कचरा सहजनवा के सुथनी में एनटीपीसी के प्लांट भेजा जाएगा और एनटीपीसी इस कचरे से चारकोल बनाकर ऊर्जा उत्पादन में मजबूत बनेगा। नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के अंतर्गत नगर निगम के इस गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण पर कुल 9.89 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसकी क्षमता प्रतिदिन 200 टन कूड़ा निस्तारित करने की है। इस जीटीएस में महानगर के 40 वार्डों का कूड़ा निस्तारित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के मुताबिक नगर निगम की डोर टू डोर वाहनों द्वारा कूड़ा एकत्र कर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचाया जाएगा। यहां सूखा और गीला कचरा अलग अलग कर कम्प्रेसर में कंपैक्ट कर कैप्सूल रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा। कैप्सूल के रूप में कम्प्रेस्ड कूड़ा सुथनी (सहजनवा) में बने नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) के प्लांट पर भेज दिया जाएगा।

इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिटी के रूप में आकार ले रहे सुथनी में एनटीपीसी ने कूड़े से चारकोल बनाने का प्लांट लगाया है। गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के क्रियाशील हो जाने से खुले में कूड़े से मुक्ति मिलेगी। यहां कम्प्रेस्ड हुआ कूड़ा एक पूर्णतः बंद कैप्सूल के माध्यम से एनटीपीसी के प्लांट में भेजा जाएगा, लिहाजा इसके ट्रांसपोर्टेशन में वायु प्रदूषण भी नहीं होगा।

शिक्षिकाओं और बच्चों ने निकाली पाकिस्तान की शव यात्रा

उन्नाव। दुःख की इस घड़ी में जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, शहर हो या गांव सभी के अंतर्मन में पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे आतंकवाद और सीमा उल्लंघन के प्रति विष व्याप्त है। दिवंगत हिन्दुस्तानियों के दुःख से सड़कों पर दुख का सैलाब उमड़ता नजर आ रहा है, यह बाते आज औरास के रामपुर गढ़ौवा में पाकिस्तान की शव यात्रा के दौरान नियुक्त शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहीं। विद्यालय से निकली शवयात्रा में दोनों विद्यालयों के बच्चों सहित सैकड़ों ग्रामीण और अभिभावक शामिल हुए। महिला शिक्षिकाओं और नन्हे नन्हे बच्चों ने शव यात्रा निकालकर अपना विरोध दर्ज करवाया। आभासी शव को पूरे गांव में घुमाने के पश्चात बढ़ती भीड़ सैकड़ों की संख्या में तब्दील हो गई। बच्चे और अभिभावक पाकिस्तान और आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाकर शव को कंधा देते नजर आए। रामपुर की नहर तक पहुंचते वक्त लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा, लोग अपने काम धंधे को छोड़ देश मांगे न्याय की आवाज बुलंद करते नजर आए। क्या महिलाएं और क्या ही वृद्ध, सभी आक्रोशित नजर आ रहे थे पाकिस्तान की इस कायराना हरकत के बाद, जैसे ही शव नहर पर पहुंचा, बच्चों और ग्रामीणों ने चप्पलों से उसकी कुटाई करना शुरू कर दिया।

आतिशबाजी से रोकने पर दुकानदार पर हमला, 20 पर मुकदमा, दो गिरफ्तार

इटावा। दुकानदार को आतिशबाजी से रोकने पर बारातियों और घरातियों ने बुरी तरह पीट दिया। घटना रविवार रात को कोतवाली थाना क्षेत्र के तकिया इलाके में स्थित मैरिज होम के सामने हुई। दुकानदार ईशान मंसूरी अपने भाई के साथ चैधरी उत्सव गार्डन के सामने स्थित दुकान बंद कर रहा था। इसी दौरान कुछ लोग मैरिज होम के सामने तेज आवाज में आतिशबाजी कर रहे थे। ईशान ने उन्हें समझाया कि इससे दुकानों और वाहनों को नुकसान हो सकता है। पास में पेट्रोल पंप भी है। नशे में धुत बारातियों और घरातियों ने बात नहीं मानी। उल्टे ईशान और उसके भाई पर हमला कर दिया। करीब 20 लोगों ने लाठी-डंडों से पिटाई की। हमलावर ईशान की चेन और अंगूठी भी छीनकर ले गए। ड्यूटी पर तैनात पीआरवी के सिपाहियों ने युवक की जान बचाई। घायल ईशान को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की पहचान कर रही है। चैन और अंगूठी छीनने की बात निराधार है। सिर्फ मामूली पर मारपीट हुई।

मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया

उदी, इटावा। बढ़पुरा विकास खंड के ग्राम पछायागांव स्थित महात्मागांधी सैनिक इंटर कॉलेज पर मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मानित करने हेतु भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सहित अन्य विशिष्ट वक्ताओं द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संजय प्रताप भदौरिया द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि जब तक अपनी मंजिल प्राप्त ना कर लें, तब तक निरंतर परिश्रम करते रहें। संघर्ष और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र भदौरिया ने कहा केवल चिरागों से ही नहीं, शिक्षा से भी घर और समाज में उजाला फैलता है। शिक्षा ही सच्ची समृद्धि का आधार है। विद्यालय की प्रधानाचार्य उमा भदौरिया द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना कीगयी। उन्होंने कहा विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। सम्मानित व पृष्कृत विद्यार्थियों में इंटर विज्ञान वर्ग प्रथम स्थान प्राप्त लक्ष्मी 85 प्रतिशत व द्वतीय स्थान पर रहीं दिव्या 84 प्रतिशत जबकि इंटर कला वर्ग में प्रथम स्थान रीना कुशवाह, द्वतीय स्थान शिखा एवं तृतीय स्थान नेहा को पुरस्कृत किया गया तो इसी के साथ हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान नंदनी कुमारी, द्वतीय स्थान सपना कुमारी एवं तृतीय स्थान अनुष्का व पल्लवी को सम्मानित किया गया। संचालन विद्यालय प्रवक्ता पंकज कनोजिया द्वारा किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत बनकट विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बनकट विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 06.05.2025 को 10 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बनकट के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 06.05.2025 को 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बनकट के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बनकट कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

इसरातुल्लाह
प्रधान
ग्राम पंचायत बनकट
सिद्धार्थनगर।

शचीन्द्र नाथ पाठक
सचिव
ग्राम पंचायत बनकट
सिद्धार्थनगर।

कार्यालय ग्राम पंचायत लौकिया विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत लौकिया विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 06.05.2025 को 10 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय लौकिया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 06.05.2025 को 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत लौकिया के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत लौकिया कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आयशा खातून
प्रधान
ग्राम पंचायत लौकिया
सिद्धार्थनगर।

शचीन्द्र नाथ पाठक
सचिव
ग्राम पंचायत लौकिया
सिद्धार्थनगर।

शोपीस बनी पानी की टंकी, भीषण गर्मी में पीने को नहीं मिल रहा पानी

पुरवा, उन्नाव। नगर पंचायत पुरवा के चंदीगढ़ी तिराहे पर लगी पानी की टंकी मात्र शोपीस बन कर रह गई है जिससे जल संकट बना हुआ है। यहां स्थापित की गई सार्वजनिक पानी की टंकी करीब कई माह से खराब पड़ी है, स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार नगर पंचायत को टंकी शुरू करने की मांग की लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के चलते यह अब सिर्फ एक शोपीस बनकर रह गई है। टंकी को राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए राहत देने के उद्देश्य से लगाया गया था, ताकि भीषण गर्मी में पानी की सुविधा मिल सके। दिलचस्प बात यह है कि नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी इस समस्या से भलीभांति परिचित हैं, फिर भी आंखें मूंदे बैठे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही राहगीरों की परेशानी भी बढ़ रही है। प्यासे लोग निराश होकर वापस लौटते हैं, जबकि टंकी पर लगे सरकारी बोर्ड अब केवल खानापूर्ति प्रतीत होते हैं। अब जरूरत है कि प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दे और टंकी की मरम्मत कराकर इसे फिर से चालू करवाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

हीटवेव से बचाव के लिए कड़ी धूप में न निकले बाहर

उन्नाव। लगातार तापमान में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक अमित तिवारी ने मरीजों को बताया हीटवेव से सेहत पर विपरीत असर न पड़े इसके लिए सजगता बरतने की जरूरत के साथ ही अनावश्यक धूप में निकलने से बचें। हीटवेव के बचाव के लिए थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी या तरल पदार्थ का सेवन करने के साथ ही समुचित मात्रा में पानी पीते रहें। इसी तरह बाहर निकलने से पहले उचित मात्रा में पानी अवश्य पीएं। एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक अमित तिवारी ने मरीजों को सलाह दी जरुरी काम न हो तो दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें। खास कर बच्चों, बुजुर्गों का अधिक ध्यान दें।

संक्षेप

जानलेवा हमले में तीन के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। रेहरिया चौकी क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घात लगाकर बाइक चालक को रोक कर पीछे सवार व्यक्ति पर लोहे की राड से सर पर प्राण घातक हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया राहगीरों के आने पर आरोपी जान से मार डालने की धमकी देकर भाग गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सी एच सी मोहम्मदी भर्ती कराया डॉक्टर ने इलाज के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। कस्बा निवासी रवि उल्ला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया 2:30 बजे करीब अपनी बाइक पर हरिहरपुर निवासी बबलू को पीछे बैठाकर ईट भट्ठा से घर वापस लौट रहा था। मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे पर पड़रिया मोड़ के पास घात लगाए बैठे जकी, आदिल, और अकील निवासी मोहल्ला सराय ने बाइक के सामने अपनी बाइक लगाकर रोक लिया और पीछे बैठे बबलू पर सभी ने मिलकर एक राय होकर डंडा और लोहे की राड से प्रहार कर मरणासन्न हालत कर देने पर राहगीरों द्वारा ललकारने से छोड़कर भाग गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए एंबुलेंस से मोहम्मदी अस्पताल पर भर्ती कराया जहां से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ प्राण घातक हमले के मामले में केस दर्ज कर लिया है। विवेचना हिमांशु आनंद को सौंपी गई है।

किशोरी को भगाने में एक नामजद, 2 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के एक गांव में घर पर सो रही किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक नामित और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसकी बहन सोमवार सुबह 4 बजे घर पर सोई हुई थी गांव के डब्लू और दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आग से कोल्हू की खोई जलकर राख

सिंगाही खीरी। नगर के मोहल्ला झाला पर गेहूं की नरई जलाने के दौरान भड़की आग से एक कोल्हू की सारी खोई जलकर राख हो गई। समय से आग पर काबू पा लिया गया जिससे कस्बे से आग का खतरा टल गया। कस्बे के मोहल्ला झाला में खैरीगढ-सिंगाही संपर्क मार्ग के किनारे वार्ड नंबर 13 के रहने वाले असबाउद्दीन का कोल्हू लगा है। उसके पास में ही पूर्व चेयरमैन प्रदीप पुरवार का खेत है जिसे उन्होंने छोटू मिस्त्री को ठेके पर दे रखा है। सोमवार को दिन में करीब दस बजे के आस पास छोटू ने रियाजत को गेहूं की नरई जलाकर खेत जोतने के लिए भेजा था जिसने तेज धूप व हवा के बीज नरई मे आग लगा दी इसके चलते आग तेजी से भड़क गई और देखते ही देखते कोल्हू पर लगी खोई तक पहुंच गई। मौके पर मौजूद असबाउद्दीन समेत अन्य लोग जब तक कुछ समझते तब तक खोई धू-धू कर जलने लगी। आग लगने के सूचना के बाद पहले नगर पंचायत से पानी का टैंकर पहुंचाया गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर कर्मियों ने शाम तक कई घंटे की कड़ी मशक्कत के आग पर काबू पा सके। इसके बाद आस पास की आबादी से आग भड़कने का खतरा टल गया। इस घटना में करीब एक लाख से अधिक की खोई जलने का अनुमान है।

गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास:धर्मपाल

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से जनपद में स्थापित गौ आश्रय स्थलों की संरक्षण क्षमता, संरक्षित गायों की संख्या, निर्मित एवं निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थलों और नंदी शालाओं तथा सहभागिता योजना के अंतर्गत गोद लिए गए पशुओं की जानकारी माननीय मंत्री को विस्तार से दी। बताया गया कि जनपद में भूसे की कोई कमी नहीं है और जनप्रतिनिधियों तथा जनसहयोग से पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। जनपद में निराश्रित गौवंशों की संख्या 9862 है, जबकि कुल 127 गौसंरक्षण स्थल स्थापित हैं, जिनमें 11 वृहद गौसंरक्षण केंद्र, 3 कान्हा गौ आश्रय स्थल, 102 मनरेगा गौसंरक्षण स्थल तथा 11 नगरीय गौसंरक्षण स्थल सम्मिलित हैं। वर्तमान में जनपद में संरक्षित कुल गौवंशों की संख्या 15,643 है तथा सहभागिता योजना के अंतर्गत 9,161 गौवंश अच्छादित हैं। जिले में गोवंश संरक्षण की तैयारी देखकर मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। मंत्री ने बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर एवं विधायकगण से 100-100 कुंतल तथा ब्लॉक प्रमुखों से 50-50 कुंतल भूसा

दान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कान्हा गौशालाओं में दूध देने वाली गायों को रखा जाए, क्योंकि गाय का दूध अमृत के समान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास, मूत्र में गंगा का वास तथा दूध अमृत तुल्य होता है। निराश्रित गौवंशों का संरक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राथमिकता में शामिल है। मंत्री ने सहभागिता योजना में गाय लेकर उन्हें छोड़ने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिए खेती के साथ-साथ पशुपालन को भी बढ़ावा देना अनिवार्य है, क्योंकि पशुपालन और कृषि एक-दूसरे के पूरक हैं। मंत्री ने पूर्व समय में गांवों की चार आवश्यक संस्थाओं गौशाला, पाठशाला, व्यायामशाला और यज्ञशाला का उल्लेख करते हुए, इन पर पुनः चिंतन करने की आवश्यकता बताई। गौ आधारित खेती को पुनर्जीवित करने तथा गाय के दूध और गोबर के सदुपयोग के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सक्रिय रूप से जोड़ने पर बल दिया गया। मंत्री ने कहा कि गोबर चंदन के समान पवित्र है और गाय पालने वाले लोग सदैव सुखी रहते हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि गौचर भूमि पर से अवैध कब्जे हटवाकर वहां चारा बोया जाए और चारा उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से योजनाओं के क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

मंत्री ने गोवंश नस्ल सुधार कार्य में तेजी लाने तथा उच्च गुणवत्ता का सीमन एवं बधियाकरण योजना के प्रभावी

- **गोबर चंदन के समान पवित्र है और गाय पालने वाले लोग सदैव रहते हैं सुखी : मंत्री**
- **मंत्री ने सहभागिता योजना में गाय लेकर उन्हें छोड़ने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश**

क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने गौशालाओं में चारा, भूसा, पानी, छाया, प्रकाश और साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि गायों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने गौशालाओं का साप्ताहिक निरीक्षण अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। मंत्री ने बताया कि सहभागिता योजना के अंतर्गत अनुमन्य धनराशि को 30 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये प्रति गोवंश कर दिया गया है। उन्होंने पशुपालन को सेवा और धर्म बताते हुए कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार पशुपालन, गोवंश, बकरी, मुर्गी, सूअर एवं भेड़ पालन से संबंधित अनेक योजनाएं चला रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। मंत्री ने यह भी कहा कि दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है, जो गर्व का विषय है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने परिवार के नामकरण, मुंडन संस्कार, जन्मदिन आदि खुशी के अवसरों पर गौशालाओं में जाकर गायों को हरा चारा, केला व गुड़ खिलाएं। मंत्री ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि आमजन को शुद्ध दूध उपलब्ध हो तथा गाय के गोबर के सदुपयोग हेतु भी प्रेरित किया जाए। पशुपालकों के साथ नियमित बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना जाए और उनका सहयोग लिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को 520 मोबाइल पशु एंबुलेंस वैन उपलब्ध कराई गई हैं। टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने पर प्राथमिकता से पशुपालकों को एंबुलेंस सेवा, डॉक्टर एवं दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी।

जेसीबी और दो ट्रैक्टर ट्रालियां सीज

पिपरिया धनी, खीरी। ग्रांट साहबगंज के मजरा दिस्तापुर गांव में बेखौफ होकर खनन किया जा रहा है। रविवार की रात रेहरिया चैकी इंचार्ज हिमांशु सिंह आनंद ने खनन में प्रयोग की जा रही दो ट्रैक्टर ट्राली और एक जेसीबी को सीज कर दिया। चैकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिली कि एक जेसीबी दो ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ खनन कर रही है। मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों और जेसीबी को सीज कर दिया गया।

भामाशाह के नाम से हो चौराहा या पार्क का नामकरण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) वैश्य समाज के विभिन्न उपजातीय संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा दान शिरोमणि भामाशाह के नाम पर नगर के किसी चौराहे अथवा पार्क का नामकरण किए जाने को लेकर दोवारा अपनी मांग उठाई है। वैश्य समाज ने विगत 8 जनवरी को इस संबंध में पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन दिया था। जिस पर कोई ध्यान न दिए जाने से पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू को पुनः अवगत कराया गया और मांग की गई कि जल्द से जल्द दान शिरोमणि भामाशाह के नाम पर नगर के किसी चौराहे अथवा पार्क का नामकरण किया जाए। पालिका अध्यक्ष ने वैश्य समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी मांग पर उचित कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में हरिद्वारी वैश्य महासभा के प्रदेश संयोजक शरद गुप्ता सोनू, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल आनंद गुप्ता, प्रदेश महामंत्री आदित्य गुप्ता आदी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात गुप्ता बीनू, जायसवाल समाज के संरक्षक प्रेम चंद्र जायसवाल, जायसवाल समाज के अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, यज्ञसेनी समाज के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता बबलू, नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद पंकज गुप्ता, विकास गुप्ता, नीरज गुप्ता सहित तमाम सजातीय बंधु शामिल थे।

एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) विकसित भारत 2047 विजन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पब्लिक इंटर कॉलेज में जनजागरूकता रैली लखीमपुर खीरी के कमांडिंग आफिसर कर्नल चित्रसेन के निर्देशन में निकाली गई। जिसमें पब्लिक इंटर कॉलेज के एनसीसी एएनओ विश्वमोहन जीत, कृषक समाज इंटर कॉलेज के एनसीसी -एएनओ सुरविन्द कुमार वर्मा, दोनों विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, जिसमें कुशाग्र, सुशील कुमार, मायाराम, अरमान अली, योगेश कुमार, अखिलेश, कशिश पाल, अनामिका, अन्नू पाल , गंगाजली आदि ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने बताया कि इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेटों के द्वारा विकसित भारत 2047 की संकल्पना को यथार्थ रूप देने के लिए कार्य योजना बनाकर भारतीय नागरिकों को इस मिशन के लिए जागरूक करना है। इस मौके पर रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार राज, रमेश चंद, संतोष कुमार गुप्ता, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को पीआईसी में किया पुरस्कृत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में पब्लिक इंटर कॉलेज की मेरिट लिस्ट में आए छात्र एवं छात्राओं कालेज के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने फूलमाला पहनाकर पुरस्कृत किया।

प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने बताया कि विज्ञान वर्ग के हेमराज राणा ने 84.5, वाणिज्य वर्ग की हर्षिता गुप्ता ने 80.6, विज्ञान वर्ग के शिव ओम जायसवाल ने 80, अर्पित गुप्त ने 78.2, अंश कुमार ने 78, सत्यम मौर्य ने 77, शाहबाज ने 75.6, अक्षय वर्मा और सोनाली देवी 75.2, अनामिका रस्तोगी ने 75, जेबा खातून ने 73.6, अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने कहा कि सीमित संसाधन होते हुए भी छात्र एवं छात्राओं का यह प्रदर्शन गर्व का विषय है, छात्रों ने जिस प्रकार से अच्छे अंक प्राप्त किए हैं और उत्तीर्ण होकर अपना, अपने माता-पिता, विद्यालय के कर्तव्य निष्ठ शिक्षकों और प्रधानाचार्य का नाम रोशन किया है, उससे हम सभी गौरवान्वित है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिक्षकों ने मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता विश्व मोहनजीत, अभय कुमार जायसवाल, सत्येंद्र कुमार पांडे, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार राज, दर्शन कुमार गुप्त, सुरेश चंद्र, राकेश कुमार वर्मा, आनंद कुमार कौशल, कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश चंद, धर्मेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार पांडे, गोविंद कुमार, सविता देवी, संगीता देवी, बलवीर सिंह, संतोष कुमार गुप्त, सत्यपाल गंगवार, नीरज कुमार सिंह, अखिलेश्वर, मनोज कुमार तिवारी, आदेश शुक्ला, जगमोहन सिंह, दिनेश कुमार तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार गुप्त, राजीव कुमार, लक्ष्मण यादव आदि मौजूद रहे।

पुवायां स्थित कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत कार्यक्रम का आयोजन

शाहजहांपुर पुवायां । कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुग्ध एवं पशुधन एवं राजनीति पेंशन

मंत्री धर्मपाल की उपस्थिति में पुवायां स्थित कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रिय पुवायाँ भाजपा विधायक चेतराम ने एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में लोगों को जागरूक किया व देश की आर्थिक स्थिति एवं देश की प्रगति को बढ़ाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर साथ में भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा , विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता , नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता , तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला , जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा , तिलहर विधायिका सलोना कुशवाहा , पूर्व विधायिका शकुंतला देवी ब्लॉक प्रमुखगण, मण्डल अध्यक्षगण, प्रधानगणों सहित तमाम भाजपा कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने शिक्षाधिकारियों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से सोमवार को विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक की गई।

बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, मिड-डे-मील सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले। सभी बीईओ पंजीकृत छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति के साथ-साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें कि सभी छात्र प्रापर ड्रेस, जूता, मोजा व स्वेटर पहन कर विद्यालयों में आयें। डीएम ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मानसिक संतुलन, सामाजिक कौशल और शारीरिक विकास के लिए भी जरूरी हैं। इसलिए हर विद्यालय में सुबह के समय के शुरूआती आधे घंटे में बच्चों के लिए खेल अवश्य होना चाहिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि बीईओ अपने आवंटित ब्लॉक में अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण को बढ़ाते हुए उपस्थिति को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करें। अभियान के दौरान कम अटेंडेंस वाले बच्चों के घर दस्तक देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। विद्यालयों के शैक्षिक व भौतिक गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। बैठक में डीएम ने एसएमसी गठन सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोडिंग, केजीबीवी परिसर में एकेडमिक, छात्रावास निर्माण की प्रगति, डीबीटी मॉडल, स्कूल चलो अभियान, मिशन प्रेरणा, फेज-दो, निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरण, कक्षाओं को प्रेषित विभिन्न शैक्षिक सामग्री व शिक्षकों की दक्षता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण, मेंटरिंग एवं प्रोग्राम प्रगति का प्रस्तुतीकरण, डीटीएफ डीटीएफ निरीक्षण, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, शिक्षक संकुल बैठक, दिव्यांग बच्चों की ट्रैकिंग, शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी समर्थ प्रणाली का प्रस्तुतीकरण, मध्यान भोजन टास्क फोर्स, बा विद्यालय में स्टाफ उपस्थिति प्रतिशत की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिए। उक्त बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

कृषक समाज में मनाया गया अंबेडकर जयंती पखवाड़ा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्वतंत्रता के अमृत काल में संपूर्ण प्रदेश में वर्ष पर्यंत हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के तहत भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में पूरे पखवाड़े कृषक समाज इंटर कॉलेज में आयोजित वाद विवाद, निबंध, भाषण, क्विज और खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि पूर्व संसद सदस्य रवि प्रकाश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार कर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ अनिल कुमार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज के दिशा निर्देशन में पूरे पखवाड़े कॉलेज में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। जिनमें वाद विवाद प्रतियोगिता में आरुषि पटेल प्रथम, राम जी मिश्रा द्वितीय और रोमिल पटेल ने तृतीय स्थान अर्जित किया। निबंध प्रतियोगिता में सिमरन, मोहिनी कश्यप और अनामिका गोस्वामी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाया। भाषण प्रतियोगिता में अंशिका सोनी ने प्रथम, अदीबा ने द्वितीय और अर्शिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में रिया वर्मा पहले, वंशिका वर्मा दूसरे और प्रिंस गिरी को तीसरा स्थान मिला। खेल में 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में सृष्टि प्रथम, उषा द्वितीय और गुनगुन गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि बालक वर्ग में देव भारद्वाज, अभिषेक कटियार ने स्थान पाया। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण उपप्रधानाचार्य लखपति भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेंद्र सिंह ने किया।

मुख्यमंत्री का फर्जी व्यवस्था अधिकारी बनकर एसपी को किया फोन , नटवर लाल गिरफ्तार

शाहजहांपुर - मुख्यमंत्री का फर्जी व्यवस्था अधिकारी बताकर अधिकारियों पर काम करने का दबाव बनाने वाले नटवर लाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के सीयूजी नम्बर पर एक व्यक्ति ने फोन मिलाकर अपने आपको मुख्यमंत्री का व्यवस्था अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा बताया और एक महिला की सिफारिश करने लगा और अधिकारी बाली भाषा शैली का इस्तेमाल करते हुए दिशा निर्देश देने लगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बात करते समय उन्हें कुछ संदेह हुआ तो उन्होंने सर्विलांस द्वारा नंबर की जांच कराई तो राहुल भारती नाम का व्यक्ति जो जनपद फरुर्खाबाद के अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमईयापुर का निवासी निकला। पुलिस की जांच में पता चला कि ये नटवरलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का व्यवस्था अधिकारी बनकर स्थानीय स्तर के अधकारियों को फोन करता था। पुलिस ने उसके पास से व्यवस्था अधिकारी मनोज मिश्रा के नाम की फर्जी आईकार्ड भी बरामद किया है। एवं फर्जी विजटिंग कार्ड भी मिले है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि ये व्यक्ति नटवरलाल है और इसी तरह से इसने फर्जी अधिकारी बनकर इससे पहले भी कई अधिकारियों से काम कराए हैं।

बिझौली नहर के किनारे पड़े मिले गोवंश के अवशेष

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सोमवार की सुबह विझोली नहर के किनारे कई बोरियों में बंद गोवंश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने से हिन्दू संगठन घटना स्थल पर पहुंच गए। उसके बाद पुलिस जागी।

कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गोकुल के पास बिझौली नहर के किनारे बोरियों में गोवंश के अवशेष पड़े होने को लेकर सोशल मीडिया पर वीडिओ वायरल हो रहा था। जिसको लेकर हिंदू संगठन के पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहले तो घटना को लेकर अनभिज्ञता जताई फिर दोपहर बाद गांव भुडवारा निवासी तीन लोगों पर गोवंश अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। भारतीय हिन्दू परिषद अंतराष्ट्रीय संगठन गो रक्षा दल के प्रदेश प्रभारी अरुण कुमार अवस्थी पारस ने कार्यकताओं के साथ सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का स्थान चिन्हित कर घटनास्थल पर पहुंचे थे। जहां उन्हे गोवंश के अवशेष पड़े मिले साथ ही खून के निशान भी दिखाई दिए। इसके बाद हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। इसके काफी देर बाद गोला पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी मंगा कर नहर में दबे गोवंशों के अवशेषों को तलाशना शुरू किया। जिसमें कई गोवंश के अवशेष मिले हैं। जिन्हें गौ रक्षक दल के पदाधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में नहर में गड्ढा खोदकर दफन करा दिया गया। भारतीय हिंदू परिषद अंतरराष्ट्रीय संगठन के प्रदेश प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि कार्यकताओं द्वारा गोवंश के अवशेषों को खोज कर पुलिस को सूचना दी गई ,जिसमे सात से आठ गोवंश के अवशेष मिले है। कोतवाल चंद्रशेखर ने बताया कि घटना करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज कर दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है और नहर से मिले गोवंश के अवशेषों का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

पुलिस ने तीन को पकड़ा

गोवंश के अवशेष मिलने के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने भूड़वारा निवासी नफीस पुत्र छिददा, मुन्ना पुत्र धुंधई, दरोगा पुत्र छोटे व अन्य व्यक्तिय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नफीस, मुन्ना और दरोगा को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहांपुर के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहांपुर में किया गया आज 10 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 01 दम्पति को विदा किया गया । जानकारी के अनुसार थाना पुवायां जनपद शाहजहंपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 01 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनो पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया कदोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया कप्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैकदोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया।

खीरी में फटा ओवरहेड टैंक

लखीमपुर खीरी। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बन रहे। ओवर हैड टैंक 2 दिन पहले ब्लॉक ईशानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेखपुरा में फट गया। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ बताया जाता है कि निमार्णाधीन ओवरहेड टैंक में लगे मजदूर दोपहर में खाना खाने चले गए। उस समय यह हादसा हो गया। डीएम ने तीन सदस्य जांच कमेटी टीम बना दी। जांच कमेटी में खंड विकास अधिकारी ईशानगर प्रदीप कुमार चौधरी, एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार, लोक निर्माण विभाग खंड 1 के अधिशासी अभियंता के के झा को जांच कमेटी में शामिल किया गया है। जनपद खीरी में यह कोई पहला हादसा नहीं है। इससे पहले बलरामपुर , सीतापुर, कानपुर में जिंक एल्म ओवरहेड टैंक फट चुके हैं। जनपद खीरी में जिंक एल्म टैंक फटने का पहला मामला प्रकाश में आया है। शासन में बैठे उच्च अधिकारियों ने जिंक एलम टैंक बनाने की अनुमति प्रदान कर दी। जल निगम से जुड़े लोगों ने बताया कंक्रीट से बनाया हुआ ओवरहेड टैंक कामयाब है। जिंक एल्म अल्युमिनियम टैंक कामयाब नहीं है। हालांकि जल्दबाजी में जिंक एल्म अल्युमिनियम टैंक जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जनपद खीरी की समस्त ग्राम पंचायत में बनाया जा रहा है। जिन ग्राम पंचायतों कंक्रीट का ओवरहेड टैंक बनाया जा रहा है वही सबसे ज्यादा कामयाब है। ब्लाक ईशानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेखपुर में निमार्णाधीन ओवरहेड टैंक फट गया। कंक्रीट का बनाया गया ढांचा पूरी तरह खड़ा रहा। शासन स्तर से नामित जांच टीम ने शेखपुरा पहुंचकर सैंपल को लेकर प्रयोगशाला भेज दिया है। संदर्भ में योगेंद्र कुमार नीरज अधिशासी अभियंता निर्माण खंड जल निगम ने बताया कि वाटर रिटर्निंग स्ट्रक्चर जो जिंक एलम सामग्री का बना हुआ था आउटलेट पाइप नोजल के पास किसी कारण सीट गई जिससे हादसा हो गया। स्ट्रक्चर पूरी तरह खड़ा हुआ है। जिंक एल्म टैंक बनाने वाली कंपनी को नोटिस भेजा गया है।

जिले में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 922 ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं। 913 पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है 450 टैंक बन चुके हैं। ओवरहेड टैंक एवं पाइपलाइन कनेक्शन के बाद ग्राम पंचायत को हैंडोवर किया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 52/न.पं.नि./नि.सू.-आंकाक्षी नगर योजना / 2025-26, दिनांक- 25/04/2025

ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को आकांक्षी नगर योजना द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 05/05/2025 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 29/04/2025 से दिनांक- 05/05/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	आगणन धनराशि	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य	कार्य अवधि
1	नगर पंचायत निघासन के बुद्धीपुरवा (वार्ड-अटलनगर) में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण कार्य।	1184000	118400	1770	03 माह
2	नगर पंचायत निघासन के उच्च प्राथमिक विद्यालय निघासन-3 (वार्ड-शास्त्रीनगर) में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण कार्य।	1184000	118400	1770	03 माह

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

संक्षेप

बाइक सवार दंपति ट्रक में घुसे, पति की मौत

जौनपुर ।गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर आजमगढ़ हाईवे पर केशवपुर गांव के पास रविवार को देर रात खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गये। दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां डाक्टरों ने पति को मृत घोषित कर दिया। जबकि पत्नी की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव निवासी मोहम्मद रफीक अपनी पत्नी बदरुन्निसा को बाइक से लेकर जिला मुख्यालय से घर वापस लौट रहा था। वह केशवपुर गांव के पास पहुंचा था कि सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ा।जिससे रफीक की मौत हो गयी। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताया गया कि उक्त स्थान पर हाइवे पर दोनों तरफ ट्रक रात में रोककर लाइन से खड़े हो जाते है जिसके वजह से हादसे होते रहते है। आस पास दुकानें और बस्ती होने से ट्रक वाले उक्त स्थान को सुरक्षित समझकर ठहरे रहते है जो हादसे का कारण बन रहे है।पड़ोस के लोग बताते हैं जौनपुर आजमगढ़ हाईवे पर इस समय काफी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी कर दिए जाते हैं।वैवाहिक कार्यक्रमों के इस दौर में हर रोज सड़क पर हादसे हो रहे हैं ।लेकिन पुलिस इन वाहनों को सड़क से हटाने में कोई भी दिलचस्पी नहीं लेती।

पेट्रोल पंप कर्मी की संदिग्ध हालत में मौत

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के डाल्हनपुर एक पेट्रोल पंप कर्मी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया , प्रकरण में आत्महत्या है अथवा हत्या इसको लेकर चर्चाए तेज हो गयी है। डाल्हनपुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर सरायख्वाजा के बड़ऊर गांव निवासी राधेश्याम बिन्द का 23 वर्षीय पुत्र प्रेमचंद बिन्द रात में पेट्रोल पंप पर था लेकिन भोर में पेट्रोल पंप कर्मियों ने बताया कि नीम के पवेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को जमीन पर पाया । सूचना पर सुबह परिजन भी पहुंच गए ।परिजनों ने साजिशन हत्या का आरोप लगाना शुरू किया ,जिसके बाद जिले से फोरेंसिक टीम पहुंचकर घटना स्थल से साक्ष्य लिया,जिसमे मृतक के पास कटी रस्सी चप्पल व अन्य सामग्री एकत्रित कर लिया और जांच पड़ताल में जुट गई। वही पेट्रोल पंप कर्मियों का कहना है कि यह रस्सी सहारे फांसी लगाया था, जिसको हम लोग ने रस्सी काटकर शव को पहले उतार दिया । परिजनो का कहना था कि जब उसकी फांसी लगाने पर मौत हुई तो शव नीचे क्यो था ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।प्रकरण आत्महत्या और हत्या के बीच है। परिजनों का कहना है साजिशन हत्या की गई है।

बाइक सवार की डिवाइडर से टकराकर मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव निवासी बाइक सवार युवक की रविवार देर शाम मध्यप्रदेश के हनुमना में डिवाइडर से टकराने के बाद मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मड़वा धनावल निवासी 22 वर्षीय प्रदीप उर्फ लल्लन केशरी अपने साथी पड़ोसी विद्या निवास मौर्य को नागपुर जाने के लिए बस पर बैठाने के लिए रविवार शाम बाइक से हनुमना गए थे। साथी को बस पर बैठाने के बाद प्रदीप बाइक से घर वापस लौट रहा था जैसे ही यूपी एमपी सीमा से आधा किलोमीटर पहले पहुंचा तो बाइक से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची मध्यप्रदेश पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और परिजनों को घटना की सूचना दी। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने रीवा के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने प्रदीप को देखते ही मृत घोषित कर दिया।मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर और अविवाहित था। पिता गंगा प्रसाद केशरी की पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक मुम्बई रहकर किसी कंपनी में काम करता था दो माह पूर्व घर आया था।सोमवार दोपहर बेटे का शव घर पहुंचने पर मां सोना देवी बदहवास होकर रोने बिलखने लगी।

सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य को शीर्ष प्राथमिकता : डीएम

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ सड़कों के नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण, चौड़ीकरण, पुल और पुलिया का निर्माण/मरम्मत के सम्बन्ध में बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जिन सड़कों के प्रस्ताव दिए जा रहे हैं, उसको प्राथमिकता से लेकर प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव पिछले साल प्राप्त हुए थे, उसको भी सूची शामिल करें। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं, इसका परीक्षण भी किया जाना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि जनपद की विधानसभा वार सूची तैयार करें, तथा जो सड़क सबसे खराब है, उसको सबसे ऊपर रखें।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस खंड की सड़क हो, उस खंड का अधिकारी जनप्रतिनिधियों से मिलकर उसका सत्यापन भी करा लें।उन्होंने कहा कि सबसे अधिक जन उपयोगी/ आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाले सड़को को शीर्ष प्राथमिकता से तैयार करें एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी उसका सत्यापन करा लें। उन्होंने कहा कि सड़क का प्रस्ताव बनाते समय सड़क की वास्तविक फोटो भी लेना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष स्वीकृत हुई सड़कें, जो किन्ही कारणों से बन नहीं पायी, उनको भी इस प्रस्ताव में शामिल करें। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सड़कों को सूची में शामिल करने हेतु सड़क का प्रस्ताव देते समय संबंधित अधिकारी द्वारा खराब सड़क के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सम्बंधित अधिकारी सत्यापन रिपोर्ट में यह अंकित करेंगे कि तालिका में सबसे ऊपर अंकित सड़क की मरम्मत/चौड़ीकरण की सबसे अधिक आवश्यकता है। इस अवसर पर सांसद लालगंज दरोगा प्रसाद सरोज, विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक डॉ संग्राम यादव, विधायक अखिलेश यादव, विधायक श्रीमती पूजा सरोज एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि द्वारा अपने क्षेत्र की सड़कों की वस्तु स्थिति से अवगत कराया।बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, संबंधित अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अभी से करा लें बंधे पर हुए रेन कट व लीकेज पॉइंट की मरम्मतः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्यूटी में उन्ही कर्मचारियों को लगाया जाए, जो सजग एवं सतर्क हो।

उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिया कि बंधे पर हुए रेन कट एवं लीकेज पॉइंट की मरम्मत अभी से करा लें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम बाढ़ चौकी/राहत केंद्रों का भ्रमण करना सुनिश्चित करें।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि जो आवश्यक दवाएं हैं, उसकी व्यवस्था समय से कर लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि जो एमओआईसी सक्रिय हैं, उनकी ड्यूटी स्वास्थ्य शिविर में लगाए।उन्होंने कहा कि नाव एवं गोताखोरों की सूची अभी से बना ले। उन्होंने विद्युत विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तार एवं खम्भे को सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को सड़कों की वस्तु स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों के द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम जलस्तर बढ़ने की सूचना प्रसारित कराया जाय। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिया कि पिछले 15 वर्ष के जल स्तर की वृद्धि एवं बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों की सूची उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, संबंधित उप जिलाधिकारी, डीसी मनरेगा, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, जल निगम ग्रामीण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली निगम की लापरवाही से रख-रखाव के अभाव में अनुपयोगी बने उपकरण

बीजपुर, (सोनभद्र)।बिजली बितरण निगम के लापरवाही का खामियाजा म्योरपुर और बभनी ब्लाक की आबादी को रोशनी और पानी को लेकर बराबर झेलना पड़ रहा है।बताया जाता है कि पिपरी से आनेवाली 33 केवीए मेन लाइन सहित ग्रामीण क्षेत्र में मकड़ी के जाल की तरह फैलाए गए उपकरण रख-रखाव

और मरम्मत के अभाव में पूरी तरह से बर्वाद और जर्जर हो कर सड़ गल चुके हैं। आये दिन बिजली के पोल तार गिरने के कारण सरकार द्वारा 18 घण्टा बिजली आपूर्ति का दावा महज हाथी के सफेद दाँत साबित हो रहे हैं।बितरण निगम के स्टोर में उपकरण का अभाव है।उपभोक्ताओं से वसूला गया बिजली बिल राजस्व खाते में जमा तो हो रहे हैं लेकिन मरम्मत और नए उपकरण के लिए सरकार फूटी कौड़ी तक नही दे रही है।इसीलिए कर्मचारियों अधिकारियों पर वेतन और सुख सुविधा के नाम पर करोड़ों खर्च के बाद भी बिजली बितरण ब्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में फेल हो गया है।बुद्धिजीवियों का मानना है कि अगर किरबिल का 132/33केवीए सब स्टेशन चालू भी हो गया तो ग्रामीण इलाके में लगाए गए 11 केवीए और एलटी लाइन के जर्जर तार उपकरण के माध्यम से नियमित बिजली आपूर्ति महज उपभोक्ताओं के लिए लॉलीपॉप के समान रहेगा। हल्की हवा हो या फिर तेज धूप अथवा बूंदा बांदी के बाद दो चार दिन बिजली गायब रहने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई तथा आम दिनचर्या बिजली बितरण निगम की भेंट चढ़ चुका है।शनिवार की रात से बिजली आपूर्ति बेपटरी है हवा बारिश के कारण तमाम पोल तार जमींदोज हो गए हैं। बिजली आपूर्ति कब तक बहाल होगी यह संसय बना हुआ है।घरों में अंधेरा पसरा है तो पानी की समस्या सुरसा की तरह मुँह फैलाए खड़ी है।एसडीओ शिवम गुप्ता ने कहा कि 33 केवीए के 07 पोल टूट गए हैं इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी कुछ तार पोल गिरा है कोशिश की जा रही है कि जल्द आपूर्ति बहाल किया जा सके।

एनसीएल ने मनाया कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस

सोनभ्रत्रद्र। भारत सरकार की मिनीरत्न कम्पनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सोमवार को वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ ऐट वर्क मनाया। विश्वभर में यह दिन कर्मियों में व्यावसायिक दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम हेतु कार्यस्थल पर स्वास्थ्य व सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।इस वर्ष यह दिवस स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका विषय पर मनाया गया।

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल सीएमडी, बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, मुख्यालय से महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि समर्पित की गई व सुरक्षा झंडा फहराया गया।इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( ) एवं डिजिटलाइजेशन को खनन प्रणाली की आवश्यकता बताते हुए नवाचारी तकनीकी को आत्मसात करने हेतु आह्वान किया।इसके अतिरिक्त उन्होने एनसीएल की नवाचारी पहलों जैसे ओआईटीडीएस प्रणाली, डीजीकोल, सिमयूलेटर एवं वर्चुअल रियलिटी और ओगमेंटेड रियलिटी आधारित प्रशिक्षण, अमलोरी परियोजना में 5 जी नेटवर्क स्थापना एवं अन्य के बारे में जानकारी प्रदान की।साथ ही उन्होंने पूर्वानुमानित सुरक्षा विश्लेषण हेतु रोबोटिक्स जैसी नई तकनीकों के प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।इसके अलावा उन्होने सुरक्षा हेतु तकनीक के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक ने मानव जीवन को सरल करने एवं सुरक्षा एवं स्वास्थ्य में एआई के महत्व का विस्तारित वर्णन करते हुए चेयरमैन, कोल इंडिया पी.एम. प्रसाद के संदेश का बाचन किया। इस दौरान एनसीएल के महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) पी. डी. राठी ने कार्यस्थल पर स्वयं के स्वास्थ्य व सुरक्षा के साथ ही मशीनों व सम्पत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने की शपथ दिलवाई।एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुठभेड़ में छिनैती का आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़।जनपद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अतरौलिया क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जो 20 अप्रैल को उमंग मैरिज हॉल में दूल्हे के पिता से 62,000 रुपये की छिनैती के मामले में शामिल था।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल और 15,200 रुपये नकद बरामद किए गए। हालांकि, उसके दो साथी मौके से फरार हो गए।

20 अप्रैल 2025 को राजेंद्र प्रसाद, निवासी भगवानपुर मंझारिया, अम्बेडकरनगर, अपने बेटे की शादी के लिए बारात लेकर अतरौलिया के उमंग मैरिज हॉल आए थे।मैरिज हॉल के गेट पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने उनके रुपये से भरे बैग को छीन लिया। इस घटना के आधार पर थाना अतरौलिया में मुकदमा संख्या 128/25, धारा 304 बीएनएस दर्ज किया गया।जांच के दौरान तीन अभियुक्तों- कुलदीप उर्फ डूबकी लोना, गोलू नोना और टाइगर उर्फ जुगनू नोना का नाम सामने आया।28 अप्रैल को सुबह करीब 6:05 बजे, थाना अतरौलिया की पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक संतोष कुमार और उमेश चंद शामिल थे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के पास चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर तीन मोटरसाइकिल सवार संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया।संदिग्धों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक अभियुक्त, कुलदीप उर्फ डूबकी लोना (19 वर्ष), निवासी शाहपुर फिरोजपुर, अम्बेडकरनगर, को गिरफ्तार कर लिया।उसके दो साथी गोलू नोना और टाइगर उर्फ जुगनू नोना फरार हो गए। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा (.315 बोर), एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, छिनैती में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और 15,200 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में कुलदीप ने बताया कि छीने गए 62,000 रुपये को तीनों ने आपस में बांट लिया था, जिसमें से उसके हिस्से में 20,000 रुपये आए थे।बरामद 15,200 रुपये उसी छिनैती का हिस्सा हैं।गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना अतरौलिया में मुकदमा संख्या 138/25, धारा 109 बीएनएस और 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा, वह पहले से दर्ज मुकदमा संख्या 128/25 (धारा 304/317(2) बीएनएस) और अयोध्या के थाना रामजन्म भूमि में मुकदमा संख्या 153/24 में भी वांछित था।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संतोष कुमार, उमेश चंद, कांस्टेबल बब्लू अली, रामसावर और शिवानंद चैधरी शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि फरार अभियुक्तों की तलाश के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

डीएम ने सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर का लिया संज्ञान

सोनभद्र।जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर वायरल/प्रसारित खबर मरीजों से किया जा रहा है अवैध वसूली, के प्रकरण को संज्ञान में लेकर प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय को जांच क्षेत्र निर्देशित किया गया है। जांच आख्या में प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने अवगत कराया है कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालयों में शासन द्वारा निर्धारित शुल्क माइनर आपरेशन का रु-68 एवं मेजर आपरेशन हेतु रू-268 मरीजों से चार्ज लिया जाता है, जिसकी रसीद भी मरीज को दी जाती है। अवैध वसूली के सम्बन्ध में चलाये जा रहे समाचार के सम्बन्ध में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं है।

मासूम संग अश्लीलता , आरोपी पुलिस के हवाले

जौनपुर।जफराबाद कस्बे के ताड़तला मोहल्ले में रविवार शाम एक मंदिर के पास खेल रही पांच वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक द्वारा अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। मोहल्ले के लोगों ने मौके पर आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।बताते है कि उक्त मोहल्ले की कुछ मासूम बच्चियां मंदिर परिसर में खेल रही थीं।इसी दौरान सैयदअलीपुर निवासी खुर्शीद आलम उर्फ मोहम्मद हमजा पुत्र हमीद उल्ला वहां पहुंचा और एक बच्ची को बहला-फुसलाकर मंदिर के पीछे एकांत स्थान पर ले गया, जहां उसने अश्लील हरकतें शुरू कर दीं।बच्ची के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश व्याप्त है।

पुलिया धंसी, कभी भी हो सकता है हादसा

बीजपुर/सोनभद्र। बीजपुर-रेनुकूट सड़क मार्ग पर सेवका मोड़ के पास एक और पुलिया शनिवार को धँस गयी। किसी ग्रामीण ने इसकी जानकारी विभाग सहित सोशल मीडिया में फोटो वीडियो शेयर किया। लेकिन इस जानलेवा पुलिया के पास कोई भी सुरक्षात्मक बोर्ड या बैरिकेटिंग नही लगाया गया है। जिसके कारण जर्जर पुलिया जानलेवा बनी हुई है।बताया जाता है कि एक पुलिया इंजानी बिद्यालय के पास दूसरी पुलिया नेमना जंगल मे अंधा मोड़ के पास अब यह तीसरी पुलिया सेवकामोड के पास ओवरलोड़ का शिकार होकर बैठ चुकी है।जो किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।क्षेत्रीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग का इस ओर ध्यान आकर्षित कर तत्काल पुलिया मरम्मत की माँग की है।जानकारी के लिए जेईं को फोन किया गया तो उन्होंने कहा हमको जानकारी नही थी अभी तुरंत वहाँ बोर्ड लगवाया जाएगा और घेरा भी किया जाएगा।

मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी ने आज आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमो, योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली।

मण्लायुक्त ने अपर निदेशक स्वास्थ्य सहित सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओ की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें इसके लिए चिकित्सको की उपस्थित बनाए रखने के लिए समय-समय पर औचक निरीक्षण करे यदि कोई चिकित्सक बार-बार अनुपस्थित पाया जाता है उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रो पर दवाओ एवं आवश्यक उपकरणो की उपलब्धता बनाए रखें। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मियो को नवीनतम तकनीकी से प्रशिक्षत किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओ की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियो को देय धनराशि को समय पर उपलब्ध कराना तथा आशाओ के भुगतान को भी समयानुसार भुगतान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कुपोषित बच्चो को एनआरसी में भर्ती कराने पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में भ्रमण के दौरान आशा एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकत्री ऐसे बच्चो को चिन्हित कर एनआरसी में भेजना सुनिश्चित करे ताकि उनका समुचित उपचार हो सकें। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चो एवं गर्भवती महिलाओ का रूटीन टीकाकरण कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रो में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियो यथा आशा एवं एएनएम के कार्य प्रणाली एवं संस्थागत प्रसव आदि से सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजना, सेवाओ की मानिटरिंग की जाए। बैठक में ओपीडी, आईपीडी, आयुष्मान कार्ड, स्नेक बाइट वैक्सीन की उपलब्धतता, टीकाकरण आदि की समीक्षा की गई। बैठक में डब्लूएचओ एवं यूनीसेफ के प्रतिनिधियों के द्वारा जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ में कार्यो का लक्ष्य एवं गुणवत्ता के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा सम्बन्धित पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में राष्ट्रीय वेंडर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, संचारी नियंत्रण दस्तक अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

हादसे में घायल ड्राइवर की मौत

जौनपुर ।सिकरारा थाना क्षेत्र में सिकरारा थाने से 100 मीटर आगे 2 दिन पूर्व इंट से लदी ट्रैक्टर और रोडवेज बस की जोरदार टक्कर हो गई थी जिसमें रोडवेज बस चालक 42 वर्षीय चन्द्रशेखर विश्वकर्मा पुत्र तीर्थराज एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई । चालक चन्द्रशेखर विश्वकर्मा प्रयागराज थाना क्षेत्र के नसीरपट्टी के निवासी थे 2 दिन पूर्व भीषण सड़क हादसे में उपचार के दौरन उनकी मृत्यु हो गई मौत की खबर सुनते ही सिकरारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया चालक चन्द्रशेखर विश्वकर्मा संविदा पे रोडवेज में चालक थे।

दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो

जौनपुर। जिला मुख्यालय पर सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में राज्य पाल को नामित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र सिंह को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार को वाराणसी के एक जघन्य एवं क्रूर घटना हेमंत कुमार पटेल की हत्या कर दी गयी ।जो की ज्ञानदीप इंग्लिश

स्कूल नटिनियादाई वाराणसी में 12वीं कक्षा का छात्र था। केवल अभी तक रवि सिंह की गिरफ्तारी हो पायी है। अन्य अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तार कर दण्ड का प्रावधान तत्काल सुनिश्चित किया जाय ।सरदार सेना ने मांग किया कि हत्यारों की गिरफ्तारी कर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, अभियुक्तों के घर पर तत्काल ध्वस्ती करण की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए, ज्ञान दीप इंग्लिश स्कूल की मान्यता रद्द कर स्कूल पर ध्वस्ती करण की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए, हेमंत के परिजनों हेतु योगी सरकार तत्काल एक करोड़ रुपए की धनराशि निर्गत करें। कहा कि अगर यह मांग पूरी नहीं होती है तो अन्यथा की स्थिति में समाज के हजारों लोग हेमंत पटेल को न्याय दिलाने के लिए लखनऊ में मुख्यमंत्री का घेराव करने पर मजबूर होंगे।जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में जंगल राज जैसा हो गया है। प्रदेश में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। हीरालाल विश्वकर्मा,दीपक आर विश्वकर्मा, रविशंकर यदुवंशी,विपिन पटेल,अमर बहादुर चैहान,राजेश पटेल,तूफैल अहमद, सर्वेश कुमार यादव, राजकुमार सिंह पटेल,पिन्टू पटेल, रितिक विश्वकर्मा,राजेश पटेल, प्रतीक सिंह, सरोज कुमार, संदीप गिरी, अमन कुमार, अवधेश मौर्य,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

वक्फ संशोधन विधेयक, मुस्लिम महिलाओं को देगा आर्थिक मजबूती

सोनभद्र।वक्फ सुधार जनजागरण अभियान जिला कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी। कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल मौजूद रहे।

कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने में सहायक साबित होगा, वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत मान्यता प्राप्त और विनियमित किया जाता है। वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित सम्पत्तियाँ भारत में इस्लामिक जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं, क्योंकि वे अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थानों के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। साथ में उन्होंने बताया कि 2018 की केंद्रीय वक्फ परिषद रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है, जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख करोड़ से अधिक है।यू०पी०ए० सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2013 ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार करके मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम करके सम्पत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया।इसमें पारदर्शिता की कमी और हितधारकों की चिंताओं को नजर अंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले किया गया जैसे-राज्य-वित्तपोषित सर्वेक्षण और वक्फ संपत्ति पर प्रतिबंध राज्य सरकार के अधिकार और गैर-मुस्लिम दान को शामिल करने की सीमाएँ, वक्फ परिषद की बढ़ी शक्तियाँ और वक्फ संपत्ति पर लेनदेन पर प्रतिबंध, राज्यों पर बोझ और मनमाने भूमि दावे, यू०पी०ए० सरकार द्वारा 2014 के विधेयक में वक्फ बोर्ड को और अधिक व्यापक शक्ति देने का प्रस्ताव किया गया के साथ - साथ अनेको वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की मुख्य विशेषताओं पर विस्तृत चर्चा किया। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने मे सहायक साबित होगा यह विधेयक विरासत एवं व्यक्तिगत संपत्तियों के अधिकारों की सुरक्षा करेगा मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति मे सुधार होगा विपक्ष का एजेंडा नकारात्मक प्रचार से लोगो को भ्रमित करने का है।प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास है और यही संकल्प केन्द्र सरकार की प्रत्येक योजना एवं निर्णय में परिलक्षित होता है। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने आये हुए मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कार्यकताओं से कहा कि आप लोग अपने-अपने मंडलों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के बारे में सामाजों में जाकर चर्चा करें एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यशाला मे मुख्यरुप से भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह, सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक अशोक राय, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत, कमलेश खांम्भे, अशोक मिश्रा, अजीत चौबे, धर्मवीर तिवारी, फिरदौस, रफीक इम्तियाज, सयद नकी रजा, गौरव जैन, इमाम अली, जहांगीर अली खां, एकलाख अहमद, ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह, दुद्धी नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, पिपरी नगर पंचायत अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, उदयनाथ मौर्या, रमेश पटेल, रंजना सिंह, अशोक मौर्या, ओमप्रकाश दूबे, संतोष शुक्ला, कमलेश चौबे, अनिल सिंह, रामनिवास तोमर, उमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसान हुआ उचक्कों का शिकार

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के थरपरसिया गांव निवासी ओमप्रकाश दुबे ने लालगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके पिता गुलाब प्रसाद दुबे लालगंज बाजार में दुबार रोड पर स्थित जिला सहकारी बैंक में अपने खाते से सोमवार को दोपहर लगभग पौने एक बजे दस हजार रुपए निकाल दूसरे तल पर स्थित बैंक की सीढ़ी के रास्ते नीचे उतरते समय उनके जेब में आगे रखा दस हजार रुपए उचक्का लेकर भागने लगा। रुपए लेकर भागते हुए देख पीड़ित ओमप्रकाश दुबे व पिता गुलाब प्रसाद दुबे चोर चोर का शोर मचाते हुए दो सौ मीटर तक उचक्का का पीछा किया। लेकिन उचक्का मेन रोड पर पहले से खड़े किसी वाहन से भागने में कामयाब रहा।पीड़ित ओमप्रकाश दुबे ने लालगंज थाने में तहरीर दिया।सूचना मिलते ही लालगंज थाने पर तैनात उप निरीक्षक मय पुलिस बल मौके पहुंचे और दुबार रोड के दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा कि एक व्यक्ति पैसा लेकर भाग रहा है। मिले तहरीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। बता दें की थरपरसिया निवासी गुलाब प्रसाद दुबे के साथ घंटे इस घटना के चंद मिनट पहले बैंक के सामने सड़क पर एक अन्य व्यक्ति का सब्जी लेते समय जेब से वह उचक्का रुपए छिन लिया था।

डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

मीरजापुर।जन समस्याओं को अधिक से अधिक निस्तारण फरियादियों को न्याय दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियो की जन समस्याओं को सुनते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आने वाले जनता की समस्याओं को सुनकर, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पीड़ितो की समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि इनकी समस्याओं को सुनते हुये तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करायें। यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें।इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस अंशुल हिन्दल, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

संक्षेप

सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

सीतापुर। जनपद सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर कल्ली तिराहे के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक से जा रहे पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग उछल कर सड़क पर ही काफी दूर गिर गए। हादसे में घायल पिता और बेटे को तुरंत मछरेहटा सीएचसी लाया गया। जहाँ से उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने पिता (अजय मिश्रा) को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटे (अविनाश मिश्रा) का इलाज जारी है आपको बताते चलें कि मृतक अजय मिश्रा और उनके पुत्र अविनाश मिश्रा सीतापुर के ग्राम अरसेड़ा, थाना मिश्रिख के निवासी हैं। मृतक अजय मिश्रा पेशे से कथा वाचक थे और वह बीती रात लखनऊ जा रहे थे। घायल अविनाश ने बताया कि जैसे ही वे कल्ली तिराहे के पास पहुंचे, सामने से तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार आई और उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

कारोबार को आगे बढ़ायें तभी सफल हो पायेंगे: संजय गुप्ता

जिला संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों से कहा कि आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए कारोबार को आगे बढ़ाये तभी सफल हो पायेंगे। पुरानी व्यवस्था को तिलांजलि देने का समय आ गया है। बेहतर व्यवसाय के लिए समय के साथ चलना जरूरी है। संजय गुप्ता रविवार मजबूर होगी। संजय गुप्ता ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का प्रयास करते हुए कहा कि महिलाओं को व्यवसाय में आगे आना होगा। व्यापारी वर्ग व्यवसायिक अभिलेखों से मजबूत रहे, बैंक को अपना दोस्त बनाये, ईमानदारी से कारोबार करे, भ्रष्ट अधिकारियों से घबराने की जरूरत नहीं है। संजय गुप्ता ने कहा कि लगातार प्रयासों का परिणाम है कि जीएसटी में व्याप्त तमाम

● संगठन की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए आयोजित किया गया समारोह

को सीतापुर में संगठन की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आये थे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को ऐनी टाइम रिर्टन-ऐनी टाइम रिफंड पॉलिसी अपनानी होगी। उन्होंने कहा कि संगठन में शक्ति होती है। व्यापारी एकजुट होंगे और उनकी तादात बढ़ेगी तभी वह किसी भी सरकार के लिए जरूरी माने जायेंगे। मजबूत व्यवसायिक की सरकार सुनने को विसंगतियों को दूर किया जा सका है, कई मुद्दों पर आज भी वार्ता जारी है। संजय गुप्ता ने कहा कि सीतापुर जिले में संगठन का विस्तार हुआ है। व्यवसाइयों की सभी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण होगा। मुख्य अतिथि संजय गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, अनिरुद्ध निगम,

अमिताभ श्रीवास्तव, प्रयागराज जनपद के जिला अध्यक्ष रमेश केसरवानी, खुदरा खाद्य व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरके कनौजिया का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। शपथ लेने के बाद जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने व्यापारियों की तमाम समस्याओं को उठाते हुए निराकरण के लिए उचित पटल पर वार्ता करने की मांग की है। शासनादेश के बावजूद जिला स्तर पर शस्त्र लाइसेंस निर्गत न किया जाना, वरासत की लंबित फाइलों का निराकरण न करना, निकाय की ओर से आवंटित दुकानों के किराये में वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव करना, गृह कर व जल कर में बेहतासा हुई वृद्धि के अलावा कई अहम मुदे उठाये। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने व्यापारिक सुरक्षा को लेकर प्रस्ताव पारित किया कि व्यापारी सुरक्षा फोरम को और अधिक मजबूत बनाया जाये। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी, अमित गुप्ता, अनिल अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरिता जैन, युवा अध्यक्ष दीपिल अरोड़ा, जितेंद्र रस्तोगी, ताज अंसारी, वंदना श्रीवास्तव, दीपक शुक्ला, रामकुमार जायसवाल, एहराज बेग, अंकिता अग्रवाल, सीमा जैन, पूनम जैन, रामकिशोर राठौर, अर्जुन सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला नगर अध्यक्ष सीमा जैन व वरिष्ठ व्यापारी संजीव अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

बकाएदारों के खिलाफ अभियान में 17 की कटी लाइट, एक पर रपट

देवरिया। बिजली विभाग इन दिनों बकाएदारों और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ जिले भर में अभियान चला रही है। इसी के तहत हाइलास फीडर रेलवे पर अधीक्षण अभियंता अमित कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर उपखंड अधिकारी चंद्रभूषण कुमार, विजिलेंस टीम एवं अवर अभियंता शशांक चौबे के साथ संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग में बजाजी गली, आर्यसमाज गली, बरहज गली में किया गया। जिसमें कुल 108 उपभोक्ताओं का परिसर जांच किया गया। जिसमें 17 बकायेदारों की लाइन काटी गई और 1 उपभोक्ताओं के यहां मीटर से छेड़छाड़ कर मीटर में शंट (प्रतिरोधक) लगा कर विद्युत का उपभोग करते पाए जाने पर धारा 135 के तहत एफ आई आर किया गया तथा 345000 रुपए जमा कराया गया। अभी तक इस तरह का चेकिंग अभियान चला कर कुल 1900 उपभोक्ता के परिसर की जांच कर कुल 33 उपभोक्ता पर रपट दर्ज की गई है। वही 104 उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया। साथ ही 915 स्मार्ट मीटर लगाए गए तथा 30 नए कनेक्शन दिए गए है। यही नही लगभग 1.25 करोड़ रुपए जमा कराए गए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अमित सिंह ने बताया कि अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि समय से विद्युत बिल जमा करे एवं विद्युत की चोरी करने से बचे जिससे ऐसे कारवाही से बचा जा सके।

पूर्व सैनिक बंधुओं ने डीएम को गुलदस्ता भेंट कर किया सम्मान

कुशीनगर। सोमवार को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय तथा पूर्व सैनिक बंधुओं की ओर से जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर का विंग कमांडर आलोक सक्सेना, अ०प्रा० जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी एवं पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष डॉ मेजर एम०के० बरनवाल, उपाध्यक्ष हा० कैप्टन, लालबहादुर त्रिपाठी, हा० कैप्टन श्मसुद्दीन, हा० कैप्टन आर०एस० पाण्डेय, नायक अनिल सिंह एवं अन्य पूर्व सैनिकों द्वारा पुष्प गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रभाकर नाथ तिवारी, क० सहायक, राजेश कुमार गुप्त उपस्थित रहे।

पावर हाउस की जमीन कब्जाने गये दबंगों को पुलिस ने खदेड़ा

जिला संवाददाता

हरगांव (सीतापुर)। जनपद के एक मंत्री के निजी सचिव की शह पर हरगांव पावर हाउस स्थित खाली पड़ी जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से हरगांव नगर के दबंग व्यक्ति ने बीती रात करीब 12 बजे एक ट्राली में सीमेंटेड पिलर व लेवर लेकर पहुंचे

● थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई व मुकदमा दर्ज किया जायेगा

● पुलिस के आने पर दबंग सीमेंटेड पिलरों को छोड़ हुए फरार

तथा पावर हाउस की खाली पड़ी जमीन पर गड्ढे खुदवाने लगे। पावर हाउस में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा जब अपने अधिकारियों को सूचना दी व 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के आने पहले वह लोग सीमेंटेड पिलरों को वहीं छोड़ कर भाग गये। हरगांव पावर हाउस के अवर अभियंता रमेश कुमार मिश्रा द्वारा अपने अधिकारियों को दूरभाष पर अवगत कराया कि 33/11 उपकेंद्र हरगांव में पावर हाउस की जमीन पर रात्रि में कुछ लोग ट्रैक्टर ट्राली की मदद से आकर अवैध रूप से उपकेंद्र की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई। कर्मचारियों द्वारा 112 नंबर पर डायल करके पुलिस बल को शिकायत की गई तब जाकर यहां से वह लोग गए हैं। लेकिन उनके द्वारा लाए गए पिलर यहीं पर पड़े हुए हैं।

साथ ही यह भी बताया कि रात में ही एक मंत्री के निजी सचिव द्वारा मुझे फोन कर कहा गया कि जो लोग पिलर गाड़ रहे हैं लगा लेने दो। मेरे द्वारा रात के समय इस तरह कब्जा करने पर आपत्ति की गई।

घटना की जानकारी पाकर अधिशाषी अभियंता बिसवां संजीव मिश्रा, हरगांव पावर हाउस पहुंचे व मौके का निरीक्षण किया। अपने विभाग के उच्चाधिकारी समेत जिलाधिकारी को घटना से अवगत कराया व जेई हरगांव को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। पावर हाउस का मुख्य गेट रात में बंद करने का आदेश दिया।

अवर अभियंता द्वारा हरगांव थाने में लिखित तहरीर दी गई है। जिसमें अवगत कराया गया है कि पावर हाउस की बहुत पुरानी बाउंड्री वॉल है। इस तरीके से रात्रि में दबंग व्यक्ति द्वारा आकर द्वारा सरकारी जमीन को अपना बताकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।

इस प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेते हुए सरकार हित में और विभाग हित में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। इस बाबत हरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई व मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

चार दुकानों में चोरी हजारों का सामान ले गये बदमाश

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली के महमूदाबाद मार्ग पर स्थित जाफरीपुरवा व ईदगाह तिराहा स्थित चार दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी की और फरार हो गये। जानकारी होने पर सुबह सिधौली कोतवाली पुलिस व सीओ व फॉरेंसिक टीम ने पहुँचकर जांच पड़ताल शुरू की है। जानकारी के अनुसार सिधौली महमूदाबाद मार्ग पर स्थित जाफरीपुरवा में स्थित देवेंद्र प्रताप सिंह की देशी शराब की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर शराब की पेटियां और नगदी चुरा ली। इसी दुकान के कुछ दूरी पर स्थित आलोक पुत्र जगदीश निवासी जसवंतपुर की किराना की दुकान से 9800 की नगदी सिगरेट गुटका के पैकेट अन्य सामान चोरी कर लिया। देखो चोरों ने यहां पर ही बस नहीं की जाफरीपुरवा से कुछ ही दूरी पर स्थित ईदगाह तिराहे पर स्थित दो सगे भाइयों मोहम्मद फहीम व मोहम्मद हलीम कपड़ा व किराना की दुकान से हजारों का सामान चोरी हो गये।

महोठे रानी मेला में पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद

कमलापुर (सीतापुर)। कमलापुर कस्बे से सटे महोली गांव के किनारे स्थित माता महोठे रानी का मेला एक महीने तक लगता है। मेले में दूर दूर से आने वाले श्रद्धालु मिट्टी की मटकी चढ़ाकर माता रानी से अपनी मन्नते मांगते हैं। लोगों का विश्वास है कि माता रानी सबकी झोली भरती हैं। एक महीने तक लगने वाले मेले में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चाक चैबंद दिखाई पड़ रही है। कमलापुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज राम विशाल सिंह के साथ काफी संख्या में पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था में कुशलता से मुस्तैद दिखाई पड़ रही है। मेले में आने वाले श्रद्धालु अपने को सुरक्षित महसूस करते हुए अपने परिवार के साथ मेले में खरीददारी करते हुए देखे जा सकते हैं। आग से सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड की दो पहिया वाहन सवार मेले में भ्रमण करते हुए देखे जा सकते हैं। महिला सिपाही भी मंदिर से लेकर पूरे मेले में महिलाओं की सहायता तथा सुरक्षा के लिए भ्रमण करते हुए दिखाई पड़ रही है। मेले को कैमरे से लैस किया गया है। मेले में आने वाले लोग अपने को काफी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कमलापुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में पुलिस टीम चप्पे चप्पे पर निगरानी करते हुए आने वाले श्रद्धालु को सहायता तथा सुरक्षा का अहसास दिलाते हैं।

शिक्षकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

देवरिया। सेवानिवृत प्राथमिक कल्याण परिषद जनपद देवरिया के शिक्षको का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष नथुन राय के नेतृत्व में सोमवार को श्रीमती दिव्या मित्तल के नाम का ज्ञापन ए एस डी एम सीमा पांडेय मिलकर शासनादेश का अनुपालन न होने की लिखित शिकायत किया। पत्रक में जिलाध्यक्ष नथुन राय ने कहा है कि अतिरिक्त नोशनल वेतन वृद्धि से संबंधित शासनादेश वर्ष 2013से 2015 तक का अनुपालन न होने से करीब 457शिक्षको को इस वेतन वृद्धि का लाभ अब तक नहीं मिलने से शिक्षको में रोष व्याप्त है पत्रक में यह भी दर्शाया गया है कि बी एस ए देवरिया एवम लेखाधिकारी बी एस ए कार्यालय द्वारा घोर लापरवाही के चलते आज तक पत्रावली उपनिदेशक एवम कोषागार कार्यालय को न भेजे जाने से सभी शिक्षको को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है कई बार शिक्षको का समूह बी एस ए एवम लेखा विभाग से पत्रावली भेजने का निवेदन किया लेकिन बुजुर्ग शिक्षको को परेशान करने की नियत से आज तक नही भेजा गया जिससे अतिरिक्त नोशनल वेतन वृद्धि के लाभ से शिक्षक वंचित होने से रोष व्याप्त है। जिस पर शिक्षको की बात को डीएम के संज्ञान में देकर जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। पत्रक सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष नथुन राय, सुदर्शन कुशवाहा, रामाश्रय दुबे, भीम यादव, जनार्दन कुशवाहा, महाश्रय मिश्र सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

राज्यमंत्री ने किया पत्रकार भवन का लोकार्पण

सलेमपुर(देवरिया)। राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की बड़ी भूमिका होती है। इन्हें चौथा स्तंभ कहा जाता है। ऐसे स्तंभ के बैठने के लिए एक भवन की आवश्यकता थी। आज यह नवनिर्मित भवन पत्रकारों को सुपुर्द कर रही हूं। उन्होंने कहा कि सलेमपुर का ऐतिहासिक विकास होगा। राज्यमंत्री सोमवार को सलेमपुर के हरैया में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नव निर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण एवं पत्रकार गोष्ठी को संबोधित कर रही थी। उन्होंने वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूजन अर्चन कर लोकार्पण की। इस दौरान मीरा लॉन में आयोजित ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियां विषयक गोष्ठी को संबोधत करते हुए कहा कि आम लोगों की समस्या को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य मीडिया करता है। ऐसे में पत्रकार भवन हो जाने से अब पत्रकारों को अपना कार्यक्रम या बैठक करने के लिए किसी दूसरे के घर, होटल या मैरेज हाल नहीं मांगनी पड़ेगी। उन्होंने अपने विकास की चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकार भवन का बनना ही ऐतिहासक कार्य नहीं है। सलेमपुर में जो भी कार्य हुए हैं वह सभी ऐतिहासिक ही हुए हैं। सलेमपुर की जनता ने मुझे पहली बार विधायक बनाकर प्रदेश सरकार में पहली बार क्षेत्र के विधायक को मंत्री बनाया गया है। सलेमपुर में जो भी कार्य हो रहे हैं ऐतिहासिक ही हो रहे हैं। सलेमपुर में सीएचसी का उच्चीकृत, बस स्टेशन का निर्माण, तिलौली में प्रस्तावित ब्लाक का जल्द निर्माण, सोहनाग से सोहगरा तक धर्मार्थ सड़क का निर्माण कराकर सलेमपुर का विकास कराउंगी।

उप जिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकार व प्रशासन एक दूसरे के पूरक हैं। आप ही के सूचना को प्रशासन संज्ञान में लेकर उस पर पहल करने का कार्य करती है। सीओ दीपक शुक्ला ने कहा कि अपराध को रोकने में भी पत्रकारों की अहम भूमिका होती है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय ने कहा कि कमजोर वर्ग की आवाज आज भी पत्रकार ही हैं। पारदर्शिता, निष्पक्षता ही उसका धर्म है और संगठन ही उसके मान, सम्मान, सुरक्षा का सजग प्रहरी है। प्रदेश उपाध्यक्ष केप्टन वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकार शासन व जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। इसके पूर्व राज्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व प्रधानाचार्य नवल किशोर पांडेय, वरिष्ठ कवि गिरधर करुण, स्वास्थ्य क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले डा.आजम खां, वरिष्ठ अधिवक्ता राम नारायण लाल श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ पत्रकार के पी गुप्ता को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन, सात सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

कुशीनगर। जिले के खड्डा ब्लाक के भैसहा ग्राम सभा के ग्राम प्रधान पर गाव में विकास कार्य किए जाने के लिए शासन की ओर से आई करोडो रुपये को हजम किए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर डीएम कार्यालय पहुचे। जहां ग्रामीणों ने जांच कर कार्रवाई करते हुए शासन के पैसे का रिकवरी करते हुए विकास कार्य कराए जाने की मांग करते हुए डीएम को सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा।

सोमवार को जिले के खड्डा ब्लाक के भैंसहा गाव के धनेश्वर यादव यादव के अगुवाई में कलेक्ट्रेट पर पहुंचे गांव के दिलीप तिवारी, पवन मिश्रा, संतोष गुप्ता, चंदन कुशवाहा, झाझु यादव, लक्ष्मण निषाद, रामध्यान धोबी, फुलबदन यादव, अक्षय साहनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद भारती, सफिक आदि लोग जिलाधिकारी कार्यालय के सामने एकत्रित हुए। इसके बाद ग्राम प्रधान पर विकास कार्य में शासन की

ओर से विकास कार्यों के लिए आए धन को डकारने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपने सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम को सौप ग्राम प्रधान से पैसे के रिकवरी करते हुए गांव में विकास किए जाने की मांग की। डीएम को सौंप गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि भैंसहा ग्राम सभा में सड़कों का निर्माण के नाम पर धन अवमुक्त करने के बाद भी ग्राम प्रधान मोहन भारती ने कोई काम नहीं कराया है, जबकि सड़क नाली और स्ट्रीट लाइट जैसे सुविधा से भी अभी यह गांव वंचित है। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने गांव के प्रधान पर कराए गए निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि विकास कार्यों में घटिया क्वालिटी के तहत शौचालय निर्माण कराया गया है, जो अब धराशाई के करागार पर पहुंच चुका है। सड़क और नाली का पैसा अवमुक्त होने के बाद भी विकास कार्य योजना में शामिल नहीं है। सरकारी धन का फर्जी तरीके से भुगतान कर लिया गया है, हालांकि गांव की सड़क गढ्ढे में तब्दील है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा निर्वाचन कार्यालय ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानो को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य विदुओं का गहन निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व्यास नारायण उमराव, ईवीएम के नोडल अधिकारी तथा प्रधान सहायक सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक मुरलीधर शुक्ल, ब्रजभूषण प्रजापति, मकसूद अहमद कनिष्ठ सहायक, शशि कुमार मद्धेशिया कंप्यूटर सहायक व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

मेडल पाकर छात्रों और छात्राओं के खिले चेहरे

कुशीनगर। जिले के तमकुही, गंगुआ बाजार में सभी उत्तीर्ण छात्रों एवं छात्राओं को ग्राम प्रधान गंगुआ अख्तर अली के द्वारा मेडल दे कर सम्मानित किया गया। मेडल पाकर सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए। साथ ही उन्हें और आगे बढ़ने और मेहनत करने की प्रेरणा भी मिली। इस अवसर पे 70 % से ज्यादा अंक लाने वाले छात्र एवं छात्राओं को सोनू ज्वेलर्स समउर बाजार के सोनू वर्मा द्वारा चांदी का कलम दे कर सम्मानित किया गया। छात्रों के लगन और मेहनत को देख कर ग्राम प्रधान के साथ सभी क्षेत्र वासी शिक्षक और वहां पे मौजूद सभी गण मान्य लोगों ने तहे दिल से बच्चों को शुभकामनाएं अर्पित किए। वहां उपस्थित एक शिक्षक सुनील सर ने बताया कि अगर बच्चे पढ़ने को तत्पर हैं तो हम पढ़ाने में पीछे नहीं हटते।

50 लाख से अधिक लागत के निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

कुशीनगर। डीएम की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पी0डब्ल्यू0डी0, यूपी पीसीएल, सी एंड डीएस, यूपी सी0एल0डी0एफ0, यूपी आर एन एस एस, द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई। बैठक दौरान जिलाधिकारी ने सभी

● लंबित निर्माण कार्यों और परियोजनों को शीघ्र पूर्ण करने का डीएम ने दिए निर्देश

निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लागत धनराशि के सापेक्ष परियोजना हेतु अवमुक्त अभी तक धनराशि की समीक्षा की तथा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कराए गए कार्यों, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से ली गई। सर्व प्रथम पीडब्ल्यूडी के निगरानी में कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई, तत्पश्चात महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिसके क्रम में कार्यवाही संस्था के संबंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में ड्राइंग एवं डिजाइन इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है तथा पायलिंग का कार्य प्रगति पर है। जिला कारागार के निर्माण कार्यों के अंतर्गत बैठक, प्रशासनिक भवन, मल्टीपरपज हॉल आदि प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यदाई संस्था यूपी पीसीएल द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विशुनपुरा परिसर में छात्रावास का निर्माण कार्य समीक्षा दौरान बताया गया कि अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जाना था, फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है तथा अभी कुछ कार्य अवशेष हैं जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार बौद्ध विहारों पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों की जानकारी दी गई। इसी प्रकार थाना तरया सुजान व सेवरही के कार्य की भी जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। पर्यटन विकास योजना अंतर्गत हाटा स्थित कर्महा मठ, दिग्जम्बर जैन मंदिर फाजिलनगर, रामकोला स्थित चेड़ामाई मंदिर परिसर में मेडिटेशन हाल, खिरकियां एवं शिव मंदिर में पर्यटन विकास कार्य, रामपुर सोहरौना स्थित ताल के ईको पर्यटन विकास कार्य, रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा

घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य, बुद्धा थीम पार्क का निर्माण/सौंदर्यीकरण का समस्त कार्य, बौद्ध विहार पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों अंतर्गत कार्य में प्रगति की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य के अंतर्गत उन्होने जानकारी लेते पूर्ण परियोजना का ले आउट डिजाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा दौरान जनपद न्यायालय स्थित कोर्ट के निर्माण कार्यों, पडरौना बस स्टेशन का जीर्णोद्वार /आधुनिकरण का कार्य, बुद्धा पार्क रविंद्रनगर के निर्माण कार्य, जल निगम नगरीय अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य, इसके अलावे नई सड़कों/चौड़ीकरण के समस्त कार्यों की समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति जानी व कार्य प्रगति को बढ़ाए जाने तथा जिन निर्माण कार्य में सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं उसे तत्काल हस्तांतरित/ हैंडओवर करने हेतु संबंधित कार्यदायीं संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्यदाई संस्था के अधिकारी विशेष ध्यान रखें की विभाग के द्वारा तय अंतिम तिथि एवं कार्यदाई संस्था के द्वारा कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि एग्रीमेंट के अनुरूप एक ही हो। अगर किसी कारण से उन्होंने परियोजना देर से शुरू की है तो तिथि बदलाव हेतु विभागीय अनुमति शत प्रतिशत आवश्यक है। अगर किसी कायार्दारी संस्था ने अपने मन से कोई तिथि में परिवर्तन किया है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार के परिवर्तन हेतु विभागीय अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्य और अवशेष कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिए जाए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि अवमुक्त की गई है उनका उपयोग कर कार्य प्रगति में कर तेजी लाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उनकी सूची बनाएं तथा जो परियोजनाएं पूर्ण है एवं हैंडओवर के प्रक्रिया में लंबित हैं उसकी जांच समिति से रिपोर्ट प्राप्त कर अवगत कराए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह, सहायक पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन, अधि0 अभि0 पीडब्ल्यू डी निर्माण खंड/प्रांतीय खंड, सभी कार्यदाई संस्थाओं के एक्स इएन सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

प्रधान ने फीता काटकर डिजिटल लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

कमलापुर (सीतापुर)। कमलापुर कस्बे के नहर चौराहे से ब्लॉक रोड पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत महोली के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह ने एक डिजिटल लाइब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन अवसर पर ग्राम प्रधान ने बताया कि सभी लोग अपने बच्चों को शिक्षित जरूर बनाये, शिक्षा से व्यक्ति और देश आगे बढ़ता है एक शिक्षित व्यक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कमलापुर कस्बे के ब्लॉक रोड पर शुक्रवार को मारुति नंदन डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया।

इस लाइब्रेरी में पढ़ने वाले बच्चों को वातानुकूलित ऑफिस, शांत पूर्ण वातावरण, प्रमुख समाचार पत्र व पत्रिकाएं, प्रमुख पुस्तके, एनसीईआरटी की प्रतियोगी पुस्तके, मुफ्त वाई फाई, पार्किंग, सीसीटीवी कैमरा, लाकर आदि की सुविधाएं उपलब्ध है। इस लाइब्रेरी में बारह घंटे तक बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। ललित सिंह ने इस लाइब्रेरी को खोलकर क्षेत्र के विद्यार्थियों को एक सौगात दी है।

आज देवरिया आयेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, देंगे 676.32 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

देवरिया। जिले के देसही देवरिया विकास खण्ड के पंडौली पड़ियापार गांव स्थित नव निर्मित राजकीय महाविद्यालय के पास कल 29 अप्रैल को 11.30 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ का आगमन होगा। इस दौरान वह 676.32 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें 422.67 करोड़ रुपये की 160 नई परियोजनाओं का शिलान्यास और नव निर्मित राजकीय महाविद्यालय सहित 253.64 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 341 तैयार बड़ी परियोजनों का लोकार्पण शामिल है। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दीं है।

डीएम दिव्या मित्तल एवं एसपी विक्रांत वीर सीएम के कार्यक्रम को लेकर मौके पर तैयारियों को अंतिम रूप दिलवाने में लगे। जिले के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी लगाया गया है।

नव निर्मित राजकीय महाविद्यालय का लोकार्पण करने आ रहे सीएम योगी आदित्यनाथ शहरवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के कार्यक्रम आयोजन स्थल पड़ियापार में तय होने के बाद प्रशासनिक महकमे ने तैयारियां तेज कर दी है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम होने के कारण कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे है। डीएम दिव्या मित्तल एवं एसपी मातहतों के साथ सीएम के कार्यक्रम को लेकर लगातार तैयारियों में लगी है।

चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी विक्रांत वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को दिशा निर्देश दे रहे है। महाविद्यालय के बिल्कुल पास में हैलीपेड बनाया गया है। जेसीबी सहित तमाम मशीनों को लगाकर सड़क पर गड्ढे, टूटी सड़कों को मरम्मत करने का कार्य तेज हो गया है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग में लगे हुए हैं।

सोने की चमक

आर्थिक मंदी, कारोबारी अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव या फिर ऐसी कोई भी स्थिति जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका हो, तो सबसे पहले सोने के रेट बढ़ने लगते हैं। कारण सोना आज एक ऐसे विश्वसनीय कमोडिटी के रूप में निवेशकों और राष्ट्रों के केन्द्रीय बैंक के बीच स्थापित हो चुका है, जो संकट के समय उसके निवेश वैल्यू का संरक्षण करता है और लाभकारी रिटर्न भी सुनिश्चित करता है। हालांकि यह बाजार, निवेशकों, केन्द्रीय बैंकों और स्टोरियों की धारणा है, जरूरी नहीं कि यह सच हो क्योंकि बीते दो दशकों में कम से कम दो-तीन बार सोने ने कई सालों तक नकारात्मक रिटर्न दिया है। लेकिन जिस तरह केन्द्रीय बैंक, निवेशक और फंड हाउस अपने निवेश की वैल्यू को सुरक्षित रखने और अच्छे रिटर्न के लिए निवेश को डाइवर्सिफाइड कर रहे हैं, उससे सोने में लगातार निवेश बढ़ रहा है और इस कारण सोना एक लाख रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया। जनवरी 2024 में सोने का भाव 62-64 हजार प्रति दस ग्राम के रेट पर था। जनवरी 2025 में 75-80 हजार के बीच था लेकिन जैसे ही ट्रंप ने व्यापार युद्ध का आगाज किया और मंदी की आशंका बढ़ी तो सोने की कीमतों में आग लग गयी। इस साल अब तक सोना सबसे रिटर्न देने वाला कमोडिटी बन गया है। देश में प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये का स्तर छू चुका है। हालांकि बाद में मुनाफावसूली के कारण इसमें कुछ गिरावट आयी है। ट्रंप के लिबरेशन डे के बाद सोने ने तेजी पकड़ी लेकिन बाद में कीमतों में कुछ गिरावट आई क्योंकि टैरिफ के मुद्दे पर ट्रंप ने अपना रुख कुछ नरम कर लिया। परंतु निरंतर वृहद आर्थिक अनिश्चितता तथा वैश्विक मुद्रास्फीति के ऊंचे स्तर पर रहने की संभावनाओं के बीच इसकी कीमतों में दोबारा तेजी आ गयी। मुद्रा स्फीति और व्यापक तौर पर वृहद अनिश्चितता को लेकर बचाव के पारंपरिक उपाय के रूप में केंद्रीय बैंक से लेकर आम परिवार तक सोने का इस्तेमाल करते हैं। आर्थिक अनिश्चितता के मद्देनजर अधिकांश केंद्रीय बैंकों ने सोने का भंडार बढ़ा लिया है। बढ़ते निवेश और केन्द्रीय बैंकों के भंडारण के कारण सोने की मांग बहुत अधिक है और इस कारण लगातार इसके दाम बढ़े हैं। बीते दिनों कई एजेंसियों ने इसके दाम 1.20 हजार प्रति दस ग्राम तक जाने की भविष्यवाणी की है। निवेश, रिटर्न और भंडारण यह एक बात है। लेकिन भारत में सोना हमारे संस्कारों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब सोने के दाम अत्यधिक ऊपर पहुंच गये हैं, तो इससे सबसे ज्यादा तकलीफ आम आदमी को हो रही है। जो लोग धनी है वे सोने से कमाई कर रहे हैं लेकिन सामाजिक मान्यता, संस्कार और हमारे रीति-रिवाज ऐसे हैं जो सोने के गहनों की खरीददारी को विवश करते हैं और इस कारण गरीब आदमी का सोने का नाम पर शोषण हो रहा है। चाहे बेटी की शादी है, धरतेरस हो, अक्षय तृतीया हो, बच्चे का जन्म हो, मुंडन, जनेऊ संस्कार आदि हो, हरेक मौके पर सोने की ज्वैलरी गिफ्ट-नेग के रूप में देने की परंपरा है। लेकिन मुनाफाखोरों ने, स्टोरियों ने और काफी हद तक राष्ट्रों के केन्द्रीय बैंकों ने पारिवारिक खुशी और संस्कारों के शुभ अवसरों को आम आदमी के शोषण का जरिया बना दिया है। बहरहाल आज सोना कितना भी चमक जाये, लेकिन जैसे ही वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बादल छटेंगे, दुनिया पर में कारोबार सामान्य होगा और विकास आगे बढ़ेगा, तो इसे सोने से रिटर्न मिलना कठिन हो जायेगा और फिर निवेशक और सटोरिये इसे पटक देंगे। इसलिए जिनको बहुत जरूरी है, जिनके पास विपुल संसाधन हैं उनके लिए कोई बात नहीं लेकिन आम आदमी को फिलहाल सोने की खरीददारी से इस समय बचना चाहिए। जब सोने के भाव स्थिर होंगे तब खरीदारी का मौका ठीक रहेगा। फिलहाल वैश्विक आर्थिक अनिश्चतता के बीच केन्द्रीय बैंक, निवेशक और सटोरिये सोने में पैसा लगा रहे हैं और इस कारण लगातार इसके दाम चढ़ रहे हैं। यह दाम कहां तक जायेंगे कुछ कहा नहीं जा सकता है लेकिन एक न एक दिन सोने का यह बुलबुला फूटेगा और इसके दाम गिरेंगे, वास्तविक ग्राहक के लिए तब मौका होगा।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच केन्द्रीय बैंकों के साथ निवेशकों सोने में निवेश बढ़ा रहे, इससे भाव बढ़ रहे हैं।

विचार

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

बीएसएफ जवान की जरूरी है पाक से वापसी

लोकमित्र

हाल के सालों में ऐसा कई बार हुआ है, जब इधर का कोई जवान धोखे में उधर चला गया या उधर का जवान इधर आ गया है, तो बातचीत का तरीका अपनाया गया है। लेकिन इस बार जिस तरह पांचवां दिन शुरू होने के बाद भी पाकिस्तानी रेंजर्स ऊपर से आदेश न होने की बात कहकर पूर्णव साव को नहीं छोड़ रहे, इससे अनेक सवाल उठ रहे हैं।

पहलगाम में आंतकी हमले के ठीक अगले दिन यानी 23 अप्रैल 2025 को पाकिस्तानी रेंजर्स ने दो फोटो जारी किये, एक में उन्होंने एक जवान को पकड़ रखा था, दूसरी में उस जवान की आँखों में पट्टी बांध रखी थी। यह जवान भारत की बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का पूर्णव साव था। पहली तस्वीर में जहां पूर्णव साव पेड़ के नीचे खड़ा है, वहीं जमीन पर उसकी राइफल, पानी की बोतल और गोलियों का बैग पड़ा हुआ है। दूसरी फोटो ज्यादा परेशान करने वाली है, क्योंकि इस फोटो में पाकिस्तानी रेंजर्स ने पूर्णव की आंखों में पट्टी बांध रखी है। गौरतलब है कि पूर्णव पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में स्थित रिसड़ा गांव का रहने वाला है। वह पिछले 17 सालों से बीएसएफ में कार्यरत है और इन दिनों पंजाब में फिरोजपुर के पास भारत-पाकिस्तान बोर्डर पर तैनात था। भारत-पाक बोर्डर में कई जगह सरहद के आरपार किसानों के खेत मौजूद हैं। इन खेतों में किसान सैनिकों की सुरक्षा में काम किया करते हैं। फिरोजपुर के ऐसे ही बॉर्डर में इन दिनों गेहूं की कटाई चल रही है, जहां पूर्णव किसानों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए तैनात था।

बीएसएफ के इस जवान से इस संबंध में गलती यह हुई कि वह बोर्डर की फैंसिंग पर लगे गेट नंबर 2008/1 में किसानों को सुरक्षा देते समय गलती से बोर्डर पार को कर गया और चूंकि उसकी तबीयत भी कुछ ढीली थी, इसलिए वहीं मौजूद एक पेड़ के नीचे सुस्ताने के लिए बैठ गया और दुर्भाग्य से उसे नींद आ गई। तभी पाकिस्तान के सीमा सुरक्षक जिन्हें पाक रेंजर्स कहा जाता है, पूर्णव साव को गिरफ्तार कर लिया और बहुत कहने के बाद भी कि तबीयत खराब होने की वजह से उसे पेड़ के नीचे झपकी आ गई, पाकिस्तानी सीमा सुरक्षकों ने साव को नहीं छोड़ा। यहां तक कि इस बीच बीएसएफ के मौके पर ही कई वरिष्ठ अधिकारी भी आ गये बावजूद इसके पाकिस्तान की तरफ से कोई सकारात्मक रूख नहीं अपनाया गया और वे पूर्णव को लेकर चले गये। इसके बाद से भी पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ बीएसएफ की हाई लेबल तीन तीन फ्लैगशिप मीटिंग्स हो चुकी है, लेकिन पाकिस्तानी रेंजर्स की तरफ से जरा भी सकारात्मक रवैय्या नहीं अपनाया गया। यही वजह है कि इन पंक्तियों के लिखे जाने के

समय तक भी बीएसएसफ जवान के छोड़े जाने से संबंधित कोई सकारात्मक सूचना नहीं आयी। ज्यों ज्यों दिन बढ़ रहे हैं, चिंता बढ़ रही है कि बीएसएफ जवान के खिलाफ दुश्मन कोई कुचक्र तो नहीं रच रहा? इस मामले में संवेदनहीनता की एक बात यह भी सामने आयी है कि पूर्णव साव के घरवालों के मुताबिक उन्हें बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स द्वारा पूर्णव के पाक रेंजर्स द्वारा गिरफ्ततारी की सूचना नहीं दी गई, घर वाले तो कुछ परिजनों के कहने पर जब एक टीवी चैनल देखा, तब कहीं इस सबका पता चला। हालांकि बाद में जब स्थानीय लोगों ने यह मुद्दा उठाया तब कहीं जाकर स्थानीय संसद सदस्य की बदौलत पहले बीएसएफ के हैडक्वार्टर से और फिर भारत सरकार की तरफ से पूर्णव कुमार साव के घर को यह औपचारिक सूचना दी गई और यह आश्वासन भी दिया गया कि जल्द से जल्द पूर्णव की रिहाई होगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अभी तक ऐसे सभी मामलों में जो धोखे में इधर के जवान उधर और उधर के कुछ इधर भूलवश आ जाते हैं, उन्हें थोड़ी बहुत औपचारिक जांच पड़ताल के बाद छोड़ दिया जाता है और यही अंतर्राष्ट्रीय सरहद साझा करने वाले देशों के लिए प्रोटोकॉल भी है।

चिंतन

हाल के सालों में ऐसा कई बार हुआ है, जब इधर का कोई जवान धोखे में उधर चला गया या उधर का जवान इधर आ गया है, तो यह तरीका अपनाया गया है। लेकिन इस बार जिस तरह पांचवां दिन शुरू होने के बाद भी पाकिस्तानी रेंजर्स ऊपर से आदेश न होने की बात कहकर पूर्णव साव को नहीं छोड़ रहे और जिस तरह पहलगाम हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रिश्ते लगातार तनाव के चरम तक पहुंचते जा रहे हैं, उससे न आशंका होते हुए भी यह आशंका होने लगती है कि कहीं माहौल की गरमागरमी और तनाव का खामियाजा इस सीमा सुरक्षा बल के जवान को न भुगतना पड़ जाये। इसलिए भारत सरकार और सेना के अधिकारियों को भी, पहली प्राथमिकता के तहत सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णव साव की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करनी चाहिए। क्योंकि अगर तनाव के धोखे धोखे उनके साथ कुछ गलत हो गया तो स्थितियों के तुरंत और ज्यादा बिगड़ जाने की स्थिति बन सकती है। हालांकि जिस तरह से पिछले चार दिनों में लगातार दोनों तरफ से संयम बरता जा रहा है, उससे यह तो लगता है कि दोनों ही तरफ के जिम्मेदार लोग यह मानने व स्वीकारने के लिए तैयार हैं कि यह एलओसी के दूसरी तरफ पहुंच जाना कोई जानबूझकर अंजाम दी गई घटना नहीं है और स्थानीय स्तर पर मौजूद पाकिस्तान के अफसर भी इसे कहीं न कहीं स्वीकार करते हैं, क्योंकि उन्होंने अभी तक पूर्णव पर कोई गंभीर आरोप नहीं लगाया। हालांकि पाकिस्तानी रेंजर्स यह भी मानने को तैयार नहीं हैं कि महज भूलवश या अंजाने में पूर्णव उनकी सीमा में पहुंच गया होगा। वह यह तो मानते ही हैं कि जरूर इसके पीछे कोई न कोई चाल हो सकती है। लेकिन यह मामला जब तक स्थानीय स्तर पर सुलटा जा सकता है, तब तक बहुत बड़ा नहीं है। मगर जिस तरह से पाकिस्तान के कान में जूं तक नहीं रेंग रही, उसके चलते यह स्थिति लगातार डरावनी हो रही है। भगवान न करे, साव के सुरक्षित वापस आने के पहले तनाव की कोई बात चरम पर पहुंचे और दोनों देश सीमित ही सही, युद्ध में उलझ गये तो एक सामान्य बीएसएफ जवान के लिए वापसी करना कम से कम तुरंत तो मुश्किल हो सकता है।

इसलिए भारत सरकार और जितने भी सेना के महत्वपूर्ण लोग हों, उन्हें इस मामले को जल्द से जल्द सुलझा लेना चाहिए। क्योंकि जो स्थितियां बन रही हैं, वह ऐसी नहीं है कि एक दो दिन में स्वतः तनाव कम हो जायेगा। चूंकि भूले भटके एक दूसरे की सरहद पर पहुंच गये जवानों के लिए जिनेवा का मजबूत समझौता है तथा कई दूसरी अंतर्राष्ट्रीय कानून भी हैं, जिन्हें हर देश को पालन करना होता है। ऐसे में यदि पाकिस्तान कोई आनाकानी कर रहा हो या पूर्णव साव की रिहाई को किसी मकसद के लिए ब्लैकमेल करना चाहा रहा हो तो भारत को तुरंत अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमेटिक चैनल का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान सरकार पर बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए दबाव डलवाना चाहिए।

वैसे इस तरह की गलतियां आम हैं और इसके लिए इस स्तर के राजनयिक दबाव की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। लेकिन अगर पाकिस्तान इसका फायदा उठाकर इसे बड़े मुद्दे में तब्दील करने की मंसूबे बांध रहा हो तो उसे आहिस्ता से यह बात बता देनी चाहिए कि अगर उसने कोई ऐसी वैसी हरकत की तो इतने बुरे नतीजे होंगे कि इसके लिए फिर उसे दशकों सोचना पड़ेगा कि यह गलती उसने क्यों की? लेकिन फिलहाल हमारे जवान का पाकिस्तानी सीमा पर चले जाना हमारी एक नहीं कई वजहों से कमजोर नस बन चुकी है। पाकिस्तान के मुकाबले हम एक वैश्विक महाशक्ति हैं इसके बावजूद जिस तरह से पाकिस्तान हमारे जवान को बिना किसी एक्शन के धोखे से बोर्डर पार कर जाने के लिए इतना बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है, तो हमें तुरंत टेढ़ी अंगुली से घी निकालना चाहिए। क्योंकि जैसे जैसे हमारे जवान के रिहाई में देरी होगी, सेनाओं के मनोबल में तो नकारात्मक असर पड़ेगा ही, आम लोगों का भी मनोबल गिरेगा और यह हमारी अंतर्राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय छवि पर भी एक अतिरिक्त दबाव साबित होगा। इसलिए पाकिस्तान से किसी भी किस्म की बातचीत करने, उसके विरूद्ध कोई एक्शन लेने या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहलगाम के मुद्दे को बहुत प्रचारित-प्रसारित होने देने के पहले ही हमें जैसे भी हो सकता है, यह कर लेना चाहिए।

सोशल मीडिया

दिल्ली में कांग्रेस कार्य समिति की पहलगाम के दुस्साहसी आतंकी हमले के विषय में आज हुई बैठक में सम्मिलित हुआ। आतंकवाद के विरूद्ध पूरा देश एक जुट है। राहुल गांधी.

मा. राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी द्वारा आज नयी दिल्ली में प्रख्यात पैरा एथलेटिक्स कोच डॉ. सत्यपाल सिंह जी को पद्यम श्री पुरस्कार से अलंकृत होने की हार्दिक बधाई। सीएम योगी.

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में अनेकों लोगों के मारे जाने व घायल होने की घटना दुखद, निन्दनीय व चिंताजनक है। इस घटना पर सरकार सख्त कार्रवाई करे। मायावती.

जीवन में आत्म संयम

जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए महापुरुषों का मार्गदर्शन जरूरी होता है। महापुरुषों का मार्गदर्शन, साधना और ज्ञान हमेशा मनुष्य का पारिष्कार कर उनमें दैव प्रवृत्तियों एवं सद् चिंतन का विकास करते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

अंतर्दृष्टि

परीक्षा का पेपर आउट...

व्यंग्यलोक

वह परीक्षा किस काम की जिस में पेपर आउट ना हो! प्रश्नों को हल करने में किसी प्रकार का डाउट ना हो! हर एक वोटर को देना होगा इसका खर्चा। चुनाव प्रचार में दलदल पार्टी का नेता वोटरों के आगे प्रतिदिन अपनी नाक को 1.1 मिलीमीटर घिसता रहा। रबड़दल पार्टी का नेता अपनी नाक 1.2 मिलीमीटर घिसता है। चुनाव परिणाम के दिन दलदल पार्टी की नाक 5.5 मीटर घिस चुकी थी जबकि रबड़दल पार्टी की नाक 5 मीटर ही घिसी बताइए दोनों ने कितने कितने दिन चुनाव प्रचार किया? सामान्यतया वोटरों में शराब बांटने से 1.7 प्रतिशत, रुपए बांटने से 1.2 प्रतिशत और कपड़े बांटने से 0.7 प्रतिशत वोटों की वृद्धि होती है। एक पार्टी अपने वोटों को पिछले चुनावों की तुलना में 17.5 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, तो बताइए उसे 60 करोड़ वोटरों के लिए कितनी मात्रा में शराब कपड़े और रुपयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी? एक विरोधी नेता की सभा में हंगामा मचाने के लिए 10 उत्तम किस्म के चमचे चाहिए। इस किस्म के एक चमचे पर कुल 0.4 लाख रुपयों का खर्चा पड़ता है। एक पार्टी ने ऐसे चमचों पर 11.5 करोड़ रुपए खर्च किए तो बताइए उसने कुल कितनी विरोधी सभाओं में हंगामा मचाया? एक पार्टी अपने फंड में 30 प्रतिशत रुपए भ्रष्टाचार से 10 प्रतिशत रूपए कमीशन से 25 प्रतिशत रुपए रिश्वत से 20 प्रतिशत रुपए ट्रांसफर से व शेष रुपए चंदे से जमा करती है। यदि पार्टी फंड में इस वर्ष 8000 करोड़ रुपए जमा हुए तो बताइए पार्टी ने ट्रांसफर बिजनेस में कितना रुपया कूटा? ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर के किसी विरोधी गुट के नेता को तोड़ने में दी जाने वाली राशि का अनुपात 1:2:3 का रहता है। अगर कोई पार्टी विरोधी गुट के जिला स्तरीय नेता को 0.7 करोड़ में तोड़ती है, तो उसे राज्य स्तरीय 8 नेताओं को तोड़ने में कितने रुपयों की जरूरत होगी? एक पार्टी ने दलित वोटों के लिए 500 कैरेट शराब, पिछड़े वोटों के लिए 400 टन कबाब और सवर्ण नोटों के लिए 570 शबाब की व्यवस्था की, बताइए पार्टी को मिलने वाले वोटों में दलित, पिछड़े व सवर्ण के वोटों का कितना अनुपात रहेगा? एक नेता को तोड़ने में 5 करोड़ रुपए व चार सुंदरियों की जरूरत होती है। पार्टी को सरकार बनाने के लिए 38 नेताओं की जरूरत है। बताइए सरकार बनाने के लिए उसे कितने रुपए व कितनी सुंदरियों की जरूरत होगी। चुनाव जीतने में एक नेता ने 10 करोड़ खर्च किए व मंत्री पद उसने 15 करोड़ में खरीदा। अगर उसे प्रति भ्रष्टाचार 5 लाख प्रति कमीशन डीलिंग 3 लाख व प्रति ट्रांसफर 1 लाख रुपयों की आय होती है। तब बताइए कि उसे कुल कितने भ्रष्टाचार, कमीशन और ट्रांसफर केस डील करने होंगे ताकि वह नेता व्यवसाय में अपनी लागत का 5 गुना रुपया आराम से निकाल सके?

रामविलास जॉगिड़

तेज गेंदबाजों के तरकश में अब नया तीर है 'धीमी गेंद'

खेल जगत

सारिम अन्ना

क्रिकेट के छोटे फॉर्मेट-एकदिवसीय व टी-20 को टीवी व अन्य दर्शकों के लिए मनोरंजक बनाने हेतु बैटर्स के पक्ष में नियमों को इतना अधिक कर दिया गया है कि बेचारा गेंदबाज यही सोचता रहता है कि वह चौकों व छक्कों की बौछार से खुद को कैसे बचाये व विकेट कैसे ले। वह निर्धारित ओवरों (एकदिवसीय में 10 व टी-20 में 4) से अधिक गेंदबाजी नहीं कर सकता। गेंद इधर उधर या ऊपर अधिक न हो वर्ना वाइड हो जायेगी। नों बॉल हो गई तो बैटर को फ्री हिट मिलेगी जिस पर वह आउट नहीं हो सकता (सिवाय रन आउट के)। पॉवर प्ले में गिनती के खिलाड़ी ही 30-गज के दायरे से बाहर रह सकते हैं यानी बैटर को बेखौफ लॉफ्टिड शॉट मारने की छूट है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है जोफरा आर्चर जैसा तेज गेंदबाज भी 4 ओवर में 76 रन दे बैठता है। 20 ओवर में 300 रन बनने भी अब असंभव नहीं लगते हैं, आईपीएल में 285 का स्कोर तो तीन बार पार हो ही चुका है। एक बैटर 55 गेंदों में 141 रन बना चुका है। दस गेंदों में 30-40 रन बनाना तो आम सी बात हो गई है। ऐसा लगता है जैसे गेंदबाज होना गुनाह हो गया है। लेकिन यह अच्छा है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिए गेंदबाज भी अपने तरकश में नये तीरों का इजाफा कर रहे हैं।

मसलन, तेज गेंदबाज से तेज गेंद की उम्मीद की जाती है, लेकिन 20वीं शताब्दी में नये हथियार के रूप में धीमी गेंद विकसित की गई, जो अब टी-20 मसाले में योर्कर व बाउंसर के साथ तेज गेंदबाजों के लिए मुख्यधारा का हथियार बनकर उभरी है। धीमी गेंद बैटर को धोखा देने के लिए फेंकी जाती है- बैटर को लगता है कि गेंद तेज आयेगी, लेकिन उसी एक्शन में गेंद अनुमान से कम रफ्तार पर आती है और बैटर अक्सर धोखा खा जाता है, जिससे वह कम स्कोर करता है या स्कोर नहीं कर पाता या आउट हो जाता है। माना जाता है कि वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज फ्रेंक्लिन स्टीफेंसन ने 1970 के दशक के अंत में धीमी गेंद की ईजाद की। विजडन का कहना है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज बिल लॉकवुड के पास 19वीं शताब्दी में 'धोखा देने वाली घातक धीमी गेंद' थी- जो ऑफ-कटर के तौर पर रिलीज की जाती थी, पहली व बीच की उंगली गेंद के साइड में रखकर अंगूठे को गेंद की टॉप पर लाया जाता, जिससे बैक स्पिन जनरेट होती और कभी कभी तेज कट भी। बिल ने यह प्रैंक (जैसा कि उस समय धीमी गेंद को कहा जाता था) क्रिस क्रेंस को पास किया और उनसे यह कला वसीम अकरम तक पहुंची। स्टीफेंसन के करीबी दोस्त माल्कम मार्शल ने धीमी गेंद का लेग-कटर रूप विकसित किया। फिर इसके बाद बैक-ऑफ-द-हैंड, स्प्लिट-फिंगर और क्रॉस-सीम्ड रूप धीमी गेंद के सामने आये। टी-20 की क्रांति के कारण धीमी गेंद के संदर्भ अतिरिक्त शोध व खोज हो रही हैं। धीमी बाउंसर व नक्कल बॉल भी सामने आयी हैं। सॉफ्ट बॉल की तकनीक को अपनाकर उंगलियों के टिप से पकड़ा जाता है और अधिक बल नक्कल पर दिया जाता है।

दरअसल अच्छी तरह से डिजाइन व छुपाई हुई धीमी गेंद आंखों को ऐसी प्रतीत होती है जैसे कोई जादूगर हैट से खरगोश बाहर निकाल दे। गेंदबाज के बारे में हर बात पहली जैसी ही रहती है रनअप में वही ऊर्जा, लोडअप, हाथ की स्पीड, रिलीज व फॉलो थ्रू।

धीमी गेंद की सफलता इस बात में है कि उसे किस हद तक छुपाकर फेंका जाता है ताकि बैटर को गेंदबाज के एक्शन व कलाई से कोई भनक न मिले और उसे लगे कि गेंदबाज की सामान्य रफ्तार से गेंद आ रही है। बैटर अमूमन इस बात के लिए तैयार रहता है कि 45 सेकंड में 90 किमी की रफ्तार से उसके पास गेंद आ जायेगी, लेकिन जब रफ्तार में नाटकीय परिवर्तन हो जाता है, तो उसके लिए वह शॉट मारना कठिन हो जाता है जिसके लिए वह मानसिक रूप से तैयार होता है और वह टाइमिंग नहीं कर पाता है। अगर वह गेंद को कनेक्ट भी कर ले तो प्रभाव कमजोर रहता है। रफ्तार को कम करना महत्वपूर्ण होता है। जो गेंदबाज 90 किमी की रफ्तार से गेंद करता है उसकी कोई गेंद अगर 70 किमी की रफ्तार से आये तो वह अधिक प्रभावी होगी बजाय 80 किमी रफ्तार वाले गेंदबाज की गेंद 70 किमी की रफ्तार के आने से। सिद्धांत एकदम सरल है, जितनी ज्यादा रफ्तार कम होगी उतना अधिक प्रभाव पड़ेगा।

आपकी बात

समावेशी विकास जरूरी

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

मधुकर वर्मा, लखनऊ.

सामाजिक कल्याण

देश में सबसे अधिक मदद की जरूरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को है। इनसे काम तो कई गुना लिया जाता है लेकिन इनके सुख-दुख और भविष्य का ख्याल कोई नहीं रखता है। इसलिए सरकार को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सभी संस्थान अपने लिए इस्तेमाल करते हैं। उनके श्रम का लाभ उठाते हैं लेकिन उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा आदि का कोई प्रबंध नहीं रहता है। सरकार अपने कर्मियों के लिए सारी सुविधाएं देती हैं। लेकिन यही बात जब गरीब श्रमिकों को देनी की आती है, तो सबकी जेब तंग हो जाती है।

प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

ई-रिक्शा व बाइक में टक्कर, 7 घायल, एक की मौत

बांदा। बड़ोखर बुजुर्ग में ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें 7 लोग घायल हो गए तथा एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सभी घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है, दीपू रैदास पुत्र नत्थू प्रसाद 20 निवासी कुरौली थाना कोतवाली नगर को डॉक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। घायलों में गोमती पत्नी बड़कू 40, बड़कू प्रसाद पुत्र राम सजीवन 48, ई-रिक्शा चालक प्रमोद पुत्र लाल 20, राजकरण पुत्र कलका प्रसाद 45, शिवचरण पुत्र रमेश 18, बद्री पुत्र रामशरण 48 निवासी बड़ोखर बुजुर्ग व रामबाबू पुत्र शिवकुमार 19 निवासी ओरन थाना बिसंडा हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तहसील महसी से निर्गत आय प्रमाण-पत्र हुआ निरस्त

बहराइच। तहसीलदार महसी ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल श्रीमती अर्चना सिंह एवं नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 25 अप्रैल 2025 के आधार पर ग्राम गोपचंदपुर, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासी अवनीश कुमार पुत्र विजय बहादुर बाजपेयी के पक्ष में तहसील महसी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र आवेदन संख्या 241800010152694 व प्रमाण पत्र संख्या 502241019199 को निरस्त किया जाता है।

तहसीलदार महसी ने बताया कि उपरोक्त आय प्रमाण पत्र का उपयोग किसी भी राजकीय योजना के लाभ, व्यवसाय, नौकरी आदि के लिये नही किया जायेगा, यदि आवेदक द्वारा इसका उपयोग किया जाता है तो वह नियमों के विपरीत होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक 30 को

बहराइच। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 30 अप्रैल 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में 113 छात्रों ने लिया भाग

बहराइच। राजकीय पालीटेक्निक मोहम्मदपुर बहराइच के प्रधानाचार्य अरूण कुमार ने बताया कि शिक्षण संस्थान परिसर में लैम्बर्ट लाईटिंग प्रोडक्ट्स प्रा.लि. एवं कल्लनी आटोकास्ट प्रा.लि., ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित पूल कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में तथागत गौतम बुद्ध राजकीय पालीटेक्निक सिरसिया श्रावस्ती के 18, राजकीय पालीटेक्निक बहराइच के 60 एवं राजकीय पालीटेक्निक मोहम्मदपुर बहराइच, के 35 कुल 113 छात्र साक्षात्कार में सम्मिलित हुये। प्रधानाचार्य श्री कुमार ने बताया कि नियोक्ता कम्पनी द्वारा चयनित छात्रों की सूची 01 सप्ताह में उपलब्ध करायी जायेगी। प्लेसमेन्ट कार्यक्रम में शिक्षण संस्था के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

बाढ़ प्रभावी ग्रामों में प्रधानों के माध्यम से बचाव के लिए प्रचार-प्रसार करें: डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जनपदीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ राहत कार्य से सम्बन्धित सभी विभाग सौपें गये उत्तरदायित्वों का समय से पूर्व अनुपालन करना सुनिश्चित करें। साथी उन्होंने निर्देश दिए की सभी विभाग अपनी-अपनी कार्य योजना अधिशासी अभियंता एवं बाढ़ समन्वय अधिकारी को जल्द से जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक में आपदा प्रभारी को निर्देशित किया कि पिछले वर्ष बाढ़ कार्य में लगाये गये कर्मियों से सम्पर्क करते हुए डाटा संकलन कर जिला स्तर पर स्थापित एकीकृत कन्ट्रोल रूम में सूचनाओं को अपडेट करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ नियत्रंण से विगत वर्षो की बाढ़ के दृष्टिगत गंगा एवं अन्य नदियों के अधिकतम व न्यूनतम जल-स्तर का तुलात्मक जानकारी लेते हुए विगत वर्षो में की गयी तैयारियों व प्रभावी क्षेत्रों की जानकारी हासिल कर उन्हें तत्काल समय रहते हुए दुरस्त करने के दिये निर्देश। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावी क्षेत्रों का नक्शा बनाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावी क्षेत्रों में राशन, पानी बाढ़ शिविर की व्यवस्था और गांव में आने जाने के रास्ते भी ठीक होने चाहिए जिससे की ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े।

उन्होंने निर्देश दिए कि वैकल्पिक व्यवस्था में भवन एवं आश्रय स्थलों में जनरेटर सोलर लाइट आदि की व्यवस्था पहले सुनिश्चित करें। नाव संचालकों की एक लिस्ट होनी चाहिए जिससे आवश्यकता पड़ने पर नाव की व्यवस्था हो सके। बाढ़ नियंत्रण कक्ष गोताखोर भी चिन्हित कर लिया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावी ग्रामों में प्रधानों के माध्यम से बाढ़ से बचाव के संबंध में प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए की रोड के किनारे कूड़ा न जलाएं तथा कूड़े का सही प्रकार से डिस्पोजल करें। जिला स्तर पर एवं तहसील स्तर पर भी बाढ चैंकी एवं बाढ़ कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पशु पालन विभाग विद्युत विभाग सिंचाई विभाग कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जिला पूर्ति विभाग सहित ऐसे विभागों की बाढ़ बचाओ राहत कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से जुड़े सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुचारू रूप से संचालित रहे इसके लिए भी स्थानीय स्तर पर समरसेबल पंप वॉटर टैंकर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की सभी चिकित्सा अधिकारी बाढ़ क्षेत्रों में बाढ़ के दौरान क्लोरिन की गोली, स्वच्छता एवं जागरूकता बाढ़ पूर्व तैयारियों पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण फागिंग दवाओं का छिड़काव सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए गर्भवती महिलाओं बीमार तथा घायलों को चिकित्सालय ले जाने की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रभावित क्षेत्र, घाटों सहित गंगा एवं अन्य नदी के किनारों की सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अरविन्द कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, अधिशासी अभियंता बाढ़ नियत्रंण, अपदा विशेषज्ञ प्रशान्त श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

जिले के सात परीक्षा केन्द्रों पर होगी नीट- की प्रवेश परीक्षा

जिला संवाददाता

बहराइच। राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आगामी 04 मई 2025 को आयोजित छम्म्ज ;न्ळद्ध.2025 परीक्षा जिले के जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 07 परीक्षा केन्द्रों पर

● 04 मई 2025 को सम्पन्न होगी प्रवेश परीक्षा

सम्पन्न होगी। किसान पी.जी. कालेज, लखनऊ रोड बहराइच में 02 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु अलग-अलग सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये है। जबकि केन्द्रीय विद्यालय नानपारा की प्रधानाचार्या सुश्री राज कुमारी निगम को सिटी को-आर्डिनेटर नामित किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज, छावनी सरकार गेंदघर के लिए प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट सदर श्रीमती पूजा चैधरी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, 384 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज, छावनी सरकार गेंदघर के लिए प्रधानाचार्या श्रीमती किरन देवी को केन्द्र व्यवस्थापक व अति. मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 360 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र आजाद इण्टर कालेज, चांदपुरा चैराहा के लिए प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट महसी अखिलेश कुमार सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।इसी प्रकार 408 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज, सिविल लाइन, निकट इंदिरा स्टेडियम के लिए प्रधानाचार्य संतोष चन्द्र शुक्ला को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा लालधर यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र महिला महाविद्यालय, सिविल लाइन के लिए प्राचार्या प्रो. श्रीमती प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक कैसरगंज प्रकाश सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जबकि 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-ए के लिए प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट पयागपुर राकेश कुमार मौर्या को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-बी हेतु प्रो. ओम प्रकाश सोनी को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक नानपारा संजय कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

युवक की संदिग्ध हालत में मौत

बहेड़ी, बरेली। ईंट भट्ठे पर काम करने वाले युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया है। और उसकी मौत के कारण की जांच कर रही है।देवीपुरा का रहने वाला 25 वर्षीय अर्जुन पुत्र खेमकरन गंगवार ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। और वह शराब पीने का आदी था। रात किसी समय उसे बहगुल नदी के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसके घर वाले उसे घर ले गए जहां उसकी मौत हो गई।

बाल विवाह पर हो सकती है 02 वर्ष की सजा और एक लाख का जुर्माना

जिला संवाददाता

बहराइच। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक/युवा जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह

● वधू की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो

कराया जाना प्रतिबन्धित है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है।

बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत बाल विवाह करने वाले पुरूष वयस्क के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास अथवा 01 लाख रुपए का जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान है। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गम्भीर दुष्प्रभाव होते हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अक्षय तृतीया (आखा तीज) के अवसर पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 30 अप्रैल 2025 को पड़ रही है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टेन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड वाजा, कैटर्स, फोटोग्राफर, पुरोहित/मोलवी इत्यादि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से भी अपेक्षा की गयी है कि वैवाहिक आयोजन कराने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो तत्काल 112, 181, 1098, 1090 नम्बर या स्थानीय पुलिस स्टेशन/चैकी को सूचित कर दें, जिससे बाल विवाह को रोका जा सके।

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर गोष्ठी आयोजित

जिला संवाददाता

बांदा। वन नेशन वन इलेक्शन के तहत नगर में गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में नरैनी विधायक ओममणि वर्मा उपस्थित रहीं। नगर के एक मैरिजहॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित होकर ह्यएक देश एक चुनावह्न पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के प्राध्यापक अमरजीत सिंह रहे। उन्होंने कहा कि देश में इस समय ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्न की बहुत अधिक आवश्यकता है। बार-बार देश में चुनाव होने से धन की हानि होती है और बड़ी संख्या में मानव संपदा का उपयोग होता है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर कामकाज प्रभावित होता है। इस कारण अन्य विकास के कार्य भी बाधित होते हैं।

विधायक ओममणि वर्मा ने कहा कि यदि पांच वर्ष में सिर्फ एक बार चुनाव होगा तो बहुत बड़ी मात्रा में देश में धन बचाया जा सकेगा, जिसका उपयोग सरकार विकास कार्य में कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हिन्दू इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता संतोष द्विवेदी ने कहा कि देश में पूरे साल कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं जिसमे बड़े स्तर पर सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है, जिससे उनका मूल कार्य तो प्रभावित होता ही है साथ ही धन का बहुत बड़े स्तर पर बार-बार प्रयोग होने से राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय दबाव बढ़ता है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव सामग्रियों का बड़े स्तर पर निर्माण और उनका उपयोग पर्यावरण पर विपरीत असर डालता है। चुनाव के दौरान लाखों टन कागज और चुनाव सामग्री के लिए प्लास्टिक के उपभोग से पर्यावरणीय छति होती है। गोष्ठी में ब्रम्हविज्ञान इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ एवं पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किये। सभी ने सरकार से बहु प्रतीक्षित संविधान संशोधन कर ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्न नीति को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया।

वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों को हक दिलाने वाला: राकेश मिश्रा

बरेली। वक्फ सुधार जन जागरण अभियान भाजपा द्वारा चलाया जा रहा है। इसी के तहत पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा ने जोर देकर कहा संशोधित बिल जहां मुसलमान को हक दिलाने वाला है वही भाजपा का सबका साथ सबका विकास वाली सोच का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बिल से गरीब मुस्लिम समाज को उनका हक दिलाने में एक अच्छा कदम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा वक्फ संस्था को कमजोर नहीं करना चाहती है। इस दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि हमारी सरकार पारदर्शिता, न्याय और सबके लिए समान अधिकार के संकल्प को मजबूत करना चाहती है। कार्यशाला में विधायक डॉ. एमपी आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, वीरपाल गंगवार, नीरेंद्र सिंह राठौड़, परवेज मियां, अंकित महेश्वरी, डॉ. नरेंद्र गंगवार, देवेंद्र सक्सेना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

बैंकों में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

बांदा। जिले में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों, वित्तीय संस्थानों और आसपास के क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस., पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जिले के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एटीएम, बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों में चेकिंग अभियान चलाया। एटीएम, बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों तथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों को चेक किया तथा 24 घण्टे सीसीटीवी चालू रखने के निर्देश दिए। पुलिस ने बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया साथ ही सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने-जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम, बैंकों, वित्तीय संस्थानों के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े, घूम रहे व्यक्तियों तथा खड़े वाहनों की भी चेकिंग की गयी तथा उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

फूड पॉइजनिंग से मचा हड़कंप, 50 से अधिक लोग बीमार

महोबा/पनवाड़ी। पनवाड़ी विकासखंड के सतौरा गांव में संदीप पुत्र सुरेंद्र के मांगलिक मंडप कार्यक्रम में भोजन के बाद फूड पॉइजनिंग की गंभीर घटना प्रकाश आई है। उक्त घटना में 50 से अधिक लोग बीमार हो गए, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। भोजन के बाद उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगीं। परिजनों के अनुसार, मंडप के भोजन में रोटी के साथ जिस घी का प्रयोग किया गया था, वह दरअसल हवन सामग्री के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला घी था। यह घी गांव के निकट बैदों निवासी एक किराना दुकान से खरीदा गया था। गलती से इस घी का उपयोग भोजन बनाने में कर लिया गया, जिससे यह घटना घटी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने पुष्टि की कि हवन सामग्री वाला घी खाने योग्य नहीं था और दुकानदार की लापरवाही के कारण इसका सेवन हुआ। मामले में जिम्मेदारी तय करने और कार्रवाई की जायेगी। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और बीमारों का इलाज शुरू किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप जिलाधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। लेकिन उक्त घटना ने खाद्य सामग्री की जांच की सख्त आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

अखिल भारतीय अशोक सेना की बैठक आयोजित

महोबा। अखिल भारतीय अशोक सेना की एक बैठक बौद्ध मठ में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अखिल भारतीय अशोक सेना ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुद्ध जयंति को लेकर बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय अशोक सेना बुद्ध जयंति धूमधाम से मनायेंगी। बैठक में पूर्व सांसद डा राम बक्स सिंह वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, जिलाध्यक्ष मूलचंद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जीतू अनुरागी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

नगीना, बिजनौर। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के कार्यक्रम में आलमी उर्दू ट्रस्ट दिल्ली के चेयरमैन ए रहमान ने गालिब एकेडमी द्वारा अवार्ड प्राप्त डॉ0 मोहम्मद रिजवान, गजाला रूही, शाहरुख, शमीम अहमद व तय्यब अली को सम्मानित करते हुए कहा कि उर्दू एक ऐसी भाषा है जो अपनी मिठास से दिलों को जोड़ती है।

इकबाल मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आलमी उर्दू ट्रस्ट दिल्ली के चेयरमैन ए रहमान ने गालिब एकेडमी दिल्ली से अवार्ड प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं डॉ मोहम्मद रिजवान, गजाला रूही, शाहरुख, शमीम अहमद व तय्यब अली को सम्मानित करते हुए कहा कि उर्दू एक ऐसी भाषा है जो अपनी मिठास से दिलों को जोड़ती है।

इसकी बेहतरी के लिए सबको मिलजुल कर काम करते रहना चाहिए। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद की अध्यक्षता व मनीष राणा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विशेष सेवाओ के लिए परवेज आदिल माही, मनीष राणा, तनवीर आलम, प्रबंधक हसन जावेद, डॉ शहला अंजुम व उर्दू में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली इकबाल मेमोरियल स्कूल की छात्राओं को भी शाल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को विशेष अतिथि शेख नगीनवी, परवेज आदिल माही, सुरुचि रहमान, मनीष राणा, काजमी, अग्रवाल, (महिला विंग) कामिनी दिवाकर, प्रख्यात शायर अतहर शकील आदि ने सम्बोधित किया।

जिले में 1980.43 लाख की 6 परियोजनाएं स्वीकृत

बांदा। पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष के तहत जिले में विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों के विकास के लिए 1980.43 लाख रुपए की 6 परियोजनायें स्वीकृत की हैं। बांदा एक ऐतिहासिक शहर है, यहां पर अनेक प्राचीन स्थल मौजूद हैं। यहां वर्ष भर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है।

पर्यटन विभाग प्रदेश ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सभी जनपदों में बुनियादी सुविधायें सृजित करने का निर्णय लिया है जिसके तहत जिले के लिए 6 परियोजनायें मंजूर की गयी है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत चन्दौरा विकासखंड नरेनी स्थित कारू बाबा भगवान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 108.90 लाख रुपए, ग्राम पंचायत लसड़ा बसधरी में स्थित ऋषि वेदव्यास की जन्मस्थली के पर्यटन विकास के लिए 127.08 लाख रुपए तथा तहसील बबेरू के ब्लॉक कमसिन के ग्राम मुंडवारा में भादेबाबा स्थल के पर्यटन विकास के लिए 86.20 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

उन्होने बताया कि जिले में रनगढ़ किले की ओर जाने वाले पहुंच मार्ग का उच्चीकरण एवं स्ट्रीट फर्नीचर के कार्य के लिए 1516.07 लाख रुपए, ग्राम सोहाना गंछा विकासखंड बड़ोखर खुर्द व तहसील बांदा सदर में सिद्ध बाबा स्थान का पर्यटन विकास के लिए 92.30 लाख रुपए तथा तिन्दवारी में स्थित कुरसेजा धाम मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 49.88 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इन परियोजनाओं के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्थायें आवंटित कर दी गयी हैं तथा इन सभी कार्यों के लिए शासन ने आदेश जारी कर दिये हैं।

8 साल की मासूम से दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

बरेली। शादी की खुशियों के बीच देहात के बिशारतगंज क्षेत्र के एक गांव में दरिंदगी की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई।

शादी समारोह में शामिल होने आई 8 साल की बच्ची को 47 साल के व्यक्ति ने रसगुल्ला खिलाने का लालच देकर पंडाल के पीछे सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।चाऊमीन लेने गई थी बच्ची, आरोपी ने रसगुल्ला का लालच दिया:

एक ग्रामीण की बेटी की बारात बृहस्पतिवार रात थाना फरीदपुर के गांव से आई थी। दुल्हन की चचेरी बहन अपनी 8 साल की बेटी के साथ बदायूं के बिनावर क्षेत्र से शादी में शामिल होने आई थी। बारातियों के ठहरने का इंतजाम गांव के सरकारी स्कूल में किया गया था। रात 11 बजे के करीब स्कूल परिसर में बने पंडाल में खाना चल रहा था। बच्ची चाऊमीन लेने के लिए मां से कहकर पंडाल की तरफ गई थी। तभी सफेद शर्ट पहने आरोपी नंद किशोर मौर्य ने उसे रसगुल्ला खिलाने का झांसा दिया और पंडाल के पीछे खेत की ओर ले गया, जहां बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। खून से लथपथ मिली बच्ची, होश में आने पर बताया सफेद शर्ट वाला था दरिंदा:काफी देर तक बच्ची के लापता रहने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, जिसके बाद वह खेत में बेहोशी की हालत में मिली। घटना की सूचना मिलते ही सीओ आंवला नितिन कुमार, थाना प्रभारी समेत कई थानों की फोर्स गांव पहुंची। आरोपी की तलाश में रातभर दबिश दी गई, लेकिन वह फरार रहा। जिला अस्पताल में शुक्रवार को इलाज के बाद होश में आने पर बच्ची ने महिला पुलिस को बताया कि आरोपी सफेद शर्ट पहने था और रसगुल्ला खिलाने का लालच देकर उसे बाहर ले गया था। खेत में ले जाकर उससे घिनौना कृत्य किया गया। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार टीमें गठित की गई थीं। गांव और आसपास के 150 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान नंद किशोर मौर्य का नाम सामने आया। हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने की मांग

आंवला, बरेली। नगर पालिका अध्यक्ष सैय्यद आबिद अली को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी भगवान परशुराम चौक बनाने के लिए काफी संख्या में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के बैनर तले एकत्र हुए ब्राह्मण समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष आबिद अली से मिलकर वातालर्पाप कर अपनी मांग को उनके समक्ष रखा।

जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने सहमति जताते हुए कहा कि बहुत जल्द ही नगर में भगवान परशुराम चौक कार्य योजना में डालकर बनवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मैं सभी धर्म का सम्मान करता हूं एवं जिस तरह सम्राट अशोक चौक, अब्दुल कलाम पार्क, महाराणा प्रताप चौक व साथ ही वित्तीय बजट में रानीचौक का निर्माण जल्द ही करवाया जाएगा।

मड़ौली खुर्द खादर व गंछा बालू खदान का निरीक्षण

बांदा। खनन अधिकारी राज रंजन कुमार ने बताया कि तहसील पैलानी स्थित ग्राम मडौली खुर्द खादर व तहंसील बांदा के ग्राम गंछा में स्वीकृत बालू खनन क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का संज्ञान लेते हुए दोनो खनन क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। तहसील पैलानी स्थित ग्राम-मडौली खुर्द के गाटा सं0-58, 107, 108, 109, 110, 111 व 114 कुल रकबा 7.053 हे0 में मे० प्रज्ञाविजन बिजनेस (ओ०पी०सी०) प्रा०लि० निवासी-94 एल्डिकोग्रीन गोमती नगर लखनऊ निदेशक यदुवंशी विकास सिंह पुत्र यदुवंशी अशोक कुमार सिंह निवासी म०नं0-72 साई नगर, फेस-2, सिंहपुर थाना सारनाथ तहसील सदर जिला वाराणसी के पक्ष में 5 वर्ष के लिए बालू खनन पट्टा स्वीकृत है।

स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि पट्टाधारक ने गाटा संख्या व के०एम०एल० के अनुसार निर्धारित की गयी सीमा के अन्दर ही खनन कार्य किया है। इससे पूर्व बीते 19 मार्च को खनन पट्टे की जांच की गयी थी। इसमें कुल 17,298 घन मी० बालू का अवैध खनन पाया गया था, जिसके तहत पट्टाधारक को 21 मार्च को नोटिस निर्गत की जा चुकी है।

इसी प्रकार तहसील बांदा स्थित ग्राम गंछा के गाटा सं0-1971/1 रकबा 24.71 एकड़ में मे० ओम ट्रेडर्स प्रो० राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामआसरे तिवारी निवासी ग्राम-मेथीटिपुर, तहसील सफीपुर, जिला उन्नाव के पक्ष में 28 अक्टूबर 2024 से बीते 27 अप्रैल तक 6 माह बालू खनन के लिए खनन अनुज्ञा पत्र स्वीकृत किया गया था।

जिसका संज्ञान लेते हुए खनन पट्टे का निरीक्षण बीते 27 अप्रैल को किया गया था, जिसमें पाया गया कि अनुज्ञाधारक ने स्वीकृत क्षेत्र में ही खनन, परिवहन कार्य किया था। खनन अनुज्ञा क्षेत्र की अवधि बीते 27 अप्रैल को मध्य रात्रि 12 बजे समाप्त हो चुकी है।

शिशु वाटिका इंग्लिश मीडियम का किया शुभारंभ

महोबा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिशु वाटिका इंग्लिश मीडियम का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चन तथा हवन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मनोज तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक राकेश कुमार गोस्वामी जी ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्पर्चन तथा दीपार्जन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात हवन पूजन से शिशु वाटिका का शुभारंभ हुआ। विभाग प्रचारक मनोज ने कहा कि भारतीय संस्कृति पर आधारित छोटे बच्चों के लिए शिशु वाटिका का शुभारंभ किया गया है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत शिक्षा प्रदान की जाती है। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अतिथि परिचय कराते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अनुप्राणित होकर संपूर्ण देश में चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अरुण, उदय, प्रभात अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं का शुभारंभ विद्यालय में किया गया है जो कि पूर्ण भारतीय संस्कृति पर आधारित होगा। इस अवसर पर जिला प्रचारक चंदन, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ चित्रगुप्त श्रीवास्तव, जिला पंचायत अधिशासी अधिकारी अमित प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

सोना एक हजार रुपये टूटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर



नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1000 रुपये घटकर 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने से निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी है, जिससे सर्राफा जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की मांग कम हुई है। जबकि डॉलर के मजबूत होने से सोने पर दबाव बढ़ा है। शुक्रवार को चीन ने घोषणा की कि वह अपने 125 प्रतिशत शुल्क से कुछ अमेरिकी आयातों को छूट देगा। हालांकि उसने इस बात से इनकार किया कि कोई औपचारिक व्यापार वार्ता चल रही है। इस बीच, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों ने संकेत दिया कि उन्हें मौद्रिक नीति को समायोजित करने की तत्काल आवश्यकता नहीं दिखती है, इसके बजाय उन्होंने ट्रंप प्रशासन के शुल्क के आर्थिक प्रभाव की निगरानी करने का विकल्प चुना है। इस आक्रामक रुख से पता चलता है कि ब्याज दरों में कटौती निकट भविष्य में नहीं हो सकती है। इससे सोने पर और दबाव पड़ेगा।

प्रयाग पॉलिमर्स की पीवीसी ओ पाइप्स की पूरी रेंज लॉन्च

नई दिल्ली। प्रयाग पॉलिमर्स ने पीवीसी-ओ (ओरिएंटेड पॉलीविनाइल क्लोराइड) पाइप की पूरी रेंज लॉन्च की है। इन्हें उच्च दबाव वाले जल वितरण, सिंचाई और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन किया गया है। ये पाइप राजस्थान के भिवाड़ी में प्रयाग की अत्याधुनिक आईएसओ-प्रमाणित सुविधा में निर्मित किए जाते हैं। कुशल, टिकाऊ और पर्यावरण के लिए जिम्मेदार अगली पीढ़ी के पाइपिंग समाधान लाते हुए, प्रयाग के पीवीसी-ओ पाइप पीएन12.5, पीएन 16, पीएन20 और पीएन25 की दबाव रेटिंग में 90 मिमी से 400 मिमी तक के व्यास के साथ उपलब्ध हैं। पारंपरिक पाइपों की तुलना में 40% तक अधिक हाइड्रोलिक क्षमता प्रदान करते हुए, यह नई रेंज सॉकेटेड कनेक्शन के कारण तेज इंस्टॉलेशन का समर्थन करती है और अतिरिक्त फिटिंग की आवश्यकता के बिना लचीले अनुप्रयोग की अनुमति देती है। असाधारण यांत्रिक और हाइड्रोलिक प्रदर्शन के लिए इंजीनियर, प्रयाग पीवीसी-ओ पाइप उच्च प्रभाव प्रतिरोध, बढ़ी हुई लचीलापन, बेहतर हाइड्रोस्टेटिक ताकत और लंबी सेवा जीवन प्रदान करते हैं। प्रयाग में, नवाचार हमेशा हमारे संचालन के केंद्र में रहा है और पीवीसी-ओ पाइप की शुरूआत के साथ, हमने देश की बुनियादी ढांचे की मांगों को पूरा करने में अपना योगदान दिया है।

35 स्थानों पर यात्रियों के लिए लगाया जायेगा ओवरहेड ट्रैफिक सिग्नल शेड्स

गोरखपुर। डर्मीकूल इस साल की गर्मियों के लिए ब्राण्ड ने गोरखपुर में एक शानदार पहल की शुरूआत की है। इस पहल के जरिये पूरे शहर के प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल्स पर अस्थायी शेड्स लगाया गया है। इस पहल के तहत गोरखपुर के बरगदवा चौराहा, महाराजगंज रोड में डमीर्कूल ओवरहेड ट्रैफिक सिग्नल शेड्स लगाए गए हैं। गर्मी के इस मौसम में भारत के कई राज्यों में 35 स्थानों पर कई चरणों में ऐसे ही पहलों की शुरूआत की गई है। इन राज्यों में शामिल हैं आन्ध्र प्रदेश, तमिल नाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली जहाँ पर गर्मियों का तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक ही रहता है। सड़क पर लोगों को डर्मीकूल कूलिंग प्रिक्ली हीट टैल्क के सैंपल भी दिए जा रहे हैं।

सेंसेक्स में 1006 अंकों की उछाल

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 1,006 अंक और निफ्टी में 289 अंकों की जोरदार तेजी दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुआ तनाव भी बाजार की सकारात्मक धारणा पर कोई असर नहीं डाल पाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,005.84 अंक यानी 1.27 प्रतिशत उछलकर 80,218.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,109.35 अंक बढ़कर 80,321.88 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 289.15 अंक यानी 1.20 प्रतिशत बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने इस तेजी में शिरकत की। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.27 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ सेंसेक्स शेयरों में सबसे अधिक लाभ में रही। दिग्गज कंपनी की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 2.4 प्रतिशत वृद्धि बाजार अनुमानों से अधिक है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में भी 2.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एसएमएल इसुजु का 555 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा से महिंद्रा के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जबकि एसएमएल इसुजु लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा सन फार्मा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, एचसीएलटेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,952.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में 17,425 करोड़ रुपये का निवेश किया। अनुकूल वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू वृहद-आर्थिक आंकड़ों के साथ एफआईआई का निवेश बढ़ा है। बीएसई पर मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 1.34 प्रतिशत उछला जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.39 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में से ऊर्जा खंड में सर्वाधिक 3.02 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 2.90 प्रतिशत, पूंजी उत्पाद में 1.93 प्रतिशत और स्वास्थ्य देखभाल खंड में 1.60 प्रतिशत की बढ़त रही। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर कोई नया घटनाक्रम न होने और वैश्विक बाजारों में स्थिरता से दबाव घटा और घरेलू बाजारों में तेजी की धारणा को बल मिला। इसके अलावा रिलायंस में मजबूती से भी समर्थन मिला।

रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे मजबूत होकर 85.03 प्रति डॉलर पर

मुंबई। विदेशी कोषों का प्रवाह जारी रहने, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के रुख के बीच रुपया सोमवार को 38 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.03 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती देने का काम किया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय पर रुपया 85.29 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में वह 84.96 प्रति डॉलर के उच्च और 85.42 प्रति डॉलर के निम्न स्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.03 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 38 पैसे की मजबूती दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.41 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.60 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66.56 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। रुपया सप्ताह की शुरुआत में आत्मविश्वास से भरा रहा और एशियाई मुद्राओं के बीच इसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। स्थिर विदेशी निवेश और शांत भू-राजनीतिक परिदृश्य से घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से सुधार हुआ। परमार ने कहा कि निकट भविष्य में अमेरिकी डॉलर-भारतीय रुपये का भाव 84.90 से 85.70 के बीच रहने के आसार हैं। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 1005.84 अंक की बढ़त के साथ 80,218.37 अंक पर जबकि निफ्टी 289.15 अंक चढ़कर 24,328.50 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 2,952.33 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया था कि 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.145 अरब डॉलर हो गया। लगातार सातवें सप्ताह इसमें वृद्धि हुई दर्ज की गई।

औद्योगिक उत्पादन मार्च में तीन प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी में मासिक आधार पर मामूली रूप से बढ़कर मार्च 2025 में तीन प्रतिशत हो गई, जो इससे पहले फरवरी में 2.7 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

हालांकि, मार्च में वार्षिक आधार पर वृद्धि घटी है। मार्च 2024 में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत था। सालाना आधार पर विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में आईआईपी में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो चार साल का निचला स्तर है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 5.9 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2020-21 में इसमें 8.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सरकार ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि फरवरी 2025 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत थी, हालांकि अब इस आंकड़े को संशोधित कर 2.7 प्रतिशत कर दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मार्च 2024 में 5.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि मार्च 2025 में थोड़ी कम होकर तीन प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.9 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में वृद्धि सालाना आधार पर 1.3 प्रतिशत से घटकर 0.4 प्रतिशत रह गई। बिजली उत्पादन भी मार्च 2025 में 6.3 प्रतिशत पर आ गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 8.6 प्रतिशत था। सालाना आधार पर बिजली की वृद्धि में सुधार और विनिर्माण में मामूली वृद्धि से खनन में हुई गिरावट की काफी हद तक भरपाई हो गई।

अन्य देशों के मुकाबले भारत में कम टैक्स : सिंधिया

नयी दिल्ली। संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न मौजूदा वैश्विक माहौल में भारत के अपने विशाल घरेलू बाजार, बड़े पैमाने के लाभ और नवोन्मेष पर ध्यान केंद्रित करने से प्रतिस्पर्धी बने रहने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि शुल्क दरों की अन्य देशों से तुलना भी की जाए तो भी भारत अधिक अनुकूल स्थिति में है। सिंधिया ने बातचीत में कहा है कि चूंकि अन्य देशों को भी अलग-अलग स्तर के शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए भारत संभवतः पहले की तुलना में कई उत्पादों के मामले में अधिक प्रतिस्पर्धी बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि आकर्षक घरेलू बाजार ने वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों को यहां महत्वपूर्ण उपस्थिति स्थापित करने के लिए आकर्षित किया है। सिंधिया ने भारत की आर्थिक वृद्धि की मजबूत गति और विनिर्माण व नवाचार पर देश की नीति का हवाला दिया।

मंत्री ने कहा, इसलिए मेरा मानना है कि शुल्क के कारण मौजूदा माहौल के बावजूद भारत प्रतिस्पर्धी बना रहेगा। इसका कारण बड़े पैमाने पर काम होने से हमें मितव्ययिता का लाभ है। इसके साथ नवोन्मेष बड़े बाजारों की जरूरतों को पूरा करने में हमें सक्षम बनाता है। अमेरिकी शुल्क स्थिति पर उनके नजरिये के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि शुल्क के पूरे प्रश्न को तुलनात्मक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि यदि आप वह देश हैं जिसके साथ मैं प्रतिस्पर्धा करता था और आप पर लगाए गए शुल्क आज संभवतः मेरे शुल्क से दोगुने हैं। जहां मैं आपके मुकाबले प्रतिस्पर्धी नहीं था, अब मैं प्रतिस्पर्धी हो गया हूं। इसलिए, मुझे लगता है कि इसे केवल भारत-केंद्रित दृष्टिकोण से नहीं बल्कि तुलनात्मक दृष्टिकोण से भी देखना महत्वपूर्ण है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अनेक क्षेत्रों में अनेक उत्पादों के लिए शुल्क लागू होने से पहले की तुलना में भारत अधिक प्रतिस्पर्धी बनकर उभरेगा। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण बदलाव बताते हुए कहा कि भारत ने बुनियादी ढांचे के दृष्टिकोण के साथ ही एक निर्यातक देश के दृष्टिकोण से भी स्वयं को बदल लिया है। मंत्री ने कहा कि ...आपको समझना होगा कि एक अर्थव्यवस्था के रूप में हम कहां खड़े हैं...आज भारत का कद बेहद उंचा है...हम आज 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। हम आज करीब 4000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है, 2028 तक 5000 डॉलर और 2030 तक 6000 अमेरिकी डॉलर के करीब होंगे।

हम 2028 तक बुलेट ट्रेन में यात्रा कर सकेंगे: फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि जापान के सहयोग से बन रही 15 अरब डॉलर की लागत वाली मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम 2028 तक पूरा हो जाएगा।

फडणवीस ने कहा कि राज्य अपने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषकों से 50 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाने पर विचार कर रहा है। इसके लिए चार महीने में घोषणा की जाएगी। शिवसेना के उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना फडणवीस ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना को 2022 तक के दो वर्ष के शासन के दौरान नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब काम पूरी तेजी से जारी है। फडणवीस ने कहा कि 2028 तक हम बुलेट ट्रेन में यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने स्वीकार किया कि पड़ोसी राज्य गुजरात इस परियोजना के विकास में महाराष्ट्र से आगे है। फडणवीस ने कहा कि 1000 अरब अमेरिकी डॉलर के राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण बहुत महत्वपूर्ण है। 2014-19 के बीच मुख्यमंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल के दौरान बुनियादी ढांचे के निर्माण में 30 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया गया था और अब महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अधिक धन लगाया जा रहा है। वीआरएफ द्वारा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना पर यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह अगले तीन से चार वर्ष में चालू हो जाएगा। इस बंदरगाह से लॉजिस्टिक लागत कम करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने साथ ही बताया कि महाराष्ट्र नासिक से वधावन बंदरगाह तक राजमार्ग का निर्माण कर रहा है, जिससे राज्य के 17 जिले आधुनिक बंदरगाह से जुड़ सकेंगे। फडणवीस ने कहा कि गोवा से जोड़ने के लिए शक्तिपीठ राजमार्ग का निर्माण कर रहा है। पिछड़े क्षेत्रों से गुजरने वाली यह सड़क परियोजना आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई और महाराष्ट्र आईएमईईसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही आश्वासन दिया कि राज्य इस परियोजना को सफल बनाने के लिए सुविधाजनक परिवेश तैयार करेगा।

होटल-रेस्तरां को देनी होगी बिना दूध वाले पनीर के उपयोग की जानकारी, मंत्रालय कर रहा विचार

नयी दिल्ली। होटल और रेस्तरां को जल्द ही यह बताना पड़ सकता है कि वे ग्राहकों को परोसे जाने वाले किन व्यंजनों में दूध से बने पनीर की जगह गैर-डेयरी उत्पादों से तैयार पनीर का उपयोग करते हैं। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करने पर विचार कर रहा है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने के लिए पनीर बनाने वालों के लिए एनालॉग पनीर को गैर-डेयरी के रूप में लेबल करना पहले ही अनिवार्य कर दिया है। हालांकि, ये नियम वर्तमान में रेस्तरां में परोसे जाने वाले तैयार भोजन पर लागू नहीं होते हैं। एफएसएसएआई के नियमों के अनुसार, एनालॉग पनीर एक ऐसा उत्पाद है जिसमें दूध के घटकों को या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से गैर-डेयरी सामग्री से बदल दिया जाता है, हालांकि, अंतिम उत्पाद पारंपरिक डेयरी आधारित पनीर की तरह ही लगता है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने पीटीआई-भाषा को बताया, एनालॉग पनीर दिखने और स्वाद में पारंपरिक पनीर जैसा होता है, लेकिन यह पनीर नहीं है। एनालॉग पनीर सस्ता है। होटल और रेस्तरां उपभोक्ताओं को इसके बारे में क्यों नहीं बताते हैं। खरे ने कहा कि प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि व्यंजनों में पारंपरिक पनीर है या गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनी (एनालॉग) पनीर है और उसी के अनुसार उनकी कीमत तय करनी चाहिए। पारंपरिक पनीर के नाम पर वनस्पति तेल जैसे गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर नहीं बेचना चाहिए। गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर काफी लोकप्रिय हुआ है, क्योंकि इसकी कीमत दूध से बने पनीर से लगभग आधी है, जबकि इसका स्वाद और बनावट समान है।

पेज एक का शेष

फ्रांस से 26

इस बड़े सौदे पर मुहर लगी। संदर्भ शर्तों के अनुसार, अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के लगभग पांच वर्ष बाद जेट विमानों की आपूर्ति शुरू होनी होगी। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने कई दौर के विचार-विमर्श और मूल्यांकन परीक्षणों के बाद इस बड़े अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक मंजूरी दे दी थी। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को राफेल (मरीन) लड़ाकू विमानों के निर्माता दसॉ एविएशन से हथियार प्रणाली और कलपुर्जे सहित संबंधित सहायक उपकरण भी मिलेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राफेल-मरीन और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा संचालित राफेल में समानताएं हैं। उसने एक बयान में कहा, राफेल-मरीन की खरीद से भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना दोनों के लिए विमान प्रशिक्षण और रक्षा सामग्री को अनुकूलित करने के साथ-साथ संयुक्त परिचालन क्षमता में भी काफी वृद्धि होगी। इसमें कहा गया इन विमानों के शामिल होने से भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोतों की मारक क्षमता में काफी वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू ने अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत और फ्रांस के अधिकारियों ने समझौते, विमान पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल और हथियार पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान-प्रदान किया।

राष्ट्रपति ने

और मलयालम लेखक एवं फिल्म निर्देशक एम.टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत) को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। कुल 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इनमें पंकज उधास (मरणोपरांत), सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), बालकृष्ण कपूर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश, तमिल अभिनेता एस. अजित कुमार, जाइडस लाइफसाइंसेज के चेयरपर्सन पंकज पटेल और भारतीय-अमेरिकी इंजीनियर विनोद धाम शामिल हैं, जिन्हें पेंटियम के जनक के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर 57 प्रमुख हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इनमें भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य, उद्योगपति पवन कुमार गोयनका, वन्यजीव शोधकर्ता और मराठी लेखक मारुति भुजंगराव चितमपल्ली और कुशल कठपुतली कलाकार भीमाव्वा डोड्डाबलप्पा शिलेक्याथरा शामिल हैं। शिलेक्याथरा तोगालू गोम्बेयाता (चमड़े की कठपुतली) कला का अभ्यास करने वाली पहली महिलाओं में से एक हैं। एम्स और एसजीपीजीआई के पूर्व निदेशक ए.के. महापात्रा और पंजाबी गायक जसपिंदर नरूला कौल को भी पद्म श्री दिया गया। इस वर्ष पद्म पुरस्कार 30 गुमनाम नायकों को दिए गए, जिनमें 100 वर्षीय लीबिया लोबो सरदेसाई भी शामिल हैं, जिन्होंने गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने पुर्तगाली शासन के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए 1955 में एक जंगली क्षेत्र में भूमिगत रेडियो स्टेशन - वोज दा लिबरडेड (स्वतंत्रता की आवाज) की सह-स्थापना की।

कृषि विभाग

होने के कारण निलम्बित कर दिया गया है। इस कार्रवाई पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि विभाग में किसी प्रकार की उदासीनता, शीतलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है।

पाकिस्तान को

वीडियो नीचे ब्लॉग में जाकर देख सकते हैं। चीन की तरफ से पहलगाम हमले को लेकर बयान आया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। भारत और पाकिस्तान पड़ोसी हैं, दोनों देश मतभेदों को बातचीत से सुलझाएं।

वहीं, बीते 6 दिन में एक हजार भारतीय वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान से भारत लौट चुके हैं। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान गए भारतीयों को अपने यात्रा समय को कम करने के लिए कहा गया था। इसी तरह सोमवार तक 800 पाकिस्तानी भारत से जा चुके हैं। पहलगाम अटैक की रिपोर्टिंग को लेकर केंद्र ने 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स पर बैन लगा दिया। इनमें क्रिकेटर शोएब अख्तर, डॉन न्यूज, समा टीवी और जिओ न्यूज शामिल हैं। सरकार का कहना है कि ये चैनल्स भारत और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें चला रहे हैं। केंद्र ने बीबीसी को चेतावनी। दरअसल, पहलगाम हमले की रिपोर्टिंग के दौरान बीबीसी आतंकवादियों को उग्रवादी बता रहा था। सरकार ने यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद की है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 15 ठिकानों पर रेड की है। सूत्रों ने बताया कि ये रेड उन आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले से ऑपरेट कर रहे हैं और इनके लिंक पहलगाम अटैक से जुड़े हैं।

राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पहलगाम हमले पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीपीआई राज्यसभा सांसद पी संतोष कुमार ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखी है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। रॉयटर्स से बात करते हुए आसिफ ने कहा कि, हमने अपनी सेना को मजबूत कर लिया है, क्योंकि अब हमला कभी भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में कुछ रणनीतिक फैसले लेने पड़ते हैं, जो ले लिए गए हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने सरकार को संभावित भारतीय हमले के बारे में जानकारी दे दी है। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं बताया कि उन्हें हमले के आसार क्यों लग रहे हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान पूरी तरह हाई अलर्ट पर है और हम परमाणु हथियारों का इस्तेमाल तभी करेंगे, जब हमारे अस्तित्व पर सीधा खतरा होगा।

यूपी से

रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करने के साथ उन्हें उनके देश रवाना किया जाए। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये थे कि पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश ही जाएं, इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने वतन लौट गये हैं। योगी के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्वाई के निर्देश दिये गये। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार के हवाले से बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश के 75 जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ कार्वाई करते हुए उन्हे वापस भेजने की व्यवस्था की गयी। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेज दिया गया है।

16 पाकिस्तानी

कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिन यूट्यूब चैनल को ब्लॉक किया गया है उनमें, डॉन न्यूज, इरशाद भट्टी, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेंस, जियो न्यूज, समा स्पोर्ट्स, जीएनएन, उजैर क्रिकेट, उमर चीमा एक्सक्लूसिव, अस्मा शिराजी, मुनीब फारूक, सुनो न्यूज और राजी नामा शामिल हैं।

कृष्ण जन्मभूमि

कहा गया है कि संशोधन की अनुमति देते हुए उच्च न्यायालय ने एएसआई और गृह मंत्रालय को भी दीवानी प्रक्रिया संहिता के तहत किसी औपचारिक अर्जी के बिना पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी, या यह तय किया कि वे वाद में आवश्यक पक्षकार हैं। शीर्ष अदालत ने चार अप्रैल को मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद के संबंध में हिंदू पक्ष के सभी मुकदमों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एकीकृत किये जाने के खिलाफ मस्जिद समिति की एक अलग याचिका पर नोटिस जारी किए थे।

आतंकी हमले

परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए हसनगंज थाने में जाकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसी बीच सोमवार को भी एबीवीपी से जुड़े छात्रों ने भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रोफेसर डॉ. माद्री काकोटी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की और पुलिस को एक और तहरीर दी है। छात्रों का कहना है कि जब तक महिला प्रोफेसर डॉ. माद्री काकोटी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रोफेसर खुलेआम देश विरोधी बयान पोस्ट कर रही हैं और ऐसे में अब उनके खिलाफ आरपार लड़ाई होनी तय है। वह अक्सर देश में फिर से आजादी लाने की बात कहती हैं, पर अब हमें उनसे ही आजादी चाहिए।

छह आईएएस अफसरों के तबादलें

लखनऊ। यूपी सरकार ने देर रात छह आईएएस अफसरों के स्थानान्तरण किए हैं। आईएएस अफसर सन्युक्ता समददार प्रमुख सचिव राजनीतिक पेंशन एवं नागरिक सुरक्षा को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ, विशेष सचिव आबकारी दिव्य प्रकाश गिरि को विशेष सचिव नमाति गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा देवेन्द्र कुमार सिंह को विशेष सचिव आबकारी, विशेष सचिव समाज कल्याण रजनीश चन्द्र को विशेष सचिव ग्राम्य विकास की जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह से विशेष सचिव ग्राम्य विकास राजेन्द्र सिंह को विशेष सचिव समाज कल्याण व प्रतीक्षारत पूजा यादव को सचिव उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में भेजा गया है।

उत्तराखंड की

यात्रा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का हर स्थल अपने आप में एक डेस्टिनेशन है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष लोगों पर किए गए हमले को कायराना बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सेना इसका जवाब अवश्य देगी। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह मां गंगा सभी को जल, जीवन ओर समृद्धि प्रदान करती है, उसी तरह यह कानून भी सभी के लाभदायक सिद्ध होगा। राज्य सरकार द्वारा सख्त नकल विरोधी कानून भी लाया गया है, जिसके बाद राज्य में तीन साल में लगभग 22 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है।

योगी ने यूपी

योजनाएं और विकास की परियोजनाएं बजट के अभाव में सालों साल लटकी रहती थीं। आज ये वही उत्तर प्रदेश है, जिसने बीते आठ साल में बिना जनता पर कोई नया टैक्स लगाए अपनी अर्थव्यवस्था को इतना मजबूत कर लिया है कि बीते पांच साल से यह रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। इसके लिए टैक्स की चोरी पर लगाम लगाने से लेकर रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया। सरकार ने व्यापक स्तर पर डिजिटल मैकेनिज्म को अपनाया, जिससे ट्रांसपैरेंसी बढ़ी। यही नहीं उत्तर प्रदेश में डीजल और पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके यूपी समृद्धि के नये सोपान पर चढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी प्राथमिकता के शीर्ष पर रखा। आज यूपी डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बनकर उभरा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिसंबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में एक हजार करोड़ से भी अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए हैं।

कौशांबी : मिट्टी

घटना का संज्ञान लेते हुए शोक संतृप्त परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

गुजरात ने राजस्थान को 210 रन का दिया लक्ष्य

आईपीएल 2025 : शुभमन ने 84, बटलर ने 50 रन बनाए; महीश तीक्षणा को 2 विकेट

एजेंसी

जयपुर। आईपीएल के 47वें मैच में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 210 रन का टारगेट दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 4 विकेट खोकर 209 रन बनाए। शुभमन गिल ने 84 और जोस बटलर ने 50 रन बनाए। राजस्थान से महीश तीक्षणा ने 2 विकेट लिए। संदीप शर्मा और जोफ्रा आर्चर को 1-1 विकेट मिला। राजस्थान रॉयल्स ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 11 रन बना लिए हैं। टीम से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पिच पर हैं। गुजरात से मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर फेंका। राजस्थान रॉयल्स ने पहले ओवर में 11 रन बनाए। टीम से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करने उतरे।

गुजरात से मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर फेंका। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर जोस बटलर ने 2 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने गुजरात का स्कोर 209 रन तक पहुंचा दिया। टाइटंस ने 4 विकेट गंवाए। राजस्थान से महीश तीक्षणा ने 2 विकेट लिए। संदीप शर्मा और जोफ्रा आर्चर को 1-1 विकेट मिला। 20वें ओवर में गुजरात ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी गेंद जोफ्रा आर्चर ने यॉर्कर फेंकी। बॉल राहुल तेवतिया के पैड्स पर लगी। राजस्थान ने छह्ह की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। तेवतिया ने 8 रन बनाए। 19वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल संदीप शर्मा ने गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। वॉशिंगटन सुंदर ने शॉट खेला, लेकिन कवर्स पर कैच दे गए। उन्होंने 13 रन बनाए। 17वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल महीश तीक्षणा ने लो फुल टॉस फेंकी। शुभमन गिल सामने की ओर छक्का लगाने गए, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 84 रन बनाए। गुजरात ने 15वें ओवर में वनिंदू हसरंगा के खिलाफ 24 रन बटोर लिए। जोस बटलर ने इस ओवर में 3 छक्के और 1 चौका लगाया।

गुजरात ने 11वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी बॉल महीश तीक्षणा ने फुलर लेंथ फेंकी। साई सुदर्शन छक्का लगाने गए, लेकिन लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। उन्होंने 39 रन बनाए। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने 10वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर वनिंदु हसरंगा के खिलाफ सिंगल लिया और 29 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के 6 ओवरों में कोई विकेट नहीं गंवाया। टीम ने इस दौरान 53 रन बना लिए। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल पिच पर मौजूद रहे। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन को पारी के दूसरे ओवर में जीवनदान मिल गया। ओवर की पांचवीं महीश तीक्षणा ने फुलर लेंथ फेंकी। सुदर्शन ने इनसाइड आउट शॉट खेला, लेकिन गेंद कवर्स की ओर चली गई। वहां मौजूद फील्डर शिमरोन हेटमायर ने कैच लेने की कोशिश की, लेकिन आसान सा मौका गंवा दिया। गुजरात टाइटंस से साई सुदर्शन और शुभमन गिल ओपनिंग करने उतरे। टीम ने पहले ओवर में 6 रन बनाए। राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने बॉलिंग की शुरूआत की।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की कोशिश लय बनाये रखने पर

कोलंबो। श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय बनाये रखने की होगी। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की। टीम ने इस मैच के दौरान तीनों विभागों में अपना दबदबा कायम किया। स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा और श्री चरणी की अगुआई में गेंदबाजों ने श्रीलंका को कम स्कोर पर रोक दिया, जबकि प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना और हरलीन देओल की तिकड़ी ने बल्ले से शानदार पारी खेली। टीम के क्षेत्ररक्षकों ने भी इस दौरान शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इस लय को जारी रखना चाहेगी। भारतीय महिला टीम इस प्रारूप में मार्च 2022 के बाद दक्षिण अफ्रीका से नहीं हारी है। भारत ने दोनों देशों की पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराया था।

टी20 क्रिकेट में साझेदारियों का महत्व भूल रहे लोग : कोहली

नयी दिल्ली। भारतीय दिग्गज विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट में साझेदारी बनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसका महत्व उन पिचों पर और बढ़ जाता है जहां बड़ा स्कोर बनाना संभव नहीं होता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में पिचें धीमी रही हैं, जिससे बल्लेबाजों को क्रीज पर आते ही आक्रामक रवैया अपनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रविवार को यहां खेले गये मैच में हालांकि कोहली और लोकेश राहुल ने दिखाया कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कैसे निपटा जाना चाहिये। कोहली ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल की 10 पारियों में अपना छठा अर्धशतक लगाया, जिससे आरसीबी ने मौजूदा सत्र में घरेलू मैदान से बाहर अपना अजेय क्रम जारी रखा है। कोहली ने दिल्ली पर छह विकेट की जीत के बाद प्रसारकों से कहा इस पिच को देखते हुए यह एक बेहतरीन जीत थी। हमने यहां कुछ मैच देखे और यह विकेट उन मैचों की तुलना में अलग था। जब भी कोई लक्ष्य का पीछा करता है, तो मैं डगआउट से नजर रखता हूं कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे है या नहीं। आसीबी ने जीत के लिए 163 रन का पीछा करते हुए 26 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन कोहली (51) ने कृणाल पंड्या (नाबाद 73) के साथ चौथे विकेट के लिये 84 गेंद में 119 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। कोहली ने अपनी बल्लेबाजी के बारे में कहा कि वह परिस्थितियों का आकलन कर उसके अनुसार खेल की अपनी शैली में बदलाव करते हैं। कोहली से जब पूछा गया कि लक्ष्य का पीछा करते समय वह किस तरह से योजना बनाते है तो उन्होंने कहा, मैं देखता हूं कि टीम को कितना स्कोर करना है, परिस्थितियां कैसी हैं। कौन से गेंदबाज गेंदबाजी करने वाले हैं। कौन से गेंदबाज हैं जिनके खिलाफ रन बनाना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने कहा, मैं कोशिश करता हूं कि मैं दौड़कर एक और दो रन लेते रहूं ताकि स्कोर बोर्ड पर रुकावट नहीं आये। लोग इस प्रारूप में साझेदारी के महत्व को भूल रहे हैं और इस टूर्नामेंट में साझेदारी और गेंदबाजों पर हावी होने की कोशिश का अच्छा परिणाम मिल रहा है। कृणाल अपनी पारी की शुरुआत में संघर्ष कर रहे थे लेकिन पिच और परिस्थितियों से तालमेल कायम करने के बाद नौ वर्षों में अपना पहला अर्धशतक लगाने में सफल रहे। कोहली ने कहा कृणाल ने शानदार प्रदर्शन किया। उसके पास मैच पर अपना प्रभाव छोड़ने की क्षमता है और यह सही समय था।

संक्षेप

भारत को टेबल टेनिस में 13 स्वर्ण पदक

काठमांडू। भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल किए। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्डी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-। से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्विका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में कुशाल चोपड़ा ने साथी भारतीय आर बालामुरुगन को 3-। से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे भारतीयों ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। अंडर-19 लड़कियों के एकल में भी शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम रहे जब अनन्या चंदे ने पृथा वर्तिकार को 3-। से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

रेपिड एवं ब्लिट्ज : अरविंद चिदंबरम तीसरे स्थान पर

वारसॉ। ग्रैंड चेस टूर पर पदार्पण कर रहे भारत के अरविंद चिदंबरम दूसरे दिन पूर्व विश्व चैंपियन बुल्गारिया के वेस्लिन टोपालोव को हराने और दो अन्य बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद यहां सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर हैं। अरविंद ने टोपालोव के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और रूस के व्लादिमीर फेदोसीव दोनों समान आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अरविंद के सात अंक हैं। अमेरिका के लेवोन अरोनियन, रोमानिया के डियाक बोगडन डियानेल और पोलैंड के डुडा यान-क्रिस्टोफ छह अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारत के आर प्रज्ञानानंदा, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और रोमानिया के डेविड गेवरिलेस्क्यू के पांच-पांच अंक हैं। रेपिड वर्ग में जब सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है तब टोपालोव सिर्फ चार अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने पहली बाजी में अलीरेजा के खिलाफ ड्रॉ का मौका गंवाया और अति महत्वाकांक्षी रवैया अपनाने के कारण उन्हें शिकस्त झेलनी पड़ी।

अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट आज से

एजेंसी

चंडीगढ़। वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन यहां 29 अप्रैल से छह मई तक होगा जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। एयर मार्शल एस शिवकुमार ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश की वायु सेना हॉकी टीम टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों में से एक होगी।

इसमें भाग लेने वाली अन्य टीमों में भारतीय वायु सेना, चंडीगढ़ एकादश, पंजाब एवं सिंध बैंक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सेना एकादश, भारतीय नौसेना, भारतीय रेलवे और रेल कोच फैक्ट्री शामिल हैं। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को तीन लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता टीम को 2 लाख रुपये मिलेंगे। प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को 10,000 रुपये तथा टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 25,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। मैच यहां

वायु सेना के 3 बेस रिपेयर डिपो स्थिति रघबीर सिंह भोला हॉकी मैदान पर लीग और नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। महान दिवंगत वायु सेना मार्शल अर्जन सिंह की स्मृति में वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड वर्ष 2018 से 3 बीआरडी, वायु सेना स्टेशन चंडीगढ़ में इस प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। शिवकुमार ने कहा भारतीय हॉकी परिदृश्य में इस टूर्नामेंट का काफी महत्व है। हॉकी को सभी स्तरों पर प्रोत्साहित करने के लिए वायुसेना खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा पहल की जा रही है।

सुदीरमन कप फाइनल: भारत के सामने इंडोनेशिया की कड़ी चुनौती

शियामेन (चीन)। प्रतियोगिता में बने रहने के लिए इंडोनेशिया जैसी मजबूत टीम को हराने की चुनौती का सामना कर रही भारतीय टीम को मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स के ग्रुप डी में अपने स्टार एकल खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत के अभियान की शुरुआत रविवार को डेनमार्क के खिलाफ।-4 से हार के साथ हुई जिससे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। ग्रुप डी से केवल दो टीम आगे बढ़ेंगी और ऐसे में भारत को अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए इंडोनेशिया के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। भारत अगर इंडोनेशिया से हार जाता है तो इंग्लैंड के खिलाफ उसका तीसरा और अंतिम ग्रुप मैच महज औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

भारतीय मुक्केबाज एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के लिए चुनौती करेंगे पेश

अम्मान (जॉर्डन)। भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिये हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे। अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरुआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-। से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है।

अदिति शेवरॉन चैंपियनशिप में संयुक्त 62वें स्थान पर रही

द वुडलैंड्स (टेक्सास)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां शेवरॉन चैंपियनशिप के चौथे दौर में पार 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 62वें स्थान पर रही। अदिति ने इस दौरान 72-74-77-72 के कार्ड के साथ कुल सात ओवर 295 का स्कोर बनाया।

लीवरपूल ने 20वीं बार प्रीमियर लीग जीता

एजेंसी

लीवरपूल। लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट का खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की। डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किये गोल से पिछड़ने के बावजूद लीवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-। की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया।

लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लीवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी। डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लीवरपूल को 5-1से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिये। इस जीत से लीवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गये जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लीवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची। टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिये थे , जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ।-। से बराबरी दिला दी।

भारत एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में ग्रुप डी में

नयी दिल्ली। भारत को सोमवार को कुआलालंपुर में निकाले गए ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के ग्रुप डी में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ रखा गया। म्यांमार छह से 10 अगस्त के बीच एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा। कुल 33 टीम को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पांच टीम हैं जबकि बाकी सात में चार-चार टीम को जगह मिली है। ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता के साथ अंतिम दौर का मेजबान थाईलैंड एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के 12वें टूर्नामेंट की 12 टीम की सूची को पूरा करेंगे। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप से शीर्ष चार टीम 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2024 तक आठ टीम का टूर्नामेंट था जिसे 2026 से 12 टीम की प्रतियोगिता कर दिया गया है।

नॉटिंघम फॉरेस्ट पर 2-0 की जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी एफए कप फाइनल में

लंदन। कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। सिटी की टीम को यह सफलता उसी दिन मिली जब वह आधिकारिक तौर पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी। इससे प्रशंसकों को निराशाजनक सत्र के बीच खुशी मनाने का कुछ मौका मिल गया। रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाये लेकिन टीम एक को भी भुनानो में सफल नहीं रही। सिटी की टीम इससे पहले चैंपियंस लीग में भी अंतिम 16 चरण में पहुंचने में नाकाम रही थी।

भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने एशियाई कप के लिये किया क्वालीफाई

बैंकॉक। भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने यहां चल रहे क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर सोमवार को एशियाई कप के लिये क्वालीफाई कर लिया। भारत ने थाईलैंड को 6 . 5 से हराया और सुपर राउंड चरण में दूसरे स्थान पर रहा जबकि इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा। सुपर राउंड से शीर्ष दो टीमें एशिया कप में पहुंची हैं। अब मंगलवार को स्वर्ण पदक के लिये भारत का सामना इंडोनेशिया से होगा जबकि थाईलैंड और पाकिस्तान कांस्य पदक के लिये खेलेंगे। आठ टीमों के महिला बेसबॉल एशिया कप क्वालीफायर में भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, श्रीलंका और ईरान को हराकर शीर्ष रहा जबकि इंडोनेशिया ग्रुप बी में शीर्ष रही।

लाहिड़ी एलआईवी मैक्सिको में संयुक्त 22वें स्थान पर रहे, नीमैन बने चैम्पियन

मैक्सिको सिटी। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी अंतिम दौर में दो ओवर 73 का कार्ड खेल कर एलआईवी गोल्फ मैक्सिको सिटी में संयुक्त 22वें स्थान पर रहे।

नाइट राइडर्स व दिल्ली कैपिटल्स की नजरें जीत पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेंगे तो टीम की नजरें बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। दिल्ली को अपने पिछले चार मैच में दो हार का सामना करना पड़ा है जिसमें रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली हार भी शामिल है और टीम लीग चरण के अंतिम मुकाबलों में लड़खड़ाने से बचना चाहेगी। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल ने आक्रामक तेवरों के साथ बल्लेबाजी की है लेकिन वापसी करने के बाद अनुभवी फाफ डु प्लेसी को अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी प्रकृति की पिच पर जूझना पड़ा और उन्हें जल्द से जल्द इससे सामंजस्य बैठाना होगा।

लोकेश राहुल मौजूदा सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं लेकिन रविवार को स्पिनरों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे। वह सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। केकेआर के पास स्तरीय स्पिनर हैं जो मेजबान टीम को कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ वर्षा से प्रभावित मैच में जूझने के बाद नाइट राइडर्स का आत्मविश्वास थोड़ा कम होगा। दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जिससे कि मध्य क्रम में सारा बोझ राहुल पर नहीं आए। गेंदबाजी विभाग में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल

ने पिछले मैच में दो विकेट चटकाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से समर्थन नहीं मिला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ विकेट चटकाने में नाकाम रहे स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपनी पूर्व टीम केकेआर की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे जबकि बीच के ओवरों में कुलदीप यादव ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पोरेल ने कृणाल पंड्या का महत्वपूर्ण विकेट गंवाया। केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। टीम अपने पिछले तीन मैच में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है जिसमें दो में उन्हें हार मिली और एक मैच बेनतीजा रहा। केकेआर को प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए यह मुकाबला जीतना होगा क्योंकि दिल्ली के बाद हार से उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह काफी मुश्किल हो जाएगी। टीम को विभिन्न विभागों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पारी का आगाज करने का मौका नारायण के साथ क्विंटन डिकॉक और राहमानुल्लाह गुरबाज को मिला है।

टीम रन बनाने के लिए रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी पर काफी अधिक निर्भर है। मध्यक्रम में वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह अधिक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। टीम की गेंदबाजी भी चिंता का विषय है। केकेआर के गेंदबाजों को सलामी जोड़ियों को तोड़ने में दिक्कत हो रही है जिससे विरोधी टीमें उसके खिलाफ बड़ा स्कोर खड़ा कर रही हैं। पिछले मैच में पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाजों ने 120 रन जोड़े। केकेआर की टीम डेथ ओवरों में बेहतर गेंदबाजी करने में सफल रही लेकिन दिल्ली के खिलाफ रन गति में अंकुश लगाने के लिए नारायण, चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा को सामूहिक प्रयास करना होगा।

पहलगाम हमले में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

पर्यटकों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण बनाने में सहयोग करने की तत्काल आवश्यकता

जम्मू। जम्मू कश्मीर विधानसभा ने पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सोमवार को कुछ पल का मौन रखा। विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठेर ने सरकार से क्षेत्र में पर्यटकों और गैर-स्थानीय लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

जैसे ही सदन का विशेष सत्र शुरू हुआ राठेर ने पहलगाम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए निर्दोष पर्यटकों की आतंकी हमले में हत्या किए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि हम मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं और उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। बाद में, अध्यक्ष ने इस बर्बर हमले पर गहरा शोक और दुःख व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इस मुद्दे पर राठेर ने सदन के सभी सदस्यों द्वारा पर्यटकों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण बनाने में सहयोग करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी से उन परिवारों के सम्मान में एकजुट होने का आह्वान किया जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है तथा साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि उनका बलिदान व्यर्थ न जाए। राठेर ने कहा कि मैं इस सम्मानित सदन के सभी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे खड़े होकर पीड़ितों के सम्मान में कुछ क्षण का मौन रखें तथा प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता दिखाएं। अध्यक्ष ने कहा कि पर्यटक कश्मीर में अपनी छुट्टियां मनाने आए थे, लेकिन उन्हें आतंकवाद की बर्बरतापूर्ण घटनाओं का सामना करना पड़ा, जिस कारण 26 लोगों की दुखद मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की यह जघन्य घटना हमारे समुदाय के लिए शर्म की बात है। अध्यक्ष ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की तथा पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राठेर ने कहा कि हम सरकार से क्षेत्र के बाहर से आने वाले पर्यटकों, निवासियों और छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह करते हैं। सभी सदस्यों को इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोग करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने सरकार की ओर से एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पर्यटकों पर हुए बर्बर और अमानवीय हमले को लेकर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया गया। प्रस्ताव के सर्वसम्मति से पारित होने के बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम के ऊपरी इलाके में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर पर्यटन स्थल बैसरन में निर्दोष पर्यटकों पर गोलीबारी की जिसमें 26 लोग मारे गए। मृतकों में ज्यादातर दूसरे राज्यों से आए पर्यटक थे।

बुजुर्गों के लिए प्रधानमंत्री वय वंदना योजना का दुनिया में मॉडल के रूप में उदाहरण दिया जायेगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को दिल्ली में बुजुर्गों के लिए प्रधानमंत्री वय वंदना स्वास्थ्य सेवा योजना की शुरुआत के अवसर पर कहा कि दुनिया में इसका एक मॉडल के रूप में उदाहरण दिया जाएगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ, पुरी ने लाभार्थियों के बीच वय वंदना कार्ड वितरित किए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को रोके रखने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नीत पिछली सरकार की आलोचना की। पुरी ने कहा कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए वय वंदना स्वास्थ्य सेवा योजना की जो अहमियत है, उसके लिए यह योजना इतिहास की किताबों में स्वर्ण अक्षरों में जगह बनाएगी। उन्नत, औद्योगिक लोकतंत्रों की स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की समस्याओं का हवाला देते हुए पुरी ने कहा कि ये बीमा प्रीमियम भुगतान की आवश्यकताओं, अस्पतालों की सीमित संख्या और बुजुर्गों के लिए देरी से मिलने वाले परामर्श जैसी समस्याओं से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में वय वंदना योजना का दुनिया में एक मॉडल के रूप में उदाहरण दिया जाएगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों के लिए 47 निजी और 10 सरकारी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की खासियत यह है कि यह पूरी तरह से कैशलेस है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आतिशी मोहल्ला क्लीनिक के बारे में बहुत बात करते थे, जिन पर गंभीर आरोप लगे थे। उन्होंने दावा किया, जांच में पता चला कि वहां 65,000 फर्जी परीक्षण किए गए और दवाओं पर निर्माण और उपयोग की तारीख ही नहीं थी। करीब 26,000 परीक्षण रिपोर्ट में एक ही पंजीकरण संख्या थी। मोहल्ला क्लीनिक के बारे में ज्यादा बात न करना ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि आप ने अपने गठन से पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया था, लेकिन अपनी सरकार के प्रदर्शन पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा में पेश नहीं किया।

संक्षेप

शराब पीने से रोकने पर पुलिसकर्मी की पिटाई

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के परिसर में खड़ी एक कार में बैठे युवकों ने शराब पीने से रोकने की कोशिश करने वाले जीआरपी के एक जवान की पिटाई कर दी। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 26 और 27 अप्रैल की दरमियानी रात को हुई इस घटना के बाद पुलिस ने जितेंद्र यादव नामक एक व्यक्ति से पूछताछ की और उसे नोटिस देने के बाद छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि घटना के सिलसिले में दो अन्य लोगों की तलाश जारी है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन अपने विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे, आधुनिक सुविधाओं और डिजाइन के लिए जाना जाता है। अधिकारी के मुताबिक, विवाद तब शुरू हुआ, जब राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवान नजर दौलत खान ने रेलवे स्टेशन के परिसर में खड़ी एक कार में बैठे युवकों के शराब पीने पर आपत्ति जताई। अधिकारी ने कहा, दोनों पक्षों में बहस जल्द ही हाथापाई में बदल गई। कार में सवार एक युवक ने खान की पिटाई कर दी और उसकी वर्दी फाड़ दी। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। इसमें युवक सरकारी वाहन के अंदर खान की पिटाई करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में खान को पिटाई के बाद फटी हुई वर्दी में मौके से जाते हुए देखा जा सकता है।

सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देना सबकी जिम्मेदारीः जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देना सिर्फ कुछ विभागों का काम नहीं है बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मंत्रालय द्वारा आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि हिंदी के इस्तेमाल को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन सभी हितधारकों की ओर से निरंतर प्रयास अभी भी जरूरी हैं। मंत्री ने हिंदी को बढ़ावा देने में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों जैसे कुछ क्षेत्रों में योग्य शिक्षकों की कमी और प्रशासनिक बाधाओं पर भी बात की। उन्होंने हितधारकों को औपचारिक बैठकों से आगे बढ़कर नियमित संचार व व्यावहारिक पहल के माध्यम से सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री ने कहा कि केवल वास्तविक, दिन-प्रतिदिन की प्रतिबद्धता के माध्यम से ही हम शासन के सभी क्षेत्रों में हिंदी को मुख्यधारा में ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत की नयी पीढ़ी, राजनीतिक आख्यानों से परे, हिंदी सीखने के लिए तेजी से उत्सुक हो रही है।

रक्षामंत्री बतायेंगे पीएम मोदी को घाटी के हालात



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जम्मू कश्मीर के सुरक्षा हालात से अवगत कराने वाले हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में होगी जब भारत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में शामिल लोगों को सजा देने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इन हमलों में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने इस भयावह हमले की सीमापार कड़ियों का हवाला देते हुए कहा है कि हमलों में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। हालांकि, राजनाथ सिंह की प्रधानमंत्री से मुलाकात के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक वक्तव्य नहीं आया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुनः आश्वासन देते हुए रविवार को कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा। मोदी ने अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में कहा कि हमले की तस्वीरें देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है।

कांग्रेस नेताओं की संवेदनहीन टिप्पणियों पर खरगे और राहुल को भाजपा ने घेरा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस के कई नेताओं की विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर सोमवार को मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या राष्ट्रीय एकता का उनका आह्वान महज एक औपचारिकता थी।

कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पाकिस्तान के साथ युद्ध की आवश्यकता और आतंकवादियों द्वारा गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाये जाने संबंधी पीड़ितों के बयान पर सवाल उठाये थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के उस बयान को लेकर आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा है कि वह शुभम द्विवेदी के शोक संतप्त परिजन से मिलने नहीं जाएंगे, क्योंकि उनसे उनका कोई नाता नहीं है। द्विवेदी उन 26 लोगों में शामिल हैं, जो 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए थे। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। हालांकि, सपा प्रमुख ने कहा कि वह अपने पार्टी सदस्यों को कानपुर में रह रहे द्विवेदी के परिजन से मिलने के लिए कहेंगे। साथ ही, आरोप लगाया कि भाजपा शोक संतप्त लोगों को ऐसे मौकों पर कभी-कभी दुर्व्यवहार करने के लिए उकसाती है। प्रसाद ने कहा यह संवदेनहीनता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेस नेताओं ने तो द्विवेदी की पत्नी सहित पहलगाम हमले के पीड़ितों के इन बयानों पर भी सवाल उठाया कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर गोली मारी थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधने के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, महाराष्ट्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार, कर्नाटक के मंत्री आर बी तिम्मापुर तथा राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाद्रा सहित पार्टी के कई नेताओं के नाम लिये। क्या राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे का अपनी पार्टी पर कोई नियंत्रण नहीं है?

न्यूयॉर्क में पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के बाहर पहलगाम आतंकी हमलों के विरोध में प्रदर्शन

न्यूयॉर्क। पहलगाम आतंकवादी हमलों के विरोध में भारतीय प्रवासी यहां पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास और टाइम्स स्क्वायर के बाहर एकत्र हुए।

प्रदर्शनकारी भारतीय तिरंगा लहरा रहे थे और बैनर थामे हुए थे जिन पर लिखा था इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करो - पहलगाम हिंदू नरसंहार। उन्हों ने एक लंबा बैनर भी पकड़ रखा था, जिस पर आतंकवादी हमले के 26 पीड़ितों की तस्वीरें थीं, जिस पर लिखा था सीएनएन, एनबीसी, एनवाईटी, डब्ल्यूएपीओ, यूएन - कृपया उनके नाम साझा करें, उनके चेहरे दिखाएं। इसके साथ ही बैनर पर हिंदू जीवन मायने रखता है, आतंकवाद को अभी समाप्त करें, इस्लामिक आतंकवाद - आज ही समाप्त करें, बस बहुत हो गया जैसी पंक्तियां भी लिखी थीं। ये विरोध प्रदर्शन 27 अप्रैल को आयोजित किए गए थे और न्यूयॉर्क में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर जिहादी आतंकवाद के खिलाफ एक अंतर-धार्मिक जुलूस भी निकाला गया था। इस दौरान प्रवासी समुदायों के सदस्यों ने भारतीय और इजराइली झंडे लहराए थे, संयुक्त रूप से आतंकवाद की निंदा की थी और दुनिया से सामूहिक रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत संदेश भेजने का आह्वान किया था। एक हिन्दू पुजारी ने हमले के पीड़ितों के लिए शांति की प्रार्थना की तथा समुदाय के सदस्यों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा। एक्स पर एक पोस्ट में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें साझा कीं और कहा टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में संवेदना और विरोध। पोस्ट में कहा गया, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त करने और आलोचना के लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य तथा भारत के मित्र टाइम्स स्क्वायर पर एकत्र हुए। सभा में पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। एक अन्य पोस्ट में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि क्वींस, न्यूयॉर्क में दाऊदी बोहरा समुदाय ने जम्मू- कश्मीर में दुखद पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता में एक प्रार्थना सभा आयोजित की।

इंटरटेनमेंट...

ठग सुकेश चंद्रशेखर के जीवन पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री

मुंबई। जैकलीन फर्नांडिस और महाठग सुकेश चंद्रशेखर के कथित रिश्ते को लेकर अक्सर सुर्खियां बनती रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो जल्द ही दोनों के रिश्ते पर एक वेब सीरीज बनाए जाने की तैयारी है। यह एक लिमिटेड एपिसोड वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज होगी। बताया जा रहा है कि मेकर्स ने जैकलीन से संपर्क किया कि वह अपना पक्ष रखें, ताकि असली घटनाओं को सामने लाया जा सके और सच दर्शकों तक पहुंच सके। 'मिड-डे' की रिपोर्ट के मुताबिक, एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म मूल रूप से सुकेश चंद्रशेखर पर यह डॉक्यू-सीरीज बना रहा है। सीरीज में महाठग के कथित लॉटरी घोटाले से लेकर लग्जरी गिफ्ट, जबरन वसूली जैसे तमाम आरोपों का सच तलाशने की कोशिश की जाएगी। इसी के चलते मेकर्स ने जैकलीन से भी संपर्क किया गया है।

क्या खुलकर सामने आएगी दोनों के रिश्ते की सच्चाई?

सूत्र ने कहा है, 'वह एकमात्र स्टार हैं जो असल में क्या हुआ, इसके बारे में सीधे तौर पर बात कर सकती हैं। उनकी बताई गई सच्चाई इस कहानी को बना या बिगाड़ सकती है।' हालांकि, कहा यह भी गया है कि जैकलीन ने इस ऑफर के बारे में सोचने के लिए समय मांगा है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि एक साल तक रिसर्च करने के बाद मेकर्स 2026 के बीच में इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। पूरे प्री-प्रोडक्शन पर कानूनी टीमों की निगरानी है, क्योंकि इससे जुड़े 'जटिल अनुमोदन' और 'चल रहे अदालती मामलों' को ध्यान में रखना आवश्यक है। 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर बीते कई सालों से जेल में बंद है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के दौरान सामने आया था कि एक समय में जैकलीन, सुकेश के साथ रिलेशनशिप में रह चुकी हैं।

रवीना टंडन, फराह और भारती को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से राहत

मुंबई। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक्ट्रेस रवीना टंडन, फिल्म प्रोड्यूसर फराह खान और कॉमेडियन भारती सिंह को जारी किए गए पुलिस नोटिस पर 14 जुलाई तक रोक लगा दी है। यह मामला पहले से ही अदालत में अंतिम चरण में विचाराधीन है।

इस बीच तीनों आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) की धारा 35 के तहत नोटिस जारी किए गए, जिनमें उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा गया। हालांकि, 25 अप्रैल को अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अगली सुनवाई तक पुलिस या किसी भी जांच एजेंसी द्वारा आरोपियों को जांच में शामिल होने के लिए न तो कोई नया नोटिस जारी किया जाएगा और न ही कोई अन्य कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, साल 2019 में फराह खान ने 'बैकबेंचर्स' शो को होस्ट किया था।

यह शो सेलिब्रिटीज के लिए जनरल टेस्ट पर आधारित था। इसमें गेस्ट के तौर पर रवीना टंडन और भारती सिंह शामिल हुई थीं। इसी दौरान फराह खान ने 'हालेलुयाह' शब्द का मतलब बताने और समझाने के लिए कहा था। हालांकि, भारती सिंह ने 'हालेलुयाह' शब्द की गलत स्पेलिंग बताई थी और इसके बाद इसका मतलब समझाते हुए उन्होंने अपना कॉमिक टच भी जोड़ा था। इसी के चलते क्रिश्चियन समुदाय में इस पर रोष फैल गया था। क्रिश्चियन फ्रंट के अध्यक्ष सोनू जफर ने अमृतसर के अजनाला पुलिस थाने में फराह खान, रवीना टंडन और भारती सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

रणवीर अलाहबादिया को लौटाया जायेंगा पासपोर्ट



मुंबई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें पासपोर्ट लौटाने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस शर्त में तब छूट दी, जब उन्हें बताया गया कि असम और महाराष्ट्र में उनके खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है। बेंच ने अलाहबादिया को अपने पासपोर्ट वापस लेने के लिए महाराष्ट्र साइबर पुलिस ब्यूरो से संपर्क करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अलाहबादिया की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिनव चंद्रचूड़ से कहा कि वह उनके क्लाइंट के खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने और एक जगह सुनवाई करने की रिक्वेस्ट पर अगली सुनवाई में विचार करेगी। विवादित टिप्पणी करने पर रणवीर अलाहबादिया के खिलाफ देशभर के अलग-अलग शहरों में कई शिकायतें दर्ज हुई थीं।

हानिया आमिर ने विवादों के बीच बादशाह का गाना किया प्रमोट

मुंबई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सभी पाकिस्तानी कलाकारों पर पूरी तरह बैन लगा दिया गया है। हाल ही में एफडब्ल्यूआईसीई (फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज) ने ऐलान किया है कि अगर कोई भारतीय नागरिक उनके साथ काम करता है, तो उस पर देशद्रोह का केस दर्ज किया जाएगा।

इसी बीच खबरें हैं कि पॉपुलर पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को भी इंडियन फिल्म सरदार 3 से निकाल दिया गया है। हालांकि इसके बावजूद हानिया आमिर इंडियन सिंगर बादशाह का गाना प्रमोट करती नजर आई हैं। हानिया आमिर इसलिए भी चर्चा में आ गई हैं क्योंकि उनके सोशल मीडिया अकाउंट से लगातार सिंधू जल समझौता रद्द होने के बाद जल संकट पर अजीबो-गरीब पोस्ट शेयर की जा रही हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जहां पाकिस्तानी कलाकरों का भारत में विरोध हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ हानिया आमिर, बादशाह का गाना प्रमोट करती दिखी हैं। दरअसल, बादशाह ने हाल ही में अपकमिंग सॉन्ग गलियों का गालिब अनाउंस किया है। उन्होंने गाने का टीजर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसके बाद हानिया आमिर ने भी बादशाह का गाना अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर पोस्ट कर लिखा है, बनाया तूने गालिब, फाइनली। पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर दिलजीत दोसांझ और सोनम बाजवा स्टारर इंडियन पंजाबी फिल्म सरदार 3 से इंडियन सिनेमा में डेब्यू करने वाली थीं। एक महीने पहले ही उन्होंने वङ में फिल्म की शूटिंग पूरी की थी। लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब सरदार 3 की जमकर आलोचना की जा रही है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com